
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -284 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





मप्र की भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित मगर नियुक्तियां नहीं : दिग्विजय 03
■ 24 से 26 जनवरी तक नोएडा में मनेगा...
■ अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर 04
■ ईरानी हवाई हमले के बाद पाकिस्तान ने तेहरान से...
■ तीन जापानी कंपनियों ने लाल सागर के ... 07
'दो और दो प्यार' के लिए साथ आ रहे हैं विद्या... 10

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना

# नगा संधि के वादे पर प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं किया

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नगालैंड में स्थानीय लोगों से की मुलाकात

**कोहिमा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस समय नगालैंड में है। राहुल गांधी ने चौथे दिन सुबह 9 बजे नगालैंड के वीकेटाउन, झुनहाबोटो से यात्रा की शुरुआत की। मोकोकचुंग में उन्होंने लोगों से कहा, 'मैं शर्मिंदा हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने 9 साल पहले नगालैंड

भारत जोड़ो न्याय यात्रा



के लोगों से नगा संधि को लेकर एक वादा किया था, लेकिन इसे लेकर कुछ नहीं किया। अगर आपके पास किसी चीज का हल नहीं है, तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए।' मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के राज्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है। राहुल ने कहा, 'मैंने नगालैंड के गांव के लोगों के साथ चाय पी। एक बच्ची ने मुझसे पूछा कि इस यात्रा के पीछे मकसद क्या है? तो मैंने उसे बताया कि इस यात्रा का मकसद है उसकी बात सुनना है।

**मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के राज्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है : राहुल गांधी**

### भाजपा की राजनीति ने मणिपुर को जला दिया

कांग्रेस नेता ने कहा कि मणिपुर में हिंसा जारी है और आज भी एक युवक को इस हिंसा का शिकार होना पड़ा है लेकिन यह शर्म की बात है कि कई महीनो से जारी हिंसा के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक मणिपुर का रुख नहीं किया है। भाजपा और आरएसएस की राजनीति ने मणिपुर को पूरी तरह से विभाजित कर दिया है।

### आज असम में प्रवेश करेगी यात्रा

न्याय यात्रा शाम 4.30 बजे को मेरांगकोंग पहुंची। यहां राहुल गांधी ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इसके बाद यात्र तुली पहुंची। यहां रात्रि विश्राम होगा। यात्रा गुरुवार को असम में प्रवेश करेगी।

## गिरिधर गमांग फिर से कांग्रेस में शामिल

■ नौ बार कोरापुट लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे गमांग
■ ओडिशा के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं 80 वर्षीय आदिवासी नेता

**नई दिल्ली।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं 80 वर्षीय आदिवासी नेता गिरिधर गमांग बुधवार को पुन: कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन और पार्टी के ओडिशा प्रभारी अजोय कुमार की मौजूदगी में यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में श्री गमांग के साथ तीन अन्य नेता कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले इन नेताओं में श्री गमांग के पुत्र शिशिर गमांग, पूर्व सांसद हेमा गमांग और श्री संजय भोई भी शामिल हैं। गौरतलब है कि वर्ष 1999 में लोकसभा में मतविभाजन के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के एक वोट से गिरने में श्री गमांग का हाथ था, लेकिन श्री गमांग वर्ष 2015 में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे।

# मणिपुर में फिर हिंसा, तीन की मौत

■ मोरेह में सुरक्षाबलों पर किया हमला
■ उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके

**इंफाल,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में फिर हिंसा की वारदात सामने आई है। मोरेह इलाके में बुधवार की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें दो जवानों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुकी समुदाय की महिला की जान चली गई। हमलावर कुकी समुदाय के ही जा रहे हैं। हमले में 3 जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों की एक चौकी पर



बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

## राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी

मोरह में लगातार जारी हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। कमिश्नर होम टी रंजीत सिंह ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं। किसी भी वक्त मेडिकल इमरजेंसी बढ़ सकती है। इसलिए हेलिकॉप्टर दिए जाएं। पुलिस के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में मोरेह के एसडीपीओ रहे आनंद सिंह चौधरी की हत्या कर दी गई थी। 15 जनवरी को इस मामले में दो संदिग्ध फिलिप खोंगसाई और हेमोखोलाल मटे को गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी का स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं।

# चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले जारी होगा कांग्रेस घोषणा पत्र

■ मतदाताओं से जुड़ने के लिए कांग्रेस ने किया फैसला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए पूरी तरह कमर कस ली है। एक तरफ राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोड़ो न्याय यात्रा चल रही है तो दूसरी और चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहली ही पार्टी चुनाव घोषणा पत्र भी जारी करने की तैयारी में है। मालूम हो कि हाल ही में हुए पांच राज्यो के चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन और भाजपा की बड़ी बढ़त के बाद कांग्रेस पार्टी की चिंता बढ़ गई है। लिहाजा आम जनता में अपनी पैठ बनाने के लिए पार्टी में हर रोज मंथन हो रहा है। नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए पार्टी संघर्षरत है। इसी कड़ी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ ही पार्टी ने तय किया है कि आम चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले ही वह अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी कर देगी। बुधवार को पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने इसकी जानकारी संवाददाताओ को दी। उन्होंने कहाकि कांग्रेस पार्टी घोषणा पत्र तैयार करने से पहले यह जानना चाहती है कि आम जनता किन मुद्दों को इसमें शामिल कराना चाहती है। इस बारे में पार्टी ने एक



वेबसाइट आवाज भारत की भी तैयार की है। घोषणा पत्र बनाने के लिए पहले ही समिति का गठन कर दिया है।


## सार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां के जंगल में हुई मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी नक्सली रतन कश्यप को मार गिराया गया। वह मिलेशिया प्लाटून का डिप्टी कमांडर था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार के जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण उड़ानें प्रभावित



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह घना कोहरा छाए रहने के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय की लगभग 120 उड़ानों में देरी हुई। इस बीच, घने कोहरे के कारण दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनें भी देरी से चल रही हैं या रद्द कर दी गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 10 तमिल मछुआरों को किया गिरफ्तार



**चेन्नई।** तमिलनाडु के नागापट्टिनम और मायलादुथुराई के दस मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के लिए सोमवार को प्वाइंट कैलीमेरी (कोडियाकराई) में श्रीलंकाई नौसेना के एक इंटरसेप्टर जहाज द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# जाट समाज ने आरक्षण की मांग को लेकर शुरू किया महापड़ाव

■ ट्रेनें रोकने और हाईवे जाम करने की चेतावनी
■ सरकार को 22 तक की दी चेतावनी

**भरतपुर,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में एक बार फिर आरक्षण को लेकर आंदोलन शुरू हो गया है। भरतपुर-धौलपुर के जाटों को केंद्र में आरक्षण की मांग को लेकर जाट समाज ने बुधवार से भरतपुर के जयचौली रेलवे स्टेशन के पास महापड़ाव डाल दिया है। सरकार को 22 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर मांग पूरी नहीं हुई तो पटरियां उखाड़ने, ट्रेनें रोकने और हाईवे जाम करने की चेतावनी दी है।

भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति ने कहा कि 7 जनवरी को डीग के जनूथर में हुंकार सभा में केंद्र सरकार को



10 दिन का समय दिया गया था। सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। बुधवार से दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक के पास जयचौली में महापड़ाव डाला गया है। दूसरा महापड़ाव बेडम गांव भरतपुर और तीसरा रारह भरतपुर में होगा।

22 जनवरी तक हम गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेंगे। अगर सरकार ने मांग पूरी नहीं की तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा- साल 2017 का आंदोलन सरकार देख चुकी है। हमने सरकार को पूरा मौका दिया है कि वो भरतपुर-धौलपुर के युवाओं के बारे में सोचे और फिर निर्णय ले।

### महापड़ाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात

महापड़ाव को देखते हुए यहां पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। रेलवे ट्रैक पर भी पुलिसकर्मी मौजूद है। यहां से जयचौली का रेलवे स्टेशन 5 सौ मीटर की दूरी पर है। गांव में जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के तहत यहां 6 आरएसी की कंपनी, संबंधित थाने समेत 180 पुलिसकमी मौजूद है।

# रामलला की मूर्ति मंदिर परिसर में पहुंची

■ राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया
■ मुख्य यचमान अनिल मिश्र मौजूद रहे

**अयोध्या,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रामलला की चांदी की मूर्ति को राममंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया है।

पहले रामलला की अचल मूर्ति को जन्मभूमि परिसर में भ्रमण कराने की योजना थी। सुरक्षा कारणों और मूर्ति का वजन अधिक होने की वजह से परिसर भ्रमण की रस्म रामलला की छोटी रजत प्रतिमा को लेकर पूरी कराई गई। इसी के साथ गर्भगृह में श्री रामयंत्र की स्थापना हुई। इस मौके पर मुख्य यचमान अनिल मिश्र मौजूद रहे। 10 किलो वजनी चांदी से बनी रामलला की प्रतिमा को मुख्य यजमान डॉ



अनिल मिश्रा ने पालकी पर विराजमान कर मंदिर के अंदर व मंदिर के चारों तरफ भ्रमण कराया। मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोंच्चारों से गूंजता रहा। आचार्यों व मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों व सुरक्षा कर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। विहिप के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र व मुख्य यजमान डॉ अनिल मिश्र ने रामलला की रजत प्रतिमा का पूजन किया।निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने गर्भगृह में सिंहासन की पूजा की।

## 6 जिलों से शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

योगी सरकार राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इसे शुरू किया जाएगा।

## शरद पवार प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होंगे

**पुणे (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होंगे। समारोह के लिए निमंत्रण प्राप्त करने वाले 83 वर्षीय पवार ने इस मुद्दे पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को एक संक्षिप्त पत्र लिखा है, जिसमें दर्शन के लिए बाद की तारीख में जाने का वादा किया गया है।

महाराष्ट्र अयोग्यता विवाद

# नार्वेकर के फैसले के खिलाफ याचिका पर 22 को सुनवाई

■ सर्वोच्च अदालत ने शीघ्र सुनवाई की लगाई थी गुहार
■ सिब्बल ने यूबीटी गुट का पक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान रखा

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेशों को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) की याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बुधवार को वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में वह सोमवार को सुनवाई करेगी।



शीर्ष अदालत के समक्ष श्री सिब्बल ने यूबीटी गुट का पक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान रखा। याचिकाकर्ता यूबीटी गुट के सुनील प्रभु ने विधानसभा अध्यक्ष के 10 जनवरी के फैसले के खिलाफ 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर की। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि निर्णयों की पूर्ण विकृति इस तथ्य से स्पष्ट है कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेते समय अध्यक्ष ने मुख्य निर्विवाद घटना यानी 30 जून 2022 को शपथ ग्रहण पर भी विचार नहीं किया है, जिसने निर्णायक रूप से स्थापित किया कि उनके सभी कार्य (21 जून 2022) का उद्देश्य महाराष्ट्र में अपने ही राजनीतिक दल के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार को गिराना था। याचिका में कहा गया, अयोग्यता का इससे स्पष्ट मामला नहीं हो सकता था। शिंदे ने राज्यपाल से मुलाकात की और 30 जून 2022 को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

# सेंसेक्स 1628 अंक गिरा, निवेशकों को बड़ा नुकसान

■ 71,500 पर बंद हुआ, निफ्टी भी 460 अंक टूटा
■ एचडीएफसी बैंक के शेयर 8 फीसदी से ज्यादा टूटे

**मुंबई,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। शेयर बाजार में बुधवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 1628 अंक गिरकर 71,500 के स्तर पर बंद



हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 460 अंक की गिरावट रही। यह 21,571 के लेवल पर बंद हुआ। बुधवार के कारोबार में ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। तिमाही नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक के शेयर 8 फीसदी से ज्यादा टूटे हैं। कोटक बैंक भी करीब 4 फीसदी नीचे बंद हुआ। वहीं टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही।

बाजार में इस गिरावट के बाद बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 375 लाख करोड़ रुपए से घटकर 370 लाख करोड़ रुपए पर आ गया।

# सांसदी के बाद महुआ से छिनेगा सरकारी बंगला

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में सांसदी गंवाने वाली महुआ को अब सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस मिला है। नोटिस में सख्त लहजे में टीएमसी नेता महुआ से कहा गया है कि वह तुरंत उस बंगले को खाली करें, जिसे उन्हें एक लोकसभा सांसद के तौर पर अलॉट किया गया था। महुआ वर्तमान में इसी सरकारी बंगले में रह रही हैं। टीएमसी नेता को संपदा निदेशालय की तरफ से नोटिस जारी किया गया है।



**संपदा निदेशालय ने थमाया नोटिस**

गणतंत्र दिवस | झांकी में नाविकों को विभिन्न अभियानों की मुद्रा में दिखवाया

# नौसेना की झांकी में दिखेगी नारी शक्ति व आत्मनिर्भरता की झलक

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। नौसेना की गणतंत्र दिवस की झांकी में इस बार नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता की झलक दिखाई देगी। नौसेना के वाइस एडमिरल (कार्मिक सेवा नियंत्रक) गुरचरण सिंह ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस परेड पर नौसेना की झांकी नारी शक्ति और आत्मनिर्भरता पर केन्द्रीत है।

झांकी के सामने की ओर नौसेना की महिला अधिकारी और नाविकों को विभिन्न अभियानों की मुद्रा में दिखाया गया है। साथ ही झांकी में स्वदेशी विमानवाहक पोत आई एनएस विक्रांत को भी उसकी पूरी संचालन प्रणाली के रूप में दिखाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विमानवाहक पोत पर लड़ाकू विमान तथा हेलीकॉप्टर तैनात हैं। झांकी में कुछ स्वदेशी युद्धपोत और पनडुब्बी भी दिखाई देंगी। नौसेना के राजपथ पर परेड करने वाले मार्चिंग दस्ते में 144



■ नौसेना के मार्चिंग दस्ते में आधी महिला सैनिक होंगी

सैनिक होंगे जिनमें आधी महिला सैनिक होंगी। वाइस एडमिरल सिंह ने कहा कि महिलाओं को नौसेना की हर शाखा में भर्ती किया जा रहा है। अब महिला अग्निवीरों को बैंड तथा खेल कोटे के तहत भी भर्ती किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी नौसेना में कुल 7687 अग्निवीरों में से 1119 महिला अग्निवीर हैं। इसके अलावा नौसेना में 650 से अधिक महिला अधिकारी भी हैं।

## समुद्री हितों पर है पूरा ध्यान

अदन की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की बढ़ती घटनाओं के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नौसेना देश के समुद्री हितों तथा समुद्र के रास्ते व्यापार को सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। अदन की खाड़ी और सोमालिया में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं को देखते हुए अभी भारतीय नौसेना के हिन्द महासागर में 10 से 12 युद्धपोत तैनात हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या और भी बढ़ाई जा सकती है।

# देश

**उवाच**

"झारखंड में ईडी जिस तरह राजनीति कार्यकर्ता की तरह कार्रवाई कर रही है, उससे जनता का आक्रोश बढ़ रहा है। लोगों का यह आक्रोश वीभत्स रूप ले सकता है।

–सुप्रियो भट्टाचार्य, जेएमएम महासचिव सह प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 15.0 | 05.0 |
| मुंबई | 28.0 | 20.0 |
| कोलकाता | 16.0 | 15.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 22.0 |

# कर्ज से देश का हाल बदहाल : जदयू

**पटना,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर देश को कर्ज में डुबो देने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि कर्ज से देश का हाल बदहाल है लेकिन सरकार के पूंजीपति मित्र मालामाल हो रहे हैं। रंजन ने बुधवार को कहा कि कर्ज लेकर घी पीने की केंद्र सरकार की आदत ने देश की अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में धकेल दिया है। हालात

- केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर देश को कर्ज में डुबो देने का लगाया आरोप
- आज देश का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद के हुआ बराबर

ऐसे हो गए हैं कि आज देश का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बराबर हो गया है। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी इस विषय पर सरकार को बार-बार आगाह कर ढ़ रही है लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

**आज देश में पैदा होने वाले बच्चे पर भी एक करोड़ से अधिक कर्जा**

जदयू महासचिव ने कहा कि देश के माथे पर लदी कर्ज की गठरी इतनी भारी हो गई है कि नरेंद्र मोदी



केंद्र के पूंजीपति मित्र हो रहे मालामाल : राजीव रंजन

देश के इतिहास में सबसे अधिक कर्ज लेने वाले प्रधानमंत्री बन चुके हैं। आजादी के बाद से देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने कुल मिलाकर मात्र 55 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया था लेकिन मोदी सरकार ने सिर्फ पिछले 10 सालों में इसे लगभग चार गुणा बढ़ाते हुए 205 लाख करोड़ कर्ज से अधिक कर दिया है। यानी आज देश में पैदा होने वाले बच्चे पर भी एक करोड़ रुपए से अधिक कर्जा है।

जदयू महासचिव ने कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक भारत सरकार का कर्ज देश के बैंकों को एक डूम लूप में धकेल रहा है। डूम लूप यानी किसी देश की सरकार अपने बैंकों से कर्ज लेते-लेते डिफॉल्ट हो जाती है। बैंक भी डूबते हैं और सरकार भी। उन्होंने बताया कि वर्ष 1998 में रूस और 2001-02 में अर्जेंटीना इसी तरह से बरबाद हुए थे। रंजन ने कहा कि देश को कर्ज के मकड़जाल में धकेलने के बाद भी केंद्र अपने पूंजीपति मित्रों का ख्याल रखना नहीं भूल रहा है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई एक जानकारी के जवाब में रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साफ कहा है कि सिर्फ पिछले पांच वर्षों में 10.57 लाख करोड़ के कर्ज माफ किए गए हैं। इसमें सिर्फ 2022-23 में ही 2.09 लाख करोड़ से अधिक का बैड लोन माफ कर दिया गया है। यह दिखाता है कि भाजपा के लिए देश से बढ़कर उसके पूंजीपति मित्रों का हित है।

## वोट के लिए आस्था का दिखवावा कर रही भाजपा : श्रवण कुमार

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अयोध्या में नवनिर्मित भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आज फिर हमला बोला और कहा कि भाजपा केवल वोट के लिए आस्था का दिखावा कर रही है। जदयू के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मंदिर जाने के लिए किसी भी निमंत्रण या नेवता की आवश्यकता हमें नहीं है। प्रतिदिन हम अपने घर में भगवान राम की पूजा करते हैं। कुमार ने कहा कि हमारी आस्था असली है बल्कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ वोट के लिए आस्था का दिखावा करती है। उन्होंने सीट बंटवारे पर कहा कि इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेता इस मामलें को देख रहे हैं। जल्द ही सीट बंटवारे पर अंतिम फैसला हो जाएगा। लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का निमंत्रण मिला है या नहीं इसकी प्रमाणिक जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने कहा कि मंदिर का काम अभी पूरा नहीं हुआ है इसके बावजूद भी उद्घाटन किया जा रहा है। शंकराचार्य ने भी इसको लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। कार्यक्रम में विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी', जदयू के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह एवं लोकप्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

## कश्मीरी पंडितों के वापसी की प्रक्रिया पीछे खिसकी : उमर

**जम्मू,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू में बुधवार को नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा के शासन के दौरान कश्मीर पंडितों की घाटी में वापसी की प्रक्रिया आगे बढ़ने के बजाय पीछे की ओर खिसक गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के पास अपने दस साल के शासन में राम मंदिर के सिवा दिखाने को और कुछ भी नहीं है। उन्होंने आम जनता के हित के लिए कुछ भी ऐसा नहीं किया गया है, जिसे वे जनता में जाकर बता सके। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वे राम मंदिर में



सियासत नहीं करना चाहते है, लेकिन भाजपा ने पूरी कोशिश की है कि मंदिर एक राजनीतिक मुद्दा बने। उमर अब्दुल्ला बुधवार को जम्मू में एक सम्मेलन पहुंचे हुए थे। उनकी पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला भी इस सम्मेलन में शामिल रहे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने ये बातें कही। उमर अब्दुल्ला ने आगामी लोकसभा चुनाव से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश में लोकसभा सीटों पर चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में फिलहाल सीट बंटवारे को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है। इसकी पूरी कोशिश की जाएगी कि छह सीटें इंडिया गठबंधन के हिस्से आएं।

वर्तमान में तीन सीटें इंडिया गठबंधन के पास हैं। बची हुई तीन सीटें जो भाजपा के पास हैं, उन्हें हासिल करने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए उन्हें और फारूक अब्दुल्ला को आमंत्रित किया गया है। जहां मुमकिन हुआ वह इस यात्रा में शामिल होंगे।

## बुद्ध की शिक्षाएं भविष्य के लिए दिशा-निर्देश : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुद्ध की शिक्षाओं को मौजूदा समय में प्रासंगिक करार देते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, आतंकवाद और गरीबी जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए बुद्ध के सिद्धांतों की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने बुधवार को यहां एशियाई बौद्ध शांति सम्मेलन (एबीसीपी) की 12वीं महासभा का उद्घाटन करते हुए कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं अतीत के अवशेष नहीं हैं, बल्कि भविष्य के लिए दिशा-निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध का शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व का संदेश नफरत और आतंक की ताकतों के विरुद्ध है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि नैतिक अनिश्चितता के युग में, बुद्ध की शिक्षाएं सभी के लिए स्थिरता, सरलता, संयम और श्रद्धा का मार्ग प्रदान करती हैं। उनके चार आर्य सत्य और अष्टांगिक पथ आंतरिक शांति, करुणा और अहिंसा की ओर ले जाते हैं। ये मौजूदा संघर्षों का सामना कर रहे व्यक्तियों और राष्ट्रों के लिए एक परिवर्तनकारी दिशा निर्देश हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सेवा आधारित



- उपराष्ट्रपति ने बुद्ध की शिक्षाओं को मौजूदा समय में बताया प्रासंगिक
- एशियाई बौद्ध शांति सम्मेलन की 12वीं महासभा का किया उद्घाटन

शासन के भारत के दृष्टिकोण पर बुद्ध की शिक्षाओं के गहरे प्रभाव पर जोर दिया और कहा कि ये सिद्धांत नागरिक कल्याण, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देने की देश की प्रतिबद्धता में एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध का कालातीत ज्ञान न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि जीवित प्राणियों के लिए भी शांति का एक शक्तिशाली, सामंजस्यपूर्ण, संपूर्ण, निर्बाध मार्ग प्रदान करता है। उपराष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, आतंकवाद और गरीबी जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने में बुद्ध के सिद्धांतों को सार्वभौमिक प्रासंगिकता बताया।

**सार संक्षेप**

### नाबालिग की गुमशुदगी पुलिस के लिए प्राथमिकता

**पटना।** बिहार पुलिस के लिए नाबालिग बच्चे की गुमशुदगी के मामलों की जांच अब सर्वोच्च प्राथमिकता सूची में होंगे। इसके लिए नए गाइडलाइन बनाए गए हैं। दरअसल, पटना उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान नाबालिग बच्चों या बच्चियों के गायब होने के बाद जल्द बरामदगी के लिए डीजीपी को मानक संचालन प्रक्रिया जारी करने के आदेश दिए थे। प्रदेश में अब थानों में गुमशुदगी की शिकायत आते ही पुलिस को त्वरित कार्रवाई करनी होगी। बताया जाता है कि नाबालिग के गायब होने की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना डायल-112 से लेकर सभी पेट्रोलिंग गाड़ियों को भेजी जाएगी। इसके अलावा इसकी सूचना पुलिस के वरीय अधिकारियों को भी देनी होगी।

### मवेशी तस्करी के संदेह में व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या

**गुवाहाटी।** असम के मोरीगांव जिले में बुधवार को मवेशी तस्करी के संदेह में भीड़ ने 25 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जीतू दास के रूप में हुई जो कार्बी आंगलोंग जिले का निवासी था। पुलिस के अनुसार, मोरीगांव के कुमोई गांव इलाके में मवेशियों की तस्करी के संदेह में लोगों ने दास को बांस की लाठियों से पीटा था।

### एमजीआर की जयंती पर लोगों ने किया उन्हें याद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत रत्न व अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम के संस्थापक एम.जी.रामचंद्रन (एमजीआर) को राज्य भर में उनकी 107वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को पुष्पांजलि अर्पित की गई। तमिलनाडु सरकार की ओर से, मंत्री टी.एम.अनबरसन और पी.के.सेकर बाबू और ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन की मेयर आर.प्रिया ने शहर के गुइंडी में डॉ.एमजीआर मेडिकल यूनिवर्सिटी परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और एमजीआर के सजाए गए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व में शामिल हुए नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वें प्रकाश पर्व पर तख्त श्रीहरिमंदिर जी परिसर, पटना साहिब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कुमार ने बुधवार को इस मौके पर तख्त श्रीहरिमंदिर जी, पटना साहिब में मत्था टेका और राज्य के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों से आये जत्थेदारों, श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के सदस्यों द्वारा मुख्यमंत्री को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

## अगरतला ने जीता स्वच्छ शहर का पुरस्कार

**अगरतला,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 पहल के तहत अगरतला को स्वच्छ शहर पुरस्कार से सम्मानित किया है। अगरतला नगर निगम के महापौर दीपक मजूमदार ने कहा कि अगरतला को त्रिपुरा के भीतर एक स्वच्छ शहर (10,00,000 से कम आबादी वाला) के रूप में सम्मानित किया गया है। अगरतला देश में 3763वें स्थान पर है। उप महापौर मनिका दास दत्ता और एएमसी के अतिरिक्त आयुक्त ने 11 जनवरी को दिल्ली में एक समारोह के दौरान यह पुरस्कार प्राप्त किया। घ

मजूमदार ने कहा कि एएमसी अगरतला को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिए मिशन मोड पर काम कर रही है। देश भर के 4,477 शहरी निकायों में से, अगरतला रहने योग्य शहर सूचकांक में 54वें स्थान पर है और शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्यान्वित किए जा रहे कार्यों की मान्यता के लिए उसे सम्मानित किया गया है। अफसोस की बात है कि एएमसी के केवल 49 प्रतिशत निवासी घरों से दैनिक कचरा संग्रहण कार्य की सुविधा की सदस्यता लेते हैं, जबकि 51 प्रतिशत नहीं करते हैं। इससे जमा हुए कचरे को साफ करना और उन्हें ठोस कचरा संग्रहण केंद्र तक पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। यदि आबादी के शेष हिस्से ने भी ऐसा किया होता, तो अगरतला देश के सबसे स्वच्छ शहरों में से एक होता। इसके अलावा, एएमसी क्षेत्रों में रहने वाली 51 प्रतिशत आबादी नियमित रूप से वार्षिक संपत्ति कर का भुगतान करती है, जबकि शेष आबादी कर का भुगतान नहीं करती हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा ने की बड़ी उपलब्धि हासिल**

# महज दो माह में यात्रा के साथ जुड़े 15 करोड़ से ज्यादा लोग

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी, जिसने दो महीने के भीतर ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ महज दो महीने में ही 15 करोड़ से ज्यादा लोग जुड़ गए हैं। यह यात्रा देश के 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और 9,541 शहरी स्थानों को कवर कर चुकी है। सरकार के मुताबिक, विकसित भारत संकल्प यात्रा ने केवल दो महीनों में ही भारत को वशीभूत कर दिया है, जिसमें 15 करोड़ से अधिक उत्साही प्रतिभागी शामिल हुए हैं।

लोगों की यह विशाल भागीदारी एक उन्नतिशील और समावेशी भारत की दिशा में संगठित मार्ग बनाने के लिए यात्रा की तीव्रता के बारे में बहुत कुछ बताती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सरकारी योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों में अभियान शुरू होने के बाद लोगों की



- प्रधानमंत्री ने 15 नवम्बर 2023 को की थी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत

भागीदारी संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। जहां चौथे सप्ताह के अंत में 13 दिसम्बर, 2023 को यात्रा 2.06 करोड़ लोगों तक पहुंची थी, वहीं पांचवें सप्ताह के अंत में 22 दिसम्बर, 2023 को यह संख्या बढ़कर 5 करोड़ हो गई।

अगले चार हफ्तों में, यात्रा में 10 करोड़ लोग शामिल हुए, जिससे इसने 15 करोड़ प्रतिभागियों का आंकड़ा पार कर लिया। 17 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा डैशबोर्ड में 15.34 करोड़ प्रतिभागियों ने 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और 9,541 शहरी स्थानों को कवर किया है। यात्रा जन भागीदारी की भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गई, इस यात्रा का उद्देश्य शहरों और गांवों में घूमने वाली आईईसी वैन के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाना है।

इन वैनों के माध्यम से, यह समुदायों को सरकारी योजनाओं, टिकाऊ खेती और किफायती स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और वित्तीय स्वतंत्रता के बारे में जानकारी प्रदान करती है। 17 जनवरी 2024 तक स्वास्थ्य शिविरों में 4 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है। माय भारत पर 38 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हैं। सभी के सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए 2 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं। यात्रा ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को कवर किया है। 11 करोड़ से अधिक लोगों ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। इस दौरान एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने आयुष्मान कार्डों के लिए 100 प्रतिशत परिपूर्णता हासिल की है, जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के साथ सशक्त हुए हैं।

## संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। कार्यक्रम में देशभर से हजारों विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

# मप्र की भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित मगर नियुक्तियां नहीं : दिग्विजय

**भोपाल,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कहा है कि विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा के नतीजे घोषित हो चुके हैं, उनके पात्र परीक्षार्थियों की नियुक्ति की जाए। दरअसल, कई परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं।



- कांग्रेस नेता ने मोहन यादव को लिखा पत्र

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में कहा है कि जिन विभागों में भर्ती की परीक्षा आयोजित की जा चुकी है और परिणाम घोषित होने के बाद गंभीर भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के कारण नियुक्तियां नहीं की गई हैं, उन मामलों में हुए भ्रष्टाचार की शीघ्र जांच पूरी करके पात्र युवाओं को शीघ्र नियुक्तियां दी जाए। दोषियों पर कठोर कार्रवाई हो तथा जिन परीक्षाओं के परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं, उनके परिणाम शीघ्र घोषित कर उन्हें नियुक्तियां दी जाए, जिससे युवाओं में व्याप्त भयंकर रोष एवं अवसाद को नियंत्रित किया जा सके।

अपने पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है मध्य प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में ग्रुप एक, दो, चार और पांच के पदों के साथ-साथ पटवारी, वनरक्षक, शिक्षक वर्ग-एक, पुलिस कॉन्स्टेबल तथा कृषि विभाग के अंतर्गत एटीएमए के कुल 37,790 पदों पर भर्ती के लिए मार्च 2023 से अगस्त 2023 तक परीक्षाएं आयोजित की गई थी।

### भारी हताशा का सामना कर रहे बेरोजगार युवक

पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने बेरोजगारी का जिक्र करते हुए लिखा कि जहां मध्य प्रदेश में एक ओर लगातार बढ़ती बेरोजगारी के कारण युवाओं में व्याकुलता है, वहीं, परीक्षाओं के परिणाम नहीं आने और भ्रष्टाचार के कारण नियुक्तियों पर रोक लगा दिये जाने से प्रदेश के बेरोजगार युवक भारी हताशा और अवसाद का सामना कर रहे हैं।



## तेलंगाना की राज्यपाल का एक्स अकाउंट हैक

**हैदराबाद,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन का एक्स अकाउंट बुधवार को अज्ञात लोगों ने हैक कर लिया। हैदराबाद पुलिस ने राजभवन के अधिकारियों की शिकायत पर मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

संबंधित अधिकारी के लॉग इन और अकाउंट को प्रबंधित करने में सक्षम नहीं होने के बाद साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। हैकर्स ने अकाउंट पर कोई पोस्ट नहीं किया लेकिन उस तक एक्सेस सीज कर लिया। पुलिस ने कथित तौर पर हैकिंग के बारे में माइक्रोब्लॉगिंग साइट के प्रबंधन से संपर्क किया है। वे अपराधियों की पहचान करने की भी कोशिश कर रहे है।

# ईडी ने झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना को भेजा पत्र

**रांची,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल के पत्र का जवाब भेजा है। कैबिनेट सचिव ने पत्र के माध्यम से ईडी से जानकारी मांगी थी कि राज्य के सरकारी अधिकारियों को भेजे गए समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करें। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने वंदना डाडेल को भेजे पत्र में कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के किसी भी अधिकारी से जानकारी मांगने और समन जारी करने का कारण पूछने का राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है। ईडी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करता है। इसे जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं है। इससे पूर्व 11 जनवरी को झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र लिख कर जानकारी मांगी थी कि वह राज्य के सरकारी अधिकारियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करे। यह बताये कि संबंधित अफसर के विरुद्ध क्या आरोप हैं, एजेंसी को जांच में उनके विरुद्ध कहां-क्या साक्ष्य मिले हैं तथा किस मामले में उनसे पूछताछ की जानी है। राज्य सरकार पूरी जानकारी मिलने के बाद ही सरकारी अधिकारियों को ईडी के सामने भेजने और नहीं भेजने के बिंदु पर निर्णय लेगी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने अपने पत्र में झारखंड सरकार की हाल में हुई कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय से ईडी को अवगत कराया था। उल्लेखनीय है कि झारखंड में ईडी मनरेगा घोटाला, अवैध खनन घोटाला, शराब घोटाला और जमीन घोटाला की जांच कर रहा है।



मनी लॉन्ड्रिंग मामला

**चिंता** *कश्मीर में मौसम की बेरुखी का दिखने लगा असर*

# चिल्ले कलां में भी बर्फबारी न होने से पर्यटन व्यवसाय ठिठुरा

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 17 जनवरी (देशबन्धु)। मौसम की बेरुखी और बर्फ की नाराजगी के चलते कश्मीर में जो सूखा पड़ा है उसमें टूरिस्टों ने भी अपने यात्रा कार्यक्रमों को कैंसिल कर एक तड़का लगाया है। टूरिज्म व्यवसाय से जुड़े लोगों के बकौल, 70 परसेंट से ज्यादा बुकिंगें कैंसिल हो चुकी हैं क्योंकि बर्फ और बारिश न होने के कारण कश्मीर में सिर्फ धूल के गुब्बार ही उठ** रहे हैं। यह सच है कि 40 दिनों की कठोर सर्दियों की अवधि, चिल्ले कलां के बावजूद कश्मीर में जारी शुष्क मौसम, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के बर्फ-प्रेमी पर्यटकों को कश्मीर से दूर रखने में सफल रहा है। हालत यह है कि श्रीनगर में हाउसबोटों में केवल 30 प्रतिशत बुकिंग के साथ, यह कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र पर सूखे के प्रभाव को उजागर करता है। इसे अब आधिकारिक तौर पर माना गया है कि बड़ी संख्या में



- बड़ी संख्या में विदेशी व घरेलू पर्यटकों ने की अपनी यात्रा रद्द

विदेशी और घरेलू पर्यटकों ने कश्मीर की अपनी यात्रा या तो स्थगित कर दी है या रद्द कर दी है। टूर आपरेटरों और पर्यटन हितधारकों का कहना है कि यह वह समय है जब दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य देशों के पर्यटक आमतौर पर कश्मीर में रहना पसंद करते हैं, लेकिन शुष्क मौसम ने इन योजनाओं को बाधित कर दिया है। हाउस बोट ओनर्स एसोसिएशन (एचबीओए), कश्मीर के अध्यक्ष मंजूर पख्तू कहते थे कि अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मेहमानों द्वारा अधिकांश हाउसबोट बुकिंग या तो रद्द कर दी गई हैं या रोक दी गई हैं। वे बताते थे कि डल और नगीन झीलों में 70 प्रतिशत हाउसबोट वर्तमान में खाली हैं, केवल 30 प्रतिशत ही भरे हुए हैं, जो शीतकालीन पर्यटन के लिए एक ऐतिहासिक कमी है।

मौसम के लंबे समय तक शुष्क रहने, विशेषकर साहसिक पर्यटन पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता प्रकट करते हुए पख्तू कहते थे कि जनवरी में जो पर्यटक आते थे वे सभी साहसिक प्रेमी थे और साहसिक पर्यटन के लिए बर्फ पहली आवश्यकता होती है। मेरा मानना है कि साहसिक पर्यटन खतरे में है क्योंकि बर्फ नहीं है। जानकारी के लिए पिछले साल, जम्मू-कश्मीर में कुल 2.12 करोड़ पर्यटकों में से 55,000 विदेशी पर्यटक आए। इस वर्ष, प्रशासन का लक्ष्य 3 करोड़ पर्यटकों का है, लेकिन शुष्क सर्दी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण खतरा है। डल और नगीन झीलों में जल स्तर पर शुष्क मौसम के प्रभाव के बारे में पयर्टन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना था कि अब तक, कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है, लेकिन अगर सर्दी बर्फ के बिना गुजरती है, तो डल झील को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। नए हाउसबोट निर्माण पर प्रतिबंध के कारण हाउसबोट मालिक पहले से ही चुनौतियों से जूझ रहे हैं, और मुरम्मत प्रक्रिया में तकनीकी मुद्दे शामिल हैं जिन्हें मालिक संबोधित करने में अनिच्छुक हैं। वर्तमान में हाउसबोटों की संख्या 2013 में 1200 से घटकर 750 हो गई है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर : आपका लड़का पागल कैसे हो गया... ?
बाप : वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था...!
डॉक्टर : तो... ?
बाप : लोग बोलते थे थोड़ा खिसको-थोड़ा खिसको, तभी खिसक गया...!!!

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाएंगे केजरीवाल

■ प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण पर मुख्यमंत्री ने दिया ये जवाब

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भगवान रामलला के दर्शन करने जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि मैं अपने परिवार के साथ अयोध्या भगवान राम के दर्शन करने जाऊंगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि हम 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद दिल्ली से अयोध्या के लिए और अधिक ट्रेनें चलाने का प्रयास करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ 22 जनवरी के बाद अयोध्या में भगवान रामलाल के दर्शन करने जाएंगे। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में निमंत्रण के सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि उनका कोई लेटर आया था।



माता-पिता के साथ भगवान रामलला के दर्शन करने जाऊंगा : केजरीवाल


उसके बाद हमने उनको फोन किया, तो उन्होंने बताया कि कोई फाइनल निमंत्रण देने के लिए उनकी टीम आएगी। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि वह तो आए नहीं, लेकिन कोई बात नहीं। लेटर में उन्होंने लिखा कि बहुत ज्यादा वीआईपी आएंगे और इसीलिए सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए एक ही व्यक्ति अलाउड है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपने माता-पिता, धर्म पत्नी और बच्चों के साथ 22 जनवरी (प्राण प्रतिष्ठा समारोह) के बाद दर्शन करने जाऊंगा।

## अब हर माह के पहले मंगलवार को होगा सुंदरकांड का पाठ

आम आदमी पार्टी का कहना है कि भगवान राम सबके अराध्य हैं। रामचरितमानस के सुंदरकांड के पाठ से दिल्ली में रहने वाले लोगों के जीवन में सुख और समृद्धि आएगी। पार्टी का दावा है कि आयोजन एक दिन का नहीं होगा। फैसला किया गया है कि अब से हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ करवाया जाए। पार्टी इसके लिए अलग से संगठन बनाएगी। इसी को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के रोहिणी के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि आप सुंदरकांड के पाठ का आयोजन पहले विधानसभा स्तर पर करेगी। इसके बाद वार्ड स्तर और फिर मंडल स्तर पर भी किया जाएगा। जब यह कार्यक्रम मंडल स्तर पर होने लगेंगे, तब हर महीने दिल्ली के अंदर 2,600 से ज्यादा जगहों पर सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम होने लगेगा। इसके तहत कहीं पर सुंदरकांड होगा तो कहीं पर हनुमान चालीसा का आयोजन किया जाएगा।

# मुस्लिम साथियों के साथ चलाया स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। पूर्व महापौर जय प्रकाश ने मुस्लिम साथियों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। बुधवार को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 108 फुट श्री संकट मोचन धाम करोल बाग स्थिति हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश गिरी, कार्यकर्ता और पुजारियों के साथ मुस्लिम भाईयों ने स्वच्छता अभियान में सहयोग किया जिसमें मो शमी और शाबीर आली मुख्य रूप से भागीदार थे। इस अवसर पर जय प्रकाश ने बताया की 14 जनवरी से मंदिर तीर्थ स्थल और धार्मिक स्थानों की सफाई स्वच्छता अभियान ने एक आंदोलन का रूप ले लिया। जब-जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी नें लोगो से आवाहान किया सब ने मिलकर उसको पूरा किया है। जय प्रकाश ने कहा की मोदी जी का नारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब के लिए प्रयास ये लोगो के दिल मे उतार गया है जिसका उदाहरण आज के सफाई स्वच्छता अभियान में सभी धर्म के लोगों का भाग लेना मंदिर में उपस्थित सभी भक्त जन भी खुश थे।



# गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर अखंड पाठ का किया आयोजन

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। दशमेश पिता साहब श्री गुरू गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर दिल्ली भाजपा के सिख कार्यकर्ताओं ने बुधवार को गुरुद्वारा बाला साहब, गुरुद्वारा मजनू का टीला, गुरुद्वारा सिंह सभा लाजपत नगर, गुरुद्वारा बाबा बुडढा सिंह हरिनगर सहित दिल्ली के 87 गुरुद्वारों में अखंड पाठ एवं लंगर का आयोजन किया। आज आयोजित इस लंगर सेवा श्रृंखला में 66 विधानसभा क्षेत्रों गुरुद्वारों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं का सेवा सत्कार किया।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा आज गुरुद्वारा श्री बाला साहब में आयोजित अखंड पाठ के भोग मे सम्मलित हुए और लंगर वितरण किया। पूर्व विधायक सरदार तरविन्दर सिंह मारवाह उनके साथ सम्मलित हुए। इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की दशमेश गुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की और सिख हिन्दू भाईचारे को मजबूत करते हुऐ खालसा पंथ ने मुगलकाल में हिन्दुओं की रक्षा करने के लियें अथक कार्य किया। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी आज बदरपुर विधानसभा के मोडलबंद स्थित श्री गुरुद्वारा साहब में आयोजित अखंड पाठ एवं लंगर सेवा में सम्मलित हुए। दिल्ली भाजपा के महामंत्री हर्ष मल्होत्रा रोहतास नगर के शाही मुहल्ला गुरूदूरा में आयोजित अखंड पाठ में सम्मलित हुऐ और लंगर सेवा भी की। दिल्ली भाजपा मंत्री सरदार इम्प्रीत सिंह बख्शी गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, कृष्णा मार्किट लाजपत नगर में आयोजित अखंड पाठ में सम्मलित हुऐ और पाठ के पश्चात लंगर सेवा की। सांसद डा. हर्षवर्धन चांदनी चौक जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह एवं पूर्व महापौर सरदार अवतार सिंह ने गुरुद्वारा मजनू का टीला में आयोजित अखंड पाठ के भोग में सम्मलित होकर लंगर सेवा की।



■ गुरुद्वारों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं का सेवा सत्कार किया

## सार संक्षेप

### सहयोग केयर ने शाहदरा की फैक्ट्रियों से 12 बाल मजदूरों को मुक्त करवाया



**नई दिल्ली।** बच्चों को मजदूरी से बचाने वाली संस्था सहयोग केयर ने सीमापुरी के एसडीएम मनोज कुमार की मदद से फैक्ट्रियों में काम कर रहे 12 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। दिल्ली के शाहदरा जिले के मंडोली और सबोली की फैक्ट्रियों में काम कर रहे इन बच्चों की उम्र 9 से 17 वर्ष है। सहयोग केयर के डायरेक्टर शेखर महाजन ने बताया कि आस-पास के राज्यों से लाए गए ये बच्चे इन फैक्ट्रियों में लम्बे समय से काम कर रहे थे। इन बच्चों से 12 घंटों से ज्यादा काम कराया जाता था, जिसके बदले में उन्हें केवल 150-200 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। रेस्क्यू के दौरान मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी सीडीएमओ और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की देख-रेख में सभी बच्चों का मेडिकल टेस्ट करवाया गया। एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि इस तरह के शोषण के कारण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर गहरा असर पड़ता है। सहयोग केयर ने लेबर डिपार्टमेंट और जिला एसडीएम से इन बच्चों के लिए वेतन और मुआवजे की मांग के साथ फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### विद्यार्थियों को बांटे प्रमाण-पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रम्ह प्रकाश आयुर्वेदिक चरक संस्थान में पंचकर्म विभाग के अंतर्गत चल रहे पहले द्विवर्षीय पंचकर्म तकनीशियन कोर्स सत्र 2021 के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. एमबी गौड़ व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमेर सिंह तथा पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.अरुण गुप्ता मौजूद रहे। इस दौरान पंचकर्म तकनीशियन कोर्स सत्र 2021 के सभी छात्र-छात्राओं को उनका प्रमाणपत्र वितरित किया गया। संस्थान के डायरेक्टर प्रिसिंपल प्रोफेसर डॉ.एमबी गौड़ ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी व उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की। पंचकर्म विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरुण गुप्ता ने उन्हें आने वाले समय में इस कोर्स की बढ़ती आवश्यकता की ओर भी इंगित किया। पंचकर्म तकनीशियन के इस प्रकार के द्विवर्षीय कोर्स का आयोजन कराने वाला यह भारत का एकमात्र संस्थान है। सत्र 2021 के सभी छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट सत्र के दौरान ही हो चुका है।

### एमसीडी ने नरेला व सीटी एसपी जोन के 13 कर्मचारियों को किया निर्लंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला और सीटी एसपी जोन में कार्यरत 13 सफाई स्वच्छता कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई नरेला और सीटी एसपी जोन के उपायुक्त द्वारा की गई है। इस संबंध में एक आर्डर जारी किया है। जिसमें नरेला जोन के 11 और सीटी एसपी जोन के सफाई स्वच्छता कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। दरअसल सफाई कर्मचारियों का काफी समय का एरियन बकाया था। एरियर नहीं मिल पाने को लेकर कर्मचारियों ने कोर्ट में केस दर्ज कराया था। इस संबंध में कर्मचारियों का कहना है कि कोर्ट में केस दर्ज कराने को लेकर उपायुक्त ने उन्हें निलंबित कर दिया था। कर्मचारियों के निलंबन को लेकर दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन और अखिल भारतीय मजदूर एकता यूनियन दिल्ली प्रदेश कार्यकारिणी ने नरेला जोन उपायुक्त व सफाई अधीक्षक दोनों का घेराव किया। दिल्ली प्रदेश के प्रभारी देवेंद्र प्रधान का कहना है कि घेराव के बाद नरेला जोन के उपायुक्त और सफाई अधीक्षक ने दोनों ने निलंबित किए गए कर्मचारियों को एक सप्ताह के बाद बहाल करने का आश्वासन दिया है।

### मॉडल प्रीति शर्मा ने भाजपा सांसद मनोज तिवारी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की रहने वाली 25 साल की इंटरनेशनल सुपर मॉडल प्रीति शर्मा ने राजधानी दिल्ली में भाजपा सांसद और भोजपुरी एक्टर मनोज तिवारी से उनके आवास पर फूलों का गुलदस्ता देकर नए साल की शुभकामनाएं दी और मुलाकात की।

# कार्यस्थल पर शहीद हुए सफाई कर्मचारियों को भी मिले एक करोड़ रुपए का मुआवजा



■ दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से की सिफारिश

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। अपनी ड्यूटी पर सेवा करते करते शहीद हुए सफाई कर्मचारियों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि हेतु बुधवार को दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग द्वारा दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सिफारिश की गई है। पत्र के माध्यम से आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि सफाई कर्मचारी जब अपनी ड्यूटी पर कार्य करतें हैं तो सम्बंधित विभागों द्वारा उनकी सुरक्षा सम्बन्धी किसी प्रकार का कोई उपाय नही है लिहाजा ऑन ड्यूटी कर्मचारी किसी वाहन की चपेट में आकर शहीद हो जाते हैं परन्तु सरकार की तरफ से जो एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का प्रावधान है वो राशि उनके परिवार को नही मिली है, अभी वर्ष 2023 में रक्षा बंधन वाले दिन इंद्र नामक सफाई कर्मचारी की मृत्यु हुई, उससे पहले राजकुमार नामक सफाई कर्मचारी की वाहन की चपेट में आने से ऑन ड्यूटी सड़क पर ही भयावह मृत्यु हुई, और भी कई मामले हैं, लिहाज़ा उनके परिवारों को भी एक करोड़ रुपये की राशि तत्काल प्रभाव से दी जानी चाहिए। चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि सफाई कर्मचारी स्वंय गंदा रहकर जनता को गंदगी से निजात दिलाते है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सभी मूलभूत अधिकार मिलने चाहिए। चेयरमैन संजय गहलोत ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के न्यायोचित अधिकारों के दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग सदैव तत्पर है। आयोग के चेयरमैन ने कोरोना काल मे शहीद हुए कर्मचारियों के परिवार जो अभी तक एक करोड़ रुपए की सहायता राशि से वंचित रहे हैं उन परिवारों को भी जल्द से जल्द से एक करोड़ की सम्मानजनक राशि के लिए भी पत्र लिखकर दिल्ली सरकार के मुखिया अरविंद केजरीवाल को अवगत कराया है।



■ नई स्थित रामनगर गुरुद्वारा साहिब पर श्री गुरु गोविंद सिंह की जयंती पर लंगर वितरित करते सिख समुदाए के लोग। फोटो अजय मेहता

## श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में गंगोत्री गोमुख का जल भी हो उपयोग : डॉ. अरोड़ा

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से होने जा रही है। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देश भर से हिंदू श्रद्धालु प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में योगदान देने के लिए अपने अपने-तरीके से प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को इन्द्रप्रस्थ संजीवनी के अध्यक्ष डॉ.संजीव अरोड़ा गंगापुत्र समेत संस्था के अन्य सदस्यों ने श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों को गंगोत्री गोमुख का गंगाजल भेंट किया और आशा व्यक्त की कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यह जल उपयोग में लिया जाएगा। यह जल ट्रस्ट कार्यालय कारसेवक पुरम स्थित भरत कुटीर में ट्रस्ट के सचिव महाराज जितेन्द्रानन्द सरस्वती जी महाराज, अखिल भारतीय सन्त सम्पर्क प्रमुख अशोक तिवारी, महामण्डलेश्वर जनार्दन हरि दास एवं स्वामी श्री राधे राधे बाबा जी को सौंपा गया। इस मौके पर बृजेंद्र कुमार दुबे, संदीप चतुर्वेदी, पंकज यादव, लक्की वर्मा, रत्नेश दुबे आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ.अरोड़ा ने कहा कि इंद्रप्रस्थ संजीवनी के 108 सदस्य गत जून 2023 में हर की पौड़ी का गंगाजल 108 कलश में लाकर मंदिर निर्माण कार्य में समर्पित कर चुके हैं और आज पवित्र गोमुख का जल लेकर अयोध्या पहुचे हैं।




**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से**

**निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | पीएफ शेल्टर 1 से 16 की स्टील संरचना की पेंटिंग, दिल्ली स्टेशन पर सिक लाइन शेड और इलेक्ट्रिक आउट पिट और अग्रभाग पेंटिंग और एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पार करने के लिए दिल्ली यार्ड में पूर्व और पश्चिम में मार्ग की मरम्मत। एडीईएन/एनडीएलएस के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस प्रभारी। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 1,79,99,453.27/- (रूपये एक करोड़ उनहत्तर लाख निन्यानवे हजार चार सौ तिरपन रूपये सत्ताईस पैसे) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 2,40,000/- (दो लाख चालीस हजार रूपये) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.02.2024 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-400-32 |

- ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं:128-W/280/इ-निविदा सूचना/71/2023-24/W-3 दिनांक: 15.01.2024 188/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**महत्वपूर्ण सूचना**

रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 13483/13484 और 13413/13414 मालदा टाउन-दिल्ली-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बठिण्डा तक विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:

**रेलगाड़ी सं. 13483/13484 मालदा टाउन-दिल्ली जं.-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बठिण्डा जं. तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 13484 आगमन | रेलगाड़ी सं. 13484 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 13483 आगमन | रेलगाड़ी सं. 13483 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 06:50 | -- | मालदा टाउन | -- | 19:35 |
| | | कोई परिवर्तन नहीं | | |
| 21:25 | 21:40 | दिल्ली जं. | 04:55 | 05:10 |
| 19:45 | 19:47 | बहादुरगढ़ | 05:54 | 05:56 |
| 19:15 | 19:17 | रोहतक जं. | 06:24 | 06:26 |
| 18:33 | 18:35 | जींद जं. | 07:05 | 07:10 |
| 18:03 | 18:05 | नरवाना जं. | 07:36 | 07:38 |
| 17:42 | 17:44 | टोहाना | 07:58 | 08:00 |
| 17:29 | 17:31 | जाखल जं. | 08:11 | 08:13 |
| -- | 16:25 | बठिण्डा जं. | 10:00 | -- |

चलने के दिन : 13484 बठिण्डा जं. से दिनांक 26.01.2024 से प्रत्येक मंगलवार, वीरवार, शुक्रवार, रविवार एवं 13483 मालदा टाउन से दिनांक 24.01.2024 से प्रत्येक मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, रविवार को।

**रेलगाड़ी सं. 13413/13414 मालदा टाउन-दिल्ली जं.-मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस का बठिण्डा जं. तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 13414 आगमन | रेलगाड़ी सं. 13414 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 13413 आगमन | रेलगाड़ी सं. 13413 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 06:50 | -- | मालदा टाउन | -- | 19:35 |
| | | कोई परिवर्तन नहीं | | |
| 21:25 | 21:40 | दिल्ली जं. | 04:55 | 05:10 |
| 20:12 | 20:14 | नरेला | 05:46 | 05:48 |
| 19:38 | 19:40 | सोनीपत जं. | 06:03 | 06:05 |
| 18:36 | 18:38 | गोहाना जं. | 07:03 | 07:05 |
| 17:38 | 17:40 | जींद जं. | 08:03 | 08:05 |
| 17:12 | 17:14 | उचाना | 08:28 | 08:30 |
| 16:58 | 17:00 | नरवाना जं. | 08:42 | 08:44 |
| 16:37 | 16:39 | टोहाना | 09:04 | 09:06 |
| 16:24 | 16:26 | जाखल जं. | 09:17 | 09:19 |
| 16:10 | 16:12 | बरेटा | 09:31 | 09:33 |
| 15:55 | 15:57 | बुढलाडा | 09:46 | 09:48 |
| 15:40 | 15:42 | मानसा | 10:01 | 10:.03 |
| 15:24 | 15:26 | मौड़ | 10:17 | 10:19 |
| -- | 15:00 | बठिण्डा जं. | 11:15 | -- |

चलने के दिन : 13414 बठिण्डा जं. से दिनांक 27.01.2024 से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शनिवार एवं 13413 मालदा टाउन से दिनांक 25.01.2024 से प्रत्येक सोमवार, वीरवार, शनिवार को।

**रेलगाड़ी सं. 04979 रेवाड़ी जं.-रोहतक जं. विशेष का रोहतक स्टेशन पर दिनांक 26.01.2024 से आगमन का समय 06:35 के बजाये 06:40 होगा।**

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों की समय-सारणी में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है:

**रेलगाड़ी सं. 04581 दिल्ली जं.-पानीपत जं. विशेष की दिनांक 26.01.2024 से समय-सारणी में परिवर्तन**

| स्टेशन | वर्तमान समय-सारणी आगमन | वर्तमान समय-सारणी प्रस्थान | परिवर्तित समय-सारणी आगमन | परिवर्तित समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली जं. | -- | 05:10 | -- | 04:55 |
| सब्जी मण्डी | 05:23 | 05:24 | 05:08 | 05:09 |
| दिल्ली आजादपुर | -- | -- | -- | -- |
| आदर्श नगर दिल्ली | 05:32 | 05:33 | 05:17 | 05:18 |
| बादली | 05:38 | 05:39 | 05:23 | 05:24 |
| खेड़ा कलां | 05:43 | 05:44 | 05:28 | 05:29 |
| होलम्बी कलां | 05:48 | 05:49 | 05:33 | 05:34 |
| नरेला | 05:54 | 05:55 | 05:39 | 05:40 |
| राठधना | 06:01 | 06:02 | 05:46 | 05:47 |
| हरसाना कलां | 06:07 | 06:08 | 05:52 | 05:53 |
| सोनीपत जं. | 06:14 | 06:15 | 05:59 | 06:00 |
| सांदल कलां | 06:52 | 06:53 | 06:07 | 06:08 |
| राजलू गढ़ी | 06:57 | 06:58 | 06:12 | 06:13 |
| गन्नौर | 07:03 | 07:04 | 06:18 | 06:19 |
| भोडवाल माजरी | 07:10 | 07:11 | 06:25 | 06:26 |
| समालखा | 07:26 | 07:27 | 06:31 | 06:32 |
| दिवाना | 07:35 | 07:36 | 06:38 | 06:39 |
| पानीपत जं. | 08:10 | -- | 07:53 | -- |

**रेलगाड़ी सं. 04981 रोहतक जं.-जींद जं. विशेष की दिनांक 26.01.2024 से समय-सारणी में परिवर्तन**

| स्टेशन | वर्तमान समय-सारणी आगमन | वर्तमान समय-सारणी प्रस्थान | परिवर्तित समय-सारणी आगमन | परिवर्तित समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| रोहतक जं. | -- | 06:45 | -- | 07:00 |
| समर गोपाल पुर | 06:53 | 06:54 | 07:08 | 07:09 |
| करैंथी | 07:01 | 07:02 | 07:16 | 07:17 |
| लाखन माजरा हॉल्ट | 07:07 | 07:08 | 07:22 | 07:23 |
| किला जफरगढ़ | 07:14 | 07:15 | 07:29 | 07:30 |
| जुलाना | 07:21 | 07:22 | 07:36 | 07:37 |
| जय जय वन्ती | 07:29 | 07:30 | 07:44 | 07:45 |
| किनाना | 07:37 | 07:38 | 07:52 | 07:53 |
| बिशनपुर हरियाणा | 07:44 | 07:45 | 07:59 | 08:00 |
| जींद जं. | 08:05 | -- | 08:20 | -- |

**रेलगाड़ी सं. 04995 रोहतक जं.-जींद जं. विशेष की पांडू पिन्डारा जं. - जींद जं. के बीच दिनांक 26.01.2024 से समय-सारणी में परिवर्तन**

| स्टेशन | वर्तमान समय-सारणी आगमन | वर्तमान समय-सारणी प्रस्थान | परिवर्तित समय-सारणी आगमन | परिवर्तित समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| पांडू पिन्डारा जं. | 07:45 | 07:46 | 07:45 | 07:46 |
| जींद सिटी | 07:53 | 07:54 | 07:53 | 07:54 |
| जींद जं. | 08:10 | -- | 08:30 | -- |

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

189/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

" श्रीजी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तिगरी गोल चक्कर पर डिवाइडर का कार्य किया जा रहा था। जिसमें संबंधित फर्म के द्वारा डिवाइडर निर्माण के समय 3 मीटर अधिक स्पेस पर सरिया लगाया गया, नक्शे के अनुसार स्पेस अधिक लिया गया। जिस पर आसपास के निवासियों तथा क्षेत्रीय पार्षद द्वारा भी अपना विषय नगर आयुक्त के समक्ष रखा।

**विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त**

## 24 से 26 जनवरी तक नोएडा में मनेगा 'यूपी दिवस'

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। 25 जनवरी को नोएडा में यूपी दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू की गई है। तीन दिन तक कार्यक्रम होंगे। ये सभी कार्यक्रम नोएडा के शिल्प हॉट में आयोजित किए जाएंगे। इस बार यहां परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अलावा स्कूलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिल्प कारों के स्टॉल, लोक कार्यक्रम जिसमें लोक गीत, फोक डांस और प्रदेश की विरासत को दिखाया जाएगा। आकर्षण का केंद्र नोएडा की 1976 से लेकर अब तक की सफर यात्रा की गैलरी भी इसमें शामिल होगी।



■ स्कूली बच्चों की ओर से लोक गीतों पर सांस्कृतिक नृत्य व खेल का आयोजन

**500 करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास**

यूपी दिवस 24, 25 और 26 जनवरी को मनाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से करीब 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इसमें सिविल विभाग की 178 करोड़ की परियोजनाएं और होर्टिकल्चर विभाग की 185 करोड़ की परियोजना और करीब इतनी की परियोजनाएं इलेक्ट्रिकल और मेनटेनेंस विभाग की है। इनके शिलापट्ट तैयार किए जा रहे है।

**पांच प्रमुख परियोजनाएं जिनका होना है शिलान्यास**

सेक्टर-146 व 147 के बीच 45 मीटर चौड़ी सड़क से हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल होते हुए ग्रेटरनोएडा नॉलेज पार्क-3 को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण करीब 31.15 करोड़। मार्ग संख्या-6 पर सेक्टर-61 अंडरपास से एनएच-24 तक सड़क सुदृढ़ीकरण का काम 5.84 करोड़। सेक्टर-82 बस टर्मिनल से सेक्टर-82 पुलिस चौकी तक आरसीसी नाले का सुदृढ़ीकरण का काम 4.05 करोड़। सेक्टर-34 से भूखंड संख्या ए-94 के साथ सड़क चौड़ीकरण 2.48 करोड़। शशि चौक से महामाया फ्लाईओवर के समीप सेक्टर-44 यू टर्न तक एमपी-3 का काम 2.31 करोड़।

**लोकार्पित होने वाली कुछ परियोजनाएं**

- नोएडा ग्रेटरनोसएडा एक्सप्रेस के 2.36 किमी चैनेज पर अंडरपास का लोकार्पण 84.61 करोड़
- सेक्टर-21 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण व ढ़कने का काम 5.29 करोड़
- सेक्टर-82 में केंद्रीय विहार पॉकेट-7 एंव पॉकेट-12 के सामने आरसीसी नाले को कवर करने का कार्य 4.79 करोड़
- एफएनजी मार्ग पर चैनेज 2500 से 4200 मीटर तक सुदृढ़ीकरण का कार्य 4.25 करोड़
- सेक्टर-27 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण का कार्य 3.44 करोड़

**यूपी दिवस में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

यूपी दिवस को लेकर नोएडा के शिल्प हॉट में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें स्कूली बच्चों की ओर से लोक गीतों पर सांस्कृतिक नृत्य और खेल का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के व्यंजन और शिल्पकला में माहिर शिल्पियों को भी यहां स्थान दिया जाएगा।

## आज किसान प्राधिकरण की करेंगे तालाबंदी

■ 2 जनवरी को मिला था आश्वासन, लेकिन नहीं बनी बात

■ अब 105 गांव की पंचायत और फिर जड़ दिए जाएंगे ताले

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। किसानों का धरना बुधवार को 38वें दिन भी जारी रहा। मांगों को लेकर आज नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी करेंगे। इसके लिए देरशाम तक भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा और किसानों की बातचीत होती रही। इससे पहले दो जनवरी को किसानों ने प्राधिकरण की तालाबंदी करने का ऐलान किया था। लेकिन उस समय पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद तालाबंदी रोक दी गई थी। जिसमें तय किया गया था कि प्राधिकरण के चेयरमैन से वार्ता करवाकर मांगों का निपटारा किया जाएगा। बैठक तो हुई लेकिन वह विफल रही थी। ऐसे में आज एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांव के किसान प्राधिकरण की तालाबंदी करेंगे। परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने बताया कि पहने सभी गांवों की पंचायत नोएडा प्राधिकरण पर चल रहे धरना स्थल पर की जाएगी। इसके बाद करीब डेढ़ से दो बजे के बीच तालाबंदी की जाएगी। यहां प्राधिकरण के दोनों गेट जंजीर से बंद किया जाएगा।

**किसानों की इन मांगों पर मिला था आश्वासन**

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए। किसानों की आबादी का पूर्ण निस्तारण कर रेवेन्यू रिकार्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए। आबादी विनयमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए। ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए। 5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कामर्शियल गतिविध करने की नीतिगत अनुमति दी जाए। नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भूलेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से कार्यपाली किया जाए। गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

**डीएम से वार्ता के बाद तालाबंदी का किया था ऐलान**

भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में किसानों का धरना आज 38 वें दिन की जारी है। इनके दो प्रदर्शन चल रहे है पहला नोएडा प्राधिकरण के बाहर और दूसरा एनटीपीसी के बाहर। परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। परिषद के अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि कुछ भी हो जाए हम अपना हक लेकर जाएंगे। इसके लिए हमे दिल्ली कूच करना पड़े हम जाएंगे। विधायक से लेकर सांसद तक का घेराव करेंगे। इसकी शुरुआत नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी से की जाएगी।

**प्राधिकरण के विरोध में 10 प्रतिशत की मांग को लेकर पहली बार 2019-20 में किसानों ने खोला मोर्चा**

किसानों ने 2019-20 में 5 व 10 प्रतिशत विकसित भूखंड या इसके समतुल्य धनराशि की मांग को लेकर प्राधिकरण पर धरना दिया। किसानों ने मांग की कि 10 प्रतिशत के अतिरिक्त भूखंड को प्राप्त करने के लिए कोर्ट की बाध्यता को समाप्त किया जाए। इसके अलावा 1997 से 2014 तक के सभी किसानों को 10 प्रतिशत भूमि या इसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए।

### सार संक्षेप

**दूसरी बार बिल्डरों को बताया गया उनका बकाया**

**नोएडा।** अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के बाद बुधवार को एक बार फिर से बिल्डरों को नोएडा प्राधिकरण बुलाया गया। बिल्डरों को बकाया की जानकारी दी गई। इस चरण में 31 बिल्डरों को बुलाया गया था। जिसमें से 25 बिल्डर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। जिनके प्रतिनिधियों को प्राधिकरण के सीए ने उनका बकाया बतौर कैल्कुलेट करके बताया। इसके बाद एक बार फिर फाइनल बैठक होगी। बता दे अब तक सिर्फ एक बिल्डर ने ही सहमती दी है। अमिताभ कांत समिति की रिपोर्ट में कुछ संशोधन कर पिछले महीने यूपी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी। इसके शासनादेश के तहत बिल्डरों को 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक जीरो पीरियड का लाभ दिया जाएगा। इससे उनका 20 से 24 प्रतिशत तक बकाया कम हो जाएगा। जीरो पीरियड का फायदा लेने के लिए बिल्डरों को कुल बकाए में से 25 प्रतिशत राशि 60 दिन के अंदर और बाकी राशि अधिकतम तीन साल के अंदर देनी होगी। सरकार के इस निर्णय का फायदा बताने के लिए औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने 6 व 7 जनवरी को बिल्डरों के साथ बैठक की थी। चेयरमैन ने निर्देश दिए थे 8 व 9 जनवरी को प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष इस पैकेज का लाभ उठाने के लिए सहमति पत्र दे दें। खास बात यह है कि इस बैठक को हुए 10 दिन का समय हो चुका है लेकिन अभी तक सेक्टर-75 एरिया की परियोजना से जुड़ा एक ही बिल्डर सहमति देने को आगे आया है। जिसमें उनको दोबारा से बकाया की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी कहा गया कि वे अपना सहमति पत्र जल्द से जल्द नोएडा प्राधिकरण को सौंप दे।

**25 को बुलंदशहर आएंगे पीएम, जनसभा को करेंगे संबोधित**



**बुलन्दशहर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी को बुलंदशहर में आएंगे और एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दे की वर्ष-2014 के लोकसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलन्दशहर से ही किया था चुनाव प्रचार का आगाज़। करीब 5 लाख लोगों की गैदरिंग के हिसाब से जनसभा स्थल की भी तलाश की गई है। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा से पहले 23 जनवरी को प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी निरीक्षण करने बुलंदशहर दौरे पर आ रहे हैं। दो दो वीआईपी कार्यक्रम से पुलिस प्रशासन कार्यक्रम की तैयारी में जुटा हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने बताया कि 25 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुलंदशहर के चोला के नजदीक चांद मारी के ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, बुलंदशहर सांसद डॉक्टर भोला सिंह व जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने डीएम सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, सीडीओ कुलदीप मीणा के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

## वर्चुअल बैठक में कैमरा इंटीग्रेशन कार्य की नगर आयुक्त ने जानी प्रगति, अधिकारियों ने बताई समस्याएं

**गाजियाबाद,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। कैमरा इंटीग्रेशन तथा कैमरा लूपिंग के कार्य में आ रही समस्याओं की समाधान के लिए भी नगर आयुक्त ने शहर वासियों से सहयोग की अपील की है। वर्चुअल बैठक के माध्यम से निगम अधिकारियों ने नगर आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिसमें जन सहयोग के संदर्भ को प्रमुखता से रखा गया, वर्चुअल बैठक में संबंधित फर्म के पदाधिकारी निर्माण विभाग की टीम व अन्य अधिकारी जुड़े।



■ कैमरा लूपिंग के कार्य में आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, उद्योग बंधु करें विशेष सहयोग : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त ने बताया कि प्राइवेट प्रतिष्ठान, आवासीय क्षेत्र, सार्वजनिक स्थलों पर लगे हुए कैमरा का इंटीग्रेशन का कार्य प्रारंभ हो चुका है गाजियाबाद नगर निगम तथा पुलिस विभाग की टीम एकजुट होकर शहर हित में कार्य कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई चल रही है शहर वासियों से चल रहे कार्य में सहयोग करने की अपील की गई है। वर्चुअल बैठक से जुड़े अधिकारियों तथा टीम को शहर वासियों को चल रहे काम की जानकारी देने के लिए मोटिवेट किया गया।

## निरीक्षण में तिगड़ी गोल चक्कर पर निर्माण कार्य में मिली खामियां

**गाजियाबाद,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। तिगरी गोल चक्कर पर निर्माण कार्यों के निरीक्षण में कई खामियां मिली। जिसके बाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने अधिकारियों व ठेकेदार को हड़काया और ठेकेदार को पुन: कार्य करने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि श्रीजी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तिगरी गोल चक्कर पर डिवाइडर का कार्य किया जा रहा था। जिसमें संबंधित फर्म के द्वारा डिवाइडर निर्माण के समय 3 मीटर अधिक स्पेस पर सरिया लगाया गया, नक्शे के अनुसार स्पेस अधिक लिया गया। जिस पर आसपास के निवासियों तथा क्षेत्रीय पार्षद द्वारा भी अपना विषय नगर आयुक्त के समक्ष रखा। नगर आयुक्त ने तत्काल टीम को भेज कर चल रहे निर्माण कार्यों को रोकते हुए डिवाइडर को तोड़कर पुन: निर्धारित डिजाइन के अनुसार करने के निर्देश दिए।



■ नगर आयुक्त ने अधिकारियों व ठेकेदार को हड़काया, पुन: कराना होगा कार्य

गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग लगातार ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर अपनी नजर बनाए रखें, कार्यों की गुणवत्ता तथा डिजाइन के अनुसार कार्य जनहित में किए जाएं जिसके लिए निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा अन्य टीम को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। अवैध कब्जे को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त है। नोएडा प्राधिकरण के सर्किल-10 क्षेत्र में गांव नलगढ़ा में प्राधिकरण की अधिसूचित व अधिग्रहीत जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां प्लाट की चारदीवारी कर कॉलोनाइजर द्वारा कब्जा किया जा रहा था। पहले भी इसी प्लाट के आसपास पर अवैध निर्माण करने का प्रयास किया गया था। यहां पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के जेसीबी ने बाउंड्री वाल को गिराया। फेंसिंग कर जमीन को कब्जे में लिया। प्राधिकरण ने बताया कि ये जमीन नलगढ़ा गांव की है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार इस जमीन को नियोजित करते हुए सेक्टर-145 में शामिल किया गया। इस जमीन का एरिया करीब 8000 वर्गमीटर है। इसकी अनुमानित लागत करीब 5 करोड़ रुपए है। जमीन को अवैध तरीके से अपनी जमीन बताकर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक की अगुवाई में प्राधिकरण पुलिस और जेसीबी का दस्ता मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माण को हटाया। साथ ही अतिक्रमण कर्ताओं को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा से वे अवैध निर्माण या प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों से हल्की नोकझोंक हुई। जिसके बाद मौजूद पुलिस ने लोगों को समझाया।



## नोएडा मॉडल को अपनाएगा कर्नाटक का टुमकुर नगर



■ टीम ने सीएंडडी वेस्ट, बायो मिथेनाइजेशन प्लांट, आईएसटीएमएस, आईसीसीसी के बारे में ली जानकारी

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में पहली रैंक हासिल करने के बाद बुधवार को नोएडा प्राधिकरण स्वच्छता मॉडल को समझने के लिए कर्नाटक के टुमकुर नगर निगम के अधिकारी नोएडा पहुंचे। टीम ने नोएडा प्राधिकरण की टीम के साथ शहर की योजनाओं का भ्रमण किया और नोएडा मॉडल को अपने यहां लागू करने की सहमति दी। इसके लिए कर्नाटक की टीम को यहां सीएंडडी वेस्ट निस्तारण, पिंक टायलेट कांसेप्ट, बायो मिथेनाइजेशन प्लांट, आईएसटीएमएस और आईसीसीसी की बारिकियों को समझा।

कर्नाटक से आई टीम में नगर निगम के एआरओ शेखर बाबू, आरओ नरसिंह मूर्ति, हेल्थ इंस्पेक्टर हेमवती, जयंती, डिवीजन क्लर्क राहुल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह की अगुवाई में टीम को नोएडा के सभी प्लांट और मैकेनिकल स्वीपिंग की जानकारी से अवगत कराया गया। सबसे पहले टीम ने कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भ्रमण किया। उनको बताया गया कि यहां कंस्ट्रक्शन मटेरियल से डस्ट, स्टोन डस्ट, स्टोन फाइन डस्ट, स्टोर कोर डस्ट, ग्रेवल आदि तैयार किया जाता है। जिससे दोबारा से रिसाइकिल कर इससे इंटरलॉकिंग टाइल्स, कर्व स्टोन व सीमेंट कंकरीट बनाई जाती है। इसके बाद टीम को बताया गया कि नोएडा में वर्तमान में 103 सार्वजनिक शौचालय, 78 सामुदायिक शौचालय, 16 पिंक शौचालय, 110 यूरिनल ब्लॉक है। जिनको पीपीपी मॉडल पर संचालित कराया जा रहा है। वहीं 3 बायोमिथेजाइशेन प्लांट 7 कंपोस्ट प्लांट आरडब्ल्यूए और एओए के जरिए संचालित किए जा रहे है। इससे वेट वेस्ट को गैस बनाने एवं खाद बनाने में प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद उनको 340 किमी की लंबाई में मुख्य मार्ग में मैकेनिकल स्वीपिंग के बारे में अवगत कराया गया। इसके बाद टीम को आईएसटीएमएस से अवगत कराया गया। उनको बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में कोई भी व्यक्ति किस तरह से ईसीबीएस यानी इमरजेंसी कॉल बोक्स सिस्टम के प्रयोग कर सकता है।

## भगवान 'श्री राम' भाजपा को सदबुद्धि दे

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा के कांग्रेस कार्याकर्ताओं ने सेक्टर-85 गोल चक्कर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठ कर सीताराम का जाप किया और भगवान से प्रार्थना की भाजपा सरकार को सद्बुद्धि आए। इसके साथ राम नाम के भजन भी गाए गए। इस अवसर पर नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के कार्यकर्ता अनोखेलाल तिवारी को भाजपा और आरएसएस के गुंडो ने मारा पीटा। उनके साथ बदतमीजी की और झंडे का अपमान किया। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। आज हम सब लोग भगवान राम की धुन में भाजपा सरकार को बुद्धि आए। देश और प्रदेश में गुंडा राज खत्म के साथ तानाशाही खत्म हो। राम कुमार तंवर ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं ने 15 जनवरी मकर संक्रांति के दिन भगवान राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या गए थे। वहां पर जिस तरह से भाजपा प्रायोजित गुंडो ने कांग्रेस का झंडा एवं कार्यकर्ता को मारा पीटा उसकी कांग्रेस पार्टी को निंदा करती है। वहीं पीसीसी सदस्य सोनू खारी ने कहा की राम सबके हैं तन में मन में भगवान है, बीजेपी वाले जिस तरह से भगवान राम के नाम पर राजनीति की रोटी सेक रहे हैं। वह पूरी तरह से चुनाव को देखकर काम कर रहे हैं। धर्म एक आस्था का केंद्र है, चुनाव विकास के नाम पर होना चाहिए। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।



■ कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने गांधी जी की प्रतिमा के नीचे बैठकर भगवान से की प्रार्थना

## स्ट्रक्चरल ऑडिट से पहले डीजीएम स्तर की कमेटी देगी अप्रूवल

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। प्राधिकरण की स्ट्रक्चर ऑडिट पॉलिसी बन चुकी है। इसे अप्रैल से लागू भी कर दिया गया है। अब इसके नियम में कुछ बदलाव किया गया है। सोसाइटी की ओर से आवेदन करने के बाद पहले डीजीएम स्तर पर बनी एक कमेटी नियोजन विभाग के साथ सोसाइटी का निरीक्षण करेगी। यदि प्राधिकरण की इस समिति को लगता है कि सोसाइटी में स्ट्रक्चर ऑडिट की आवश्यकता है तो ही वो एओए या बिल्डर को आगे की प्रक्रिया के लिए अप्रूवल देंगे। एक बार अप्रूवल मिलने के बाद आवेदन कर्ता प्राधिकरण के चुने हुए पैनल में किसी एक से स्ट्रक्चरल ऑडिट करवा सकता है। अब तक नोएडा प्राधिकरण में आठ सोसाइटी ने स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए आवेदन किए है। इसमें से अब एक भी सोसाइटी का निरीक्षण नहीं किया जा सका है। बताया गया कि जल्द ही टीम आठों सोसाइटी में जाकर उसका फिजिकल दौरा कर सकती है। नोएडा में करीब 100 सोसायटी है। जिनमें 400 हाइराइज इमारत है। सवाल ये है कि इन इमारतों की मजबूती कितनी है। इनमें से अधिकांश इमारतों को बने हुए पांच साल से ज्यादा हो गए। प्राधिकरण का दावा है यहां बनी इमारते रिक्टर स्केल 7 और 8 तक का झटका झेल सकती है। हालांकि इनके लिए प्राधिकरण ने आप्शन दिए है। जिन इमारतों की लाइफ पांच साल हो चुकी है। आरडब्ल्यूए या एओए भी इन एजेंसियों से स्ट्रक्चर ऑडिट करवा सकती है।

■ इसके बाद सोसाइटी प्राधिकरण के किसी एक पैनल को चुनेगी

## नोएडा में 7वीं बार विपिन मल्हन बने एनईए के अध्यक्ष

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की स्थापना शहर में औद्योगिक विकास के लिए की गई। इसके लिए जरूरी था एक ऐसा मंच जहां सभी उद्यमि अपनी समस्या रख सके उसका निस्तारण हो सके और वह अधिकारियों व जनसामान्य तक अपनी बात पहुंचा सके। लिहाजा 1976 में नोएडा स्थापना के महज दो साल बाद 1978 में एनईए (नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन) की स्थापना की गई। गठन से लेकर अब 23 अध्यक्षों के हाथ में एनईए की कमान रह चुकी है। इसमें सबसे लंबे समय यानी 2001 से 2011 तक राकेश कतियाल रहे। इसके बाद संस्था की बागडोर 2011 से विपिन मल्हन के हाथों में रही। इस बार भी वह लगातार सातवीं बार निर्विरोध एनईए के अध्यक्ष चुने गए। उनके पूरे पैनल के सामने किसी अन्य ने कोई नामांकन ही नहीं किया। दरअसल, नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन के चुनाव 20 जनवरी 2024 को होने वाले थे। चुनाव में भाग लेने वाले उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापिस लेने का अंतिम दिन व समय दोपहर तीन बजे तक था। किसी अन्य पैनल से कोई प्रत्याशी या उम्मीदवार के द्वारा चुनाव में पर्चा दाखिल नहीं किया गया। ऐसे में बुधवार को विपिन कुमार मल्हन एवं वीके सेठ पैनल के सभी 18 पदाधिकारियों एवं 125 कार्यकारिणी के सदस्यों को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। उन्हें पदानुसार सर्टिफिकेट वितरित किए जाएंगे।



■ 18 पदाधिकारियों और 125 कार्यकारिणी के सदस्यों ने जीता निर्विरोध चुनाव

एनईए ने पदाधिकारियों ने बताया कि 1978 में संस्था के गठन के समय 60 उद्यमी इससे जुड़े थे। औद्योगिकरण नीति को बल मिलने के साथ वर्तमान में करीब 4 हजार से ज्यादा एनईए के सदस्य है। इनकी संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बता दे 1978 में एनईए संस्था बनने के बाद एक साल में यहा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होता था। यह प्रक्रिया करीब साल 2000 तक चली। इस दौरान 21 लोग अध्यक्ष बने। खास यह है कि इन चुनावों में वहीं, हिस्सा ले सकता है जो पेशे से उद्यमी हो। बाहरी किसी भी तरह के लोगों का संस्था में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। 2011 से चुनावों के कार्यकाल में बड़ा बदलाव करते हुए इसे दो साल का कर दिया गया। यही नियम तब से चल रहा है।

## खाटूश्याम के लाड़ले गाजियाबाद द्वारा 26 को श्री श्याम मिलन महोत्सव का आयोजन

**गाजियाबाद,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। खाटूश्याम के लाडले गाजियाबाद के तत्वावधान में 26 जनवरी को भव्य श्री श्याम मिलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। साथ ही निर्धन जोड़ो का विवाह भी होगा महोत्सव को लेकर संस्था के पदाधिकारियों ने तैयारी भी शुरू कर दी हैं। खाटूश्याम के लाडले अर्पित गुप्ता ने बताया कि भव्य श्री श्याम मिलन महोत्सव का आयोजन 26 जनवरी को घंटाघर के रामलीला मैदान में होगा। श्री श्याम मिलन महोत्सव में कई भजन गायकों द्वारा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। मुख्य रूप से बाबा श्याम का श्रृंगार कोलकाता से 11 लोग करेंगे इनमें ग्वालियर से भजन गायक मनोज शर्मा, जयपुर से उमा लहरी, कोलकाता से राज पारीक, जयपुर से रजनी राजस्थानी व गाजियाबाद से विभोर गर्ग शामिल हैं, जो बाबा के भजनों की गंगा प्रवाहित करेंगे। शादी समारोह दोपहर 12 बजे से शुरू होगा और महोत्सव सायं 4 बजे से शुरू हो जाएगा और खाटू श्याम बाबा की इच्छा तक चलेगा। श्री श्याम मिलन महोत्सव का आयोजन चुलकाना धाम के मुख्य पुजारी हवा सिंह व पहाडगंज, दिल्ली के सुरेश चंद गुप्ता के सानिध्य में होगा। चुलकाना धाम के संजय पुजारी भी मौजूद रहेंगे। नरेश पुनिया व उनके म्यूजिकल ग्रुप की भव्य झांकियां भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। ऋषभ अग्रवाल, अभय गोयल, अंशुमान गुप्ता, दीपांशु गर्ग, निशांत अग्रवाल, विशाल गर्ग, ओम गोयल, गौरव शर्मा, अमित गोयल, स्पर्श अरोड़ा, प्रतीक सिंघल, दीपक नरूला, जस्स मकड़ आदी मौजूद रहे।



■ शहर में पहली बार श्याम कीर्तन में होगा निर्धन जोड़ों का विवाह

■ घंटाघर के रामलीला मैदान में होगा आयोजन

■ कई भजन गायक भजनों से खाटू श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे

उवाच "

ग्रेटर नोएडा और यहां के नागरिकों को स्वस्थ रखने में सफाईकर्मियों का रोल सबसे अहम है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना, हम सभी की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण की पहल पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इस तरह के प्रयास आगे भी किए जाएंगे।

एनजी रवि कुमार, प्राधिकरण सीईओ



# यमुना सिटी के सेक्टरों से ग्रेनो-नोएडा के बीच यूपी रोडवेज की बस सेवा शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण सिटी के सेक्टरों व आसपास के गांवों में पहुंचना अब आसान हो जाएगा। नोएडा बॉटेनिकल गार्डन से वाया कुलेसरा, सूरजपुर, परीचौक, यीडा सिटी के सेक्टरों व रबूपुरा तक यूपी रोडवेज की बसों का संचालन जल्द शुरू हो जाएगा। इसको लेकर यमुना प्राधिकरण और यूपी रोडवेज के बीच समझौता हुआ है। प्रथम चरण में दो रूटों पर 3- 3 बसों का संचालन किया जाना है। बस सेवा बुधवार से ही शुरू होनी थी, लेकिन अंतिम समय में कार्यक्रम स्थगित हो गया। यमुना प्राधिकरण जनसामान्य के लिए सुगम यातायात की व्यवस्था के लिए बसों का संचालन शुरू करने जा रहा है। प्रथम चरण में 6 बसों के संचालन को लेकर यूपी रोडवेज के साथ समझौता किया गया है। बसों के संचालन पर आने वाले खर्च में प्राधिकरण अनुदान देगा। हालांकि पूर्व में वर्ष 2015 में प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित ग्राम दनकौर एवं बॉटेनिकल गार्डन के मध्य यमुना



- प्रथम चरण में तीन रूटों पर तीन-तीन बसों का शुरू किया गया संचालन
- यूपी रोडवेज से परमिट न मिलने से बस सेवा का परिचालन अधर में लटक गया था

सारथी बस सेवा का संचालन प्रारंभ किया गया था, परंतु परिवहन विभाग द्वारा परमिट न जारी करने के कारण यमुना सारथी बस सेवा बंद हो गई थी। यीडा सिटी में सुगम परिवहन को लेकर भविष्य में रैपिड रेल, लाइट रेल आदि परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

रूट नंबर-1 ग्राम रबूपुरा से प्रारंभ होकर यमुना एक्सप्रेस वे के समानान्तर प्राधिकरण की 60 मीटर चौड़ी (सर्विस रोड) सड़क पर स्थित यीडा सिटी के सेक्टर- 21, 20, 18 व सालारपुर अंडरपास, दनकौर गोल चक्कर, सेक्टर- 17ए, सेक्टर- 26ए, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, यीडा कार्यालय, पी- 3 गोल चक्कर, परी चौक, जगत फार्म, जिला न्यायालय, विकास भवन, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल, बॉटेनिकल गार्डन।

रूट नंबर- 2- क्षेत्रीय कार्यालय यमुना विकास प्राधिकरण, सेक्टर-22डी, सालारपुर अंडरपास वाया 120 मीटर चौड़ी सड़क, दनकौर गोल चक्कर, सेक्टर-17ए, 26ए, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, यमुना प्राधिकरण कार्यालय ओमेगा-1, सेक्टर पी-3 गोल चक्कर, परीचौक, जगत फार्म, जिला न्यायालय, विकास भवन, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल व बॉटेनिकल गार्डन।

## हैदराबाद विंग्स सम्मेलन में नोएडा एयरपोर्ट के रीजनल कनेक्टिविटी पर होगी चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। हैदराबाद में 18 से 21 जनवरी तक होने वाली विंग्स-2024 सम्मेलन में नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी भाग लेंगे। वह देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट से देश-विदेश को मिलने वाली कनेक्टिविटी के बारे में बताएंगे। साथ ही रीजनल कनेक्टविटी को लेकर भी अपनी बात रखेंगे। हैदराबाद में 18 से 21 जनवरी तक विंग्स-2024 का आयोजन होना है। एविएशन सेक्टर का हर साल यह आयोजना होता है। इस बार प्रदेश के नागरिक उड्डयन विभाग के विशेष सचिव कुमार हर्ष और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया शिरकत करेंगे। इस बार वायु सेवा की रीजनल कनेक्टिविटी पर भी चर्चा होगी। जेवर एयरपोर्ट ना केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश-दुनिया के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। इसकी क्षमता सबसे अधिक होगी। विंग्स-2024 में नोएडा एयरपोर्ट की खूबियों को बताया जाएगा। इस एयरपोर्ट से रीजनल कनेक्टिविटी के बारे में बताया जाएगा। उत्तर प्रदेश में कहां-कहां पर एयरपोर्ट बन रहे हैं। भविष्य की क्या योजनाएं हैं, इस बारे में सभी को अवगत कराया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट से पहले दिन ही 65 फ्लाइट उड़ान भरेंगी। इसमें दो इंटरनेशनल फ्लाइट होंगी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि रीजनल कनेक्टविटी के लिए यह एयरपोर्ट कितना महत्वपूर्ण होगा।

- विंग्स-2024 सम्मेलन में नोएडा एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया और प्रदेश के नागरिक उड्डयन विभाग के विशेष सचिव कुमार हर्ष बंगलौर रवाना

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को सरकार की योजनाओं का मिले लाभ : बृजेश सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूक किया जा रहा है, इसी श्रृंखला में जिला के प्रभारी/लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सिरसा मांचीपुर जेवर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वैन के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रसारण प्रसारित किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलायी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ पहुंच



सके और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। राज्य मंत्री बृजेश सिंह ने कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया एवं आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को नए कनैक्शन तथा विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

उन्होंने संबन्धित विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जनसामान्य से वार्ता की। विधायक जेवर की अध्यक्षता में संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा कृषकों के समक्ष खेत में ड्रोन के द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया एवं कृषकों को नैनो यूरिया के छिड़काव के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, एसीपी जेवर प्रवीण कुमार, उप जिला अधिकारी जेवर अभय सिंह, उपायुक्त उद्योग अनिल कुमार, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आलोक रंजन, अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, सेवानंद शर्मा, सविता गुर्जर, विकास चौरोली मौजूद रहे।

## सफाईकर्मियों के लिए ग्रेनो प्राधिकरण की तरफ से स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य जांच के लिए छह अलग-अलग तिथियों पर नि:शुल्क



शिविर लगवा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर लग रहे शिविर के पहले दिन मंगलवार को 126 सफाईकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में जेपी हॉस्पिटल की टीम ने इन सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी विशु राजा ने बताया कि अगला शिविर 19 जनवरी को आयोजित होगा। उसके बाद 22 जनवरी, 24 जनवरी, 27 जनवरी और 30 जनवरी को भी शिविर लगाए जाएंगे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है ग्रेटर नोएडा और यहां के नागरिकों को स्वस्थ रखने में सफाईकर्मियों का रोल सबसे अहम है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखना, हम सभी की जिम्मेदारी है। प्राधिकरण की पहल पर स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। इस तरह के प्रयास आगे भी किए जाएंगे।

## रेरा ने लखनऊ तथा एनसीआर पीठों के नामों में किया बदलाव

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा शिकायतों की सुनवाई के सम्बन्ध में नई एस.ओ.पी. जारी की गई है, जिसमें शिकायतों की फाइलिंग की व्यवस्था के सरलीकरण तथा सुनवाई से पूर्व मूल्यांकन की प्रक्रिया निर्धारित करने के साथ-साथ अपनी पीठों की संख्या तथा नामों में भी परिवर्तन किया गया है। अभी तक रेरा के लखनऊ मुख्यालय में दो पीठें तथा एन.सी.आर. में तीन पीठें थीं। इसके अतिरिक्त लखनऊ तथा एन.सी.आर. में एडज्यूडिकेटिंग आफिसर के भी न्यायालय हैं। उ.प्र. रेरा की नई एस.ओ.पी. के अनुसार 16 जनवरी से लखनऊ मुख्यालय में दो तथा एन.सी.आर. कार्यालय गौतमबुद्धनगर में चार पीठें कार्य करेंगी और नियमित रूप से शिकायतों की सुनवाई करेंगी। पीठों के परिवर्तित नाम इस प्रकार किया गया है, जिसमें लखनऊ मुख्यालय मुख्यालय में पीठ-1 अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी, पीठ-2 सदस्य डिम्पल वर्मा रहेंगी। एन.सी.आर. कार्यालय ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर पीठासीन अधिकारी में पीठ-1 अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी, पीठ-2 सदस्य टी. वेंकटेश, पीठ-3 सदस्य दीपक स्वरूप सक्सेना, पीठ-4 न्यायनिर्णायक अधिकारी हरीश त्रिपाठी सुनवाई करेंगे। एन.सी.आर. कार्यालय, ग्रेटर नोएडा की पीठों में जनपद गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, हापुड़ तथा शामली से सम्बन्धित तथा लखनऊ मुख्यालय की पीठों में प्रदेश के अन्य समस्त जनपदों से आने वाली शिकायतों की सुनवाई होगी। रोस्टर के अनुसार अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर कार्यालयों में शिकायतों की सुनवाई करेंगे। उ.प्र. रेरा द्वारा पीठों की संख्या एवं नामों के परिवर्तन के सम्बन्ध में उ.प्र. रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि रेरा द्वारा समय-समय पर पीठों की संख्या का निर्धारण विचाराधीन शिकायतों की संख्या तथा कार्यरत सदस्यों की संख्या को ध्यान में रख कर किया जाता है।

## आईसीएमआर से शारदा के डॉक्टरों को मिला 83.11 लाख रुपए का ग्रांट

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय की डॉ. प्रीति जैन प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर (पीआई) और डॉ. गरिमा चौहान (सह-पीआई) को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) सरकार का प्रतिष्ठित एक्स्ट्रामुरल रिसर्च



के लिए 83.11 लाख रुपए का ग्रांट मिला। विश्वविद्यालय की डॉ. प्रीति जैन ने बताया कि अनुसंधान परियोजना का उद्देश्य उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग विसेरल लीशमनियासिस के खिलाफ मौखिक दवा उम्मीदवारों को डिजाइन और विकसित करना है। डब्ल्यूएचओ और सरकार के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है। भारत की यह परियोजना आईसीएमआर के डिस्कवरी रिसर्च डिवीजन के अंतर्गत आती है।

विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा और स्कूल ऑफबेसिक साइंस एण्ड रिसर्च के डीन डॉ. श्यामल कुमार बनर्जी ने इस उपलब्धि को लेकर दोनों डॉक्टर को बधाई दी और कहा कि इस तरह ग्रांट मिलने से चिकित्सा क्षेत्र में हम नया कर सकते है। जिसका फायदा आम लोगों को होगा।

## 'स्वागतम राम' गीत का सर्व धर्म के संतों की उपस्थिति में हुआ लोकार्पण

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। भगवान श्रीराम जी की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर न केवल भारतवासी बल्कि पूरा विश्व इस नजारे को देखने के लिए आध्यात्मिक रूप से उत्साहित है। इस शुभ अवसर पर हरीश अरोड़ा, निर्माता निर्देशन में एक गीत 'स्वागतम राम' का



लोकार्पण महर्षि भृगु पीठाधीश्वर गोस्वामी सुशील महाराज के निर्देशन में ठाकुर द्वारा बीटा-दो ग्रेटर नोएडा में किया गया, जिसमें भारतीय सर्व धर्म संसद से जुड़े धर्माचार्यों ने हिस्सा लिया। गाने के सह निदेशक-संजीव शर्मा और अभिनेता दीपक कपूर हैं।

सुशील महाराज ने कहा कि भगवान राम ने सभी को गले लगाया है। भगवान राम अपने संघर्ष से राम बने हैं। जैन धर्म के प्रतिनधि ने कहा कि संतों के सानिध्य में जिस गीत का लोकार्पण हुआ है, उसका सभी स्वागत करेंगे।

उन्होंने कहाकि राम किसी एक वर्ग सम्प्रदाय के नहीं है, सभी ने यह संदेश दिया राम सभी के हैं, राम को जो मानता है व रामकी मानता है। राम में जैन परम्परा समाहित है। अयोध्या पावन भूमि है जो कभी नष्ट नहीं होगी। अयोध्या की भूमि पर राम का स्वागत किया जा रहा है। मौलाना साहिल कासमी ने कहा कि जो मैने पैगम्बर के स्वागत की जीवनी याद आयी वही चीज अयोध्या में देखा गया। रामजी में जो जोड़ने की ताकत है, राम के नाम पर हम लोग आज जुड़े हैं। इस संदेश से राम राज्य से कितना दिखेगा। अवसर पर ईसाई, जैन, मुस्लिम, बौद्ध, सहित सभी धर्मों के प्रतिनिधि हुए शामिल, सभी ने स्वागतम गीत की खूब तारीफकी।

## श्रीमदभागवत् कथा में ध्रुव प्रहलाद की पावन चरित्र को सुनाया

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी(देशबन्धु)। डेल्टा-1 श्री पीपल महादेव मंदिर ग्रेटर नोएडा में चल रही श्रीमदभागवत् कथा के चतुर्थ दिवस में वृंदावन से आए श्री संतोष जी महाराज ने ध्रुव प्रहलाद आदि की पावन चरित्र को सुनाया और भगवान श्रीराम एवं श्री कृष्ण के अवतार की कथा विस्तार में सुनाई। और बताया कि भगवान का अवतार दुष्टों का संहार एवं धर्म की स्थापना के लिए धरा धाम में आते हैं। और बताया कि भगवान किसी का पक्षपात नहीं करते बल्कि भागवान समदर्शी हैं। जो धर्म का पालन करते हुए भगवान की भक्ति करते हैं। भगवान ऐसे भक्तों को स्वयं दर्शन देने आते हैं। इस बीच श्री शरद त्यागी, डीके अरोड़ा, गिरिधारी लाल प्रजापति, एआरडी तिवारी आदि उपस्थित रहे।



## नर्सरी से कक्षा-8 तक के सभी विद्यालयों का सुबह 10 बजे से ही होगा संचालन

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में पड़ रहे घने कोहरे और शीत लहर को देखते हुए जिला गौतमबुद्ध नगर में बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों की नर्सरी से लेकर 8 तक की कक्षाएं 18 जनवरी से सुबह 10 बजे से संचालित होगी। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने कार्यालय आदेश जारी किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार द्वारा जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि जिलाधिकारी, गौतमबुद्ध नगर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में घने कोहरे एवं अत्यधिक सर्दी को देखते हुए जनपद गौतमबुद्ध नगर में बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित सभी बोर्ड जिसमें सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी, यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों की नर्सरी से लेकर 8 तक की कक्षाएं 18 जनवरी से प्रात: 10 बजे से संचालित होगी। उन्होंने कहा कि इस आदेश की अवहेलना करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ आयुर्वेदिक कॉलेज संगठन में डीके गर्ग को कोषाध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, ग्रेटर नोएडा के चेयरमैन डॉक्टर डी.के.गर्ग को नई दिल्ली में हुए 'ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफआयुर्वेदिक कॉलेज' के चुनाव में कोषाध्यक्ष चयनित किया गया है। चुनाव के बाद अपने संदेश में डॉक्टर डी.के. गर्ग ने कहा कि वह संस्था एवं आयुर्वेद कॉलेज एवं अस्पताल के उत्थान एवं समाज के सभी वर्गों को जोड़कर देश के विकास एवं एकजुट करने हेतु काम करेंगे। इस अवसर पर सभी राज्यों के आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 113/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 10.11.2023 स्व0 श्री अजय सिंह पुत्र केवल सिंह नि0 मौ0 शान्ती नगर रबूपुरा परगना-जेवर तहसील जेवर जनपत गौतमबुद्धनगर के पिता की मृत्यु दिनांक 29.07.2015 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित हैं।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रबूपुरा | 1392म 1397म | स्व0 श्री अजय सिंह पुत्र केवल सिंह नि0 मौ0 शान्ती नगर रबूपुरा परगना जेवर तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | देवीचरन | भतीजा | 67 वर्ष | विवाहित |
| | | | रूप सिंह | भतीजा | 44 वर्ष | विवाहित |
| | | | ऊषा देवी | भतीजे की बहू | 49 वर्ष | विधवा |
| | | | शिवम | भतीजे का पुत्र | 18 वष | अविवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009



देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655



Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## डॉ. महेश शर्मा ने 'सांसद आपके द्वार' के तहत दर्जनों गांव में ग्रामीणों से किया संवाद

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डॉ. महेश शर्मा ने 'सांसद आपके द्वार' कार्यक्रमों के तहत बुधवार दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सलारपुर कलां, दादूपुर खटाना, गलावठी खुर्द, उपरालसी, जारचा, कलौंदा, छायंसा एवं वीरपुरा में पार्टी के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर स्थानीय लोगों से संवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं से आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहे हैं तथा स्थानीय लोगों का प्रधानमंत्री के प्रति स्नेह एवं समर्थन देखकर मन अभिभूत है। आने वाली 22 जनवरी को आप सभी अपने-अपने घरों पर दीप जलाकर भगवान राम का आगमन का स्वागत करें।



सांसद डा. महेश शर्मा ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के दादरी विधानसभा स्थित ग्रामसभा आगमन पर स्थानीय लोगों से संवाद किया तथा डबल इंजन की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें जागरूक करने के साथ ही साथ एक बार पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र में कमल खिलाने का आवाहन किया। एम.एल.सी. (विधायक) शिक्षक सीट (मेरठ-सहारनपुर) श्रीचंद शर्मा ने कहा कि गौतमबुद्धनगर में विकास कार्य प्रगति के पथ पर अग्रसर है और गौतमबुद्धनगर में विकास की गंगा बह रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी को बनाया है जबसे इन्होने अपना कार्यभार संभाला इस क्षेत्र के विकास में एक कड़ी और जुड़ गई और सभी जिला पंचायत क्षेत्र में विकास की एक नई गंगा बही है जो आप जनमानस के हित के सहयोग से ही यह मौका मिला है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, चेयरमैन दादरी गीता पंडित, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौतमबुद्धनगर विजय भाटी, मंडल अध्यक्ष विचित्र तोमर, विनोद शर्मा, कन्हैया पंडित, मौजीराम नागर, संदीप शर्मा, सतेन्द्र शर्मा, कपिल पंडित, विपिन भाटी, मनोज शिशौदिया, एच.के. शर्मा, सोमेश गुप्ता, प्रदीप मंगल, अतुल गहलोत कलौंदा, विशाल भारद्वाज, आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## केनरा बैंक ने नए शाखा का किया शुभारंभ, मिलेगी सभी सुविधाएं

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। केनरा बैंक ने उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं देने के लिए सेक्टर-36, ऐच्छर में ऐच्छर शाखा का शुभारंभ किया। केनरा बैंक की इस शाखा में सभी बैंकिंग सुविधाएं यथा जमा, निकासी, आवास ऋण, स्वर्ण ऋण, वाहन ऋण, एमएसएमई ऋण व लॉकर सुविधा आदि प्रदान की जाएगी। शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक, राजेश कुमार सिंह, केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, दिल्ली ने गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, नोएडा के क्षेत्रीय



प्रमुख, अतुल राजन ने ग्राहकों को बैंक की विविध उत्पादों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा यह आश्वासन दिया कि केनरा बैंक अपनी हर सेवाएं तत्परता के साथ प्रदान करेगी। ऐच्छर में केनरा बैंक की शाखा खुलने से स्थानीय लोगों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर ऐच्छर शाखा के शाखा प्रमुख, गोपाल कृष्ण साहा, मंडल प्रबंधक, नीरज सिंह रोहेला, मंडल प्रबंधक, श्रवण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक, अरुण शर्मा, नित्यानंद, संजय वर्मा व अन्य कार्मिकगण मौजूद रहे।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खेरली भाव में उप जिलाधिकारी दादरी, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 346/एस0टी0-एस0डी0एम0/2019 दिनांक 14.08.2019 मृतक श्रीमती लतीफन पत्नी स्व0 श्री दीन मौहम्मद, निवासी-बरौला सै0-49 नोएडा, परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर एवं ग्राम खेरली भाव मे उप जिलाधिकारी दादरी, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 177/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 21.02.2023 मृतक श्री शौकीन खांन पुत्र स्व0 श्री दीन मौहम्मद, निवासी-बरौला सैक्टर-49 नोएडा, परगना व तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु कमशः दिनांक 23.01.2019 व 05.12.2022 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खेरली भाव | 316, 317म, 321म, 545, 563, 1034, 1042, 505, 569, 1054, 1061, 596, 881, 889, 908 | श्रीमती लतीफन पत्नी स्व0 श्री दीन मौहम्मद निवासी-बरौला सै049 नोएडा परगना व तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री शौकीन खांन | पुत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्री नाजुकुल | पुत्र | 34 वर्ष | |
| | 316, 317म, 321म, 545, 563, 1034, 1042, 505, 569, 1054, 1061, 596, 881, 889, 908 | श्री शौकीन खांन पुत्र स्व0 श्री दीन मौहम्मद निवासी-बरौला सैक्टर-49 नोएडा परगना व तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती नफिशा | पत्नी | 37 वर्ष | |
| | | | श्रीमती मुस्कान अलवी | पुत्री | 20 वर्ष | विवाहित |
| | | | कु0 मीनू | पुत्री | 10 वर्ष | अविवाहित |
| | | | श्री शेहराज खान | पुत्र | 14 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर-201310

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Sigma Sahakati Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या 2-A-5 at Plot No.GH-02, Sector-Beta-I, Greater Noida, Distt. G.B. Nagar (U.P.) क्षेत्रफल 87.09 वर्ग मीटर Mrs. Sushobhini Mehra D/o Late Mr. D.N. Mehra के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Ms. Sushobhini Mehra D/o Late Mr. D.N. Mehra की मृत्यु दिनांक-02.05.2021 को हो जाने के उपरांत उक्त भवन उनकी बहनों (Mrs. Kamini Shaw W/o Mr. Mahesh Shah & Mrs. Neerja Mehrotra W/o Mr. Viresh Mehrotra) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mrs. Sushobhini Mehra D/o Late Mr. D.N. Mehra के स्थान पर उक्त भवन उनकी बहनों Mrs. Kamini Shaw W/o Mr. Mahesh Shah & Mrs. Neerja Mehrotra W/o Mr. Viresh Mehrotra के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरूवार 18 जनवरी 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# ईवीएम आंदोलन में विपक्ष अनुपस्थित

पिछले करीब 5 वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर देश भर में संशय का माहौल है। बड़ी संख्या में लोगों का मानना है कि ये मशीनें सही नतीजे नहीं देतीं और इसे हैक किया जा सकता है। उनका आरोप है कि जबसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में आई है तभी से इनका जमकर दुरुपयोग हो रहा है। इसे लेकर विपक्ष के कई संगठन व नेता आवाज़ें तो उठाते रहे हैं परन्तु इसे लेकर कोई बड़ा आंदोलन नहीं हुआ, जिसकी ज़रूरत इसलिये महसूस की जाती है क्योंकि सरकार, निर्वाचन आयोग तथा सुप्रीम कोर्ट विपक्ष के या अन्य संगठनों की ओर से इस पर उठाये गये सवालिया निशानों का संतोषजनक उत्तर नहीं देती। अब इस मुद्दे पर दिल्ली में वरिष्ठ वकील सड़कों पर उतर आये हैं। कुछ सिविल सोसायटियों के लोग भी हैं पर इन आंदोलनों में जिनकी मुख्य शिरकत होनी चाहिये, वे सिरे से नदारद हैं- यानी विपक्षी दल।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील भानुप्रताप सिंह, महमूद प्राचा, सत्यप्रकाश गौतम आदि निर्वाचन आयोग से मांग कर रहे हैं कि उन्हें कोई भी 50 वोटिंग मशीनें दिलाई जायें ताकि वे उन्हें हैक करने का प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर सकें और इस धारणा को मिटा सकें कि ऐसा नहीं किया जा सकता। आयोग को इस विषय पर एक पत्र भी लिखा गया था जिसके जवाब में आयोग ने साफ किया कि मशीनें विश्वसनीय हैं। आंदोलनकारी आयुक्त से मिलने का समय भी मांगते रहे जो उन्हें दिया ही नहीं गया। वैसे तो ईवीएम की गड़बड़ियों पर लम्बे समय से शक होता रहा परन्तु वह तब गहराता और पुख्ता होता गया जब बहुत से राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे अप्रत्याशित निकलते गये। जमीनी स्तर पर हालात कुछ और दिखते थे जबकि परिणाम इतने अलग निकले कि स्वयं जीतने वाले उम्मीदवार चौंक पड़ते थे। नवम्बर, 2023 के छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के चुनाव उदाहरण हैं। सारे विश्लेषक, पत्रकार, यहां तक कि आम जनता भी मानकर चल रही थी कि तीनों राज्यों में कांग्रेस जीतेगी। नतीजे एकदम विपरीत निकले। पिछले कुछ समय के अनेक राज्यों के चुनाव भी गिनाये जा रहे हैं जहां समझा जाता था कि भाजपा की जीत असम्भव है। फिर भी उसे विजय मिली। उत्तर प्रदेश में 2022 के प्रारम्भ में हुए चुनाव में उन इलाकों में भी भाजपा के प्रत्याशी जीते जहां विभिन्न कारणों से माहौल उसके खिलाफ था। लखीमपुर खीरी, हाथरस, उन्नाव आदि ऐसी ही सीटें थीं।

भाजपा की केन्द्र सरकार ईवीएम के पक्ष में डटकर खड़ी है। उसका दावा है कि मशीनें एकदम ठीक हैं और प्रतिपक्ष अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने का आदी है। इसके लिये हर चुनाव के पहले ईवीएम का विमर्श स्वयं भाजपा यह कहकर छेड़ देती है कि 'अगर भाजपा जीती तो विपक्षी दल ईवीएम का रोना रोएंगे।'

इसके बावजूद कई लोगों की दृढ़ मान्यता है कि भाजपा की लगातार जीत के पीछे इन्हीं मशीनों का हाथ है जिसे इस प्रकार से प्रोग्राम किया जाता है कि ज्यादातर वोट भाजपा के पक्ष में ही जाते हैं। कई भाजपा नेता तक कहते पाये गये हैं कि वोट किसी को भी दीजिये, मिलेगा तो भाजपा को ही। भाजपा की नीयत पर शक इसलिये होता है क्योंकि भाजपा के ही एक नेता जीएल नरसिम्हा राव ने 2010 में ईवीएम पर एक किताब लिखी थी 'डेमोक्रेसी एट रिस्क', जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईवीएम से चुनाव कराना गलत है। पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने इसकी भूमिका में लिखा था कि 'ईवीएम पर बैन लगाना लोकतंत्र को मजबूत करना है।' वहीं भाजपा अब इसके खिलाफ सुनने के लिये तैयार नहीं है।

इस दौरान एक और बात उठती रही है। वह है 19 लाख ईवीएम की गुमशुदगी। कहा जाता है कि विभिन्न राज्यों में ये मशीनें ही भाजपा की मर्जी के नतीजे देती है। इसमें कितनी सच्चाई है, कह नहीं सकते लेकिन इस पर सरकार का स्पष्टीकरण अपेक्षित है। अगर मशीनें वाकई गायब हैं तो उसे खोज निकालना होगा। इतनी तादाद में गुम मशीनें कोई भी निर्णय पलट सकती हैं। इसमें वीवीपैट का पक्ष भी अहम है। यह वह रसीद होती है जो बतलाती है कि वोट किसे दिया गया है। वह एक पर्ची के रूप में मतदाता को दिखता है। पहले यह पर्याप्त अवधि तक दिखलाई पड़ता था, परन्तु अब वह 6-7 सेकंड के लिये दिखता है और उसकी पारदर्शिता घटा दी गयी है। ईवीएम विरोधियों का तर्क है कि अगर मशीनों से ही चुनाव कराना हो तो पर्ची वोटर के हाथ में आये जिसे वह खुद बॉक्स में डाले और इसी की गिनती हो। आयोग को यह इस आधार पर मंजूर नहीं कि इससे परिणाम 3-4 दिन देर से निकलेंगे। यह तर्क इसलिये हास्यास्पद है क्योंकि कई बार नतीजे महीने भर बाद निकलते हैं। मशीनों का इस्तेमाल कई देश बन्द कर चुके हैं। भाजपा का इसके प्रति मोह व आग्रह शंकाओं को गहराता है।

असली सवाल यह है कि इन आंदोलनों में विपक्ष कहां है? ईवीएम की कथित गड़बड़ियों का सर्वाधिक नुकसान उसे है। वकीलों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ना नहीं है फिर भी वे सड़कों पर हैं। फिर, विरोधी दल इस आंदोलन में क्यों नहीं हैं? कुछ नेताओं ने बयानबाजी की है पर वह नाकाफी है।

# हवाई जहाज के किनारे भोजन उर्फ सबका साथ सबका विकास

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

हवाई जहाज के यात्रियों ने हवाई जहाज के बगल में, रनवे की जमीन पर बैठकर भोजन किया। ऐसा महान दृश्य इस महान देश ने कभी नहीं देखा था। पुराने जमाने में जब हवाई जहाज कम हुआ करते थे और गिने-चुने लोग ही हवाई यात्रा करते थे, तब जो लोग हवाई जहाज पर चढ़ नहीं पाते थे, वो हवाईयात्रियों को विमान की सीढ़ी तक छोड़ने और लेने जाया करते थे। यात्रियों के स्वागत और विदाई के लिए गेंदे की फूल-मालाएं हाथ में लेकर लोग जाते थे और दिल में एक हसरत भी कि काश कभी हम भी उड़ान भरने का सुख प्राप्त कर पाते। ये तो नेहरूजी जब तक प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने देश के लाखों लोगों को विमानयात्रा से वंचित रखा। हवा में उड़ने का आनंद देने की जगह आम लोगों के लिए न जाने क्यों आईआईटी, आईआईएम बनवाए, इलाज, खेती, विज्ञान जैसे गैरजरूरी क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान दिया। सार्वजनिक निकाय खड़े किए ताकि लोगों को सरकारी नौकरियां मिल सकें। और अब जब सरकार नौकरी नहीं दे पा रही है, तो चंद देशद्रोही मोदी सरकार पर ही उन्हें बेरोजगार रखने का इल्जाम लगा रहे हैं। जबकि सारी गलती नेहरू की है। आरएसएस के आर्थिक संगठन स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक अश्विनी महाजन ने इसे पूरे विस्तार से समझाया है। श्री महाजन ने कहा है कि जवाहरलाल नेहरू की नीतियों के कारण लोग सरकारी नौकरियों के पीछे भागने लगे। हर साल करोड़ों लोग नौकरी बाजार में आते हैं न तो सरकार और न ही बहुराष्ट्रीय कंपनियां इतनी नौकरियां दे सकती हैं। इससे निपटने का एकमात्र तरीका उद्यमियों को तैयार करना है। भारत कभी उद्यमियों का देश था। हमें उस भारत का पुनर्निर्माण करना है, और यह केवल बड़े पैमाने पर समाज के सहयोग से ही हो सकता है। इस कथन की व्याख्या यही समझ आती है कि अब बेरोजगारी के आंकड़े जारी करने और उन पर चिंता जाहिर करने का कोई अर्थ नहीं है। क्योंकि सरकार नौकरी नहीं दे सकती है। मोदीजी ने चुनाव की रौ में भले 2 करोड़ रोजगार हर साल देने की बात कही थी, लेकिन बाद में उन्होंने पकौड़ा तलकर देश के पुनर्निर्माण में योगदान की राह दिखा दी थी। संघ उसी राह पर अब भारत को ले जाना चाहता है। इसलिए वह समाज से सहयोग की अपेक्षा कर रहा है।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगीजी ने भी बिल्कुल सही कहा कि हम जनभावनाओं के अनुरूप काम करते हैं। एक न्यूज चैनल की दो महान पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को राहुल गांधी ने राजनैतिक कार्यक्रम बताया है, इस पर आपका क्या कहना है, तो योगीजी ने जवाब दिया कि कांग्रेस को ऐसा करने से किसने रोका था। इस जवाब को सुनकर लगा कि भाजपा हो या संघ, कांग्रेस की कमजोरियों को बिल्कुल सही तरीके से पकड़ते हैं। नेहरूजी ने बांध, कारखानों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों की जगह मंदिर बनवाए होते तो देश का हिंदू कभी सो ही नहीं पाता, न ही उसे उठाने में मोदीजी को इतनी मेहनत करनी पड़ती कि खुद उन्हें सोने के लिए बमुश्किल 3-4 घंटे मिलते। इसी तरह कांग्रेस ने भी इतने लंबे वक्त के शासन में पंचायती राज, श्वेत क्रांति, हरित क्रांति, संचार क्रांति, सूचना क्रांति, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा इन बेकार की बातों पर ध्यान देने की जगह धर्म क्रांति की होती, योगीजी के मुताबिक राम मंदिर को राजनैतिक आयोजन बनाया होता, तो आज देश का माहौल कुछ और ही होता। प्रधानमंत्री मोदी अपने संन्यासी जीवन में ही प्रसन्न रहते। उन्हें तो प्रधानसेवक इसलिए बनना पड़ा क्योंकि देश का अमृतकाल नजदीक आते जा रहा था और कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता की अफीम सूंघ कर बेहोश पड़ी हुई थी। पंचशील और गुटनिरपेक्षता के चलते अखंड भारत जैसे सपने हाशिए पर चले गए थे। इससे पहले कि देश पूरी तरह उदार, धर्मनिरपेक्ष, गांधीजी के सपनों वाले रामराज्य में तब्दील हो पाता, मोदीजी ने कमान संभाल ली। अब देश में सनातन सुरक्षित है, क्योंकि जागा हुआ हिंदू उसकी जमकर पहरेदारी कर रहा है। इस कदर कि इसमें उसका वर्तमान, भविष्य दांव पर लग जाए, उसे कोई परवाह नहीं है।

> ये हिंदू के जागने का ही असर है कि अब मोदीजी को सबका साथ, सबका विकास के वादे को पूरा करने में आसानी हो रही है। प्रधानमंत्री पद संभालने पर उन्होंने कहा था कि देश में ऐसा विकास कर देंगे कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाईयात्रा कर सकेंगे। उन्होंने ये कभी नहीं कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वालों को अच्छे जूते पहनने लायक बना देंगे। यानी लोग जिस हाल में हैं, उसी हाल में या उससे बुरे हाल में कर देंगे, बस उन्हें हवा में उड़ने का सुख नसीब हो सकेगा।

ये हिंदू के जागने का ही असर है कि अब मोदीजी को सबका साथ, सबका विकास के वादे को पूरा करने में आसानी हो रही है। प्रधानमंत्री पद संभालने पर उन्होंने कहा था कि देश में ऐसा विकास कर देंगे कि हवाई चप्पल पहनने वाले भी हवाईयात्रा कर सकेंगे। उन्होंने ये कभी नहीं कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वालों को अच्छे जूते पहनने लायक बना देंगे। यानी लोग जिस हाल में हैं, उसी हाल में या उससे बुरे हाल में कर देंगे, बस उन्हें हवा में उड़ने का सुख नसीब हो सकेगा। हालांकि कांग्रेस के शासनकाल में ही निजी विमानसेवाओं के आने के बाद हवाई यात्रा करने वालों का दायरा बढ़ गया, लेकिन विमानतल तो तब भी उच्चश्रेणी का ही अहसास कराते थे। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट्स में वर्ग विभाजन तो था ही। लिहाजा मोदीजी ने इस विभाजन को मिटाने का बीड़ा उठाया। अब जिस तरह रेलवे स्टेशनों पर 12-15 घंटे ट्रेनों का इंतजार होता है और यात्रीगण प्लेटफार्म पर बैठकर खाते-पीते समय बिताते हैं, कुछ वैसा ही हाल अब हवाईअड्डों का हो गया है। विमान के किनारे बैठकर भोजन करना, वर्ग विभाजन मिटाने का अनुपम उदाहरण है। अब विमान में उड़ने वाले रेल से सफर करने वालों पर रौब नहीं गांठ पाएंगे। यही है सबका साथ, सबका विकास। हवाई चप्पल वालों को जूता न मिल सका, तो जूते वालों को हवाई चप्पल पहना दो, बात तो एक ही है। ऐसा गणित मोदीजी ही समझा सकते थे।

कांग्रेस न जाने क्यों अब भी इस गणित को समझ ही नहीं रही है। राहुल गांधी फिर से भारत जोड़ो यात्रा पर निकल पड़े हैं, इस बार न्याय की मशाल उनके हाथ में है। लेकिन इस देश के लोगों को तो अपने नेता के हाथ में धर्म का दीया देखना अच्छा लगने लगा है। मोदीजी इसे अच्छे से समझते हैं। मोर को दाना वो चुगा चुके हैं, अब गाय को चारा खिला दिया। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री मंदिरों की परिक्रमा करते दिखाई दे रहे हैं। उनके मंत्रीगण भी अलग-अलग मंदिरों में झाड़ू लगाते, पोंछा लगाते, पूजा करते दिख रहे हैं। 22 जनवरी को उत्तरप्रदेश के शैक्षणिक संस्थान बंद करने का आदेश आ ही चुका है, हो सकता है पूरे देश में इसका पालन हो। सरकार राह दिखा रही है कि पढ़ने-लिखने, काम-धाम में कुछ नहीं रखा है। भगवान की भक्ति में समय बिताओ और खुद को रामभरोसे छोड़ दो, सब वही ठीक करेंगे। जनता जब इस बात को समझ जाएगी तो फिर सरकार से अपनी भूख, बीमारी और गरीबी पर सवाल नहीं करेगी।

फिर ये सवाल भी नहीं उठेंगे कि मोदीजी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में प्रतीकात्मक जजमान बनने की भी क्या जरूरत है। अगर वे बाकी लोगों की तरह इस आयोजन के केवल दर्शक बन जाते, तो क्या उनकी भक्ति में कोई कमी हो जाती। सवाल इस बात पर भी नहीं होगा कि महानायक का दर्जा प्राप्त कर चुके अमिताभ बच्चन ने आखिर किस प्रयोजन से 14 करोड़ की जमीन अयोध्या में खरीदी है। और जब महाराष्ट्र में अपने पूर्वजों के किसान होने के नाम पर कृषि भूमि खरीदी थी, तब उनका प्रयोजन क्या था। देश में जय श्री राम के नारों का शोर भरकर मोदीजी तो लगातार यही कोशिश कर रहे हैं कि सवाल पूछने की परंपरा ही खत्म हो जाए। शंकराचार्यों को भी भाजपा यही समझा रही है कि सवाल-जवाब करने का कोई लाभ नहीं है। अब तो देश 22 जनवरी को मोदीजी के कहे अनुसार दीपावली मनाने की तैयारी कर रहा है। रावण वध करके राम के अयोध्या लौटने पर दीपावली मनाने की कहानी अब पुरानी हो चुकी है। मोदीजी ने राम लला की पुनर्प्राणप्रतिष्ठा पर दीपावली मनाने कहा है, तो इस पर भी अब कोई सवाल नहीं होगा। लेकिन फिर भी एक सवाल करने की गुस्ताखी हो ही सकती है कि जैसे राम लला की प्राण प्रतिष्ठा फिर से संभव हो पाई, क्या वैसे कोविड में गुजरे लोगों के प्राण लौटाने का चमत्कार भी मोदी कर सकते हैं, क्या हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब की पुर्नप्राणप्रतिष्ठा को मोदीजी मुमकिन बना सकते हैं।

# सहयोगियों के साथ सीट साझा करने में कांग्रेस अधिक उदार

■ कल्याणी शंकर

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा संयोजक का पद ठुकरा दिये जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा उसका अध्यक्ष बनाये जाने के फैसले से कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं।

चुनाव से पहले साझेदारी बनाना अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन असली चुनौती सीटों पर सहमति बनाने में है। यह सवाल बना हुआ है कि इंडिया ब्लॉक के लिए सीट-बंटवारा कितना मुश्किल है, और क्या विपक्ष चुनाव से पहले बाधाओं को दूर कर सकता है?

कांग्रेस पार्टी गठबंधन के सभी घटक दलों को संतुष्ट करने वाला समाधान खोजने के लिए प्रयासरत है जो 28 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही है। गठबंधन ने भाजपा-विरोधी विपक्षी वोटों को विभाजित होने से रोकने के लिए भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए एक ही उम्मीदवार को नामांकित करने का फैसला किया है।

हालांकि, कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन खुद को एक मुश्किल स्थिति में पाता है क्योंकि अधिकांश क्षेत्रीय दल अधिक सीटों के लिए कड़ी सौदेबाजी कर रहे हैं, जो केवल कांग्रेस पार्टी के हितों की कीमत पर ही हो सकता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी को इस दुविधा को दूर करने के लिए अन्य सहयोगियों के साथ बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है। यह इंगित करता है कि कांग्रेस इस बार सहयोगियों को समायोजित करने के लिए कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है।

> राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर विपक्ष मुश्किल में है। विपक्षी गठबंधन ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इसमें भाग लेना केवल उनके कथन का समर्थन करेगा क्योंकि यह भाजपा के लिए एक राजनीतिक तमाशा है। जबकि कांग्रेस इस मुद्दे पर आंतरिक रूप से विभाजित थी, उसने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। सीपीआई (एम) और सीपीआई नेताओं ने विनम्रतापूर्वक निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पहले कई राज्यों में अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन किया था। यह तमिलनाडु में डीएमके के साथ जुड़ गया, जबकि बिहार में राजद और जद (यू), और झारखंड में झामुमो के साथ। हालांकि ये गठबंधन पहले से ही जारी हैं, कांग्रेस जानती है कि कुछ राज्यों, विशेषकर दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सीट-बंटवारा चुनौतीपूर्ण होगा।

कांग्रेस पार्टी फिलहाल अपनी पार्टी और सहयोगियों की जरूरतों को पूरा करने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। उसके सामने अपने क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सकारात्मक रिश्ते बनाये रखने की चुनौती है। पार्टी इस बात को लेकर सतर्क है कि बातचीत से साझेदारों के बीच कोई मनमुटाव न हो।

कांग्रेस की स्थानीय इकाइयों में साझेदारों को सीटें देने को लेकर शीर्ष नेतृत्व के बीच मतभेद हैं। वास्तविकता को देखते हुए, खड़गे ने पार्टी की गठबंधन समिति को सहयोगियों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने का निर्देश दिया है। उन्होंने इंडिया गुट के साथ समन्वय के लिए विपक्षी नेताओं से भी संपर्क किया है।

कांग्रेस लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ेगी। तेरह राज्यों में भाजपा के साथ वह सीधे लड़ेगी जबकि उसका मुकाबला आंध्र प्रदेश, केरल, ओडिशा और तेलंगाना में गैर-भाजपा दलों से है। कांग्रेस को यह तय करना है कि वह बंगाल और त्रिपुरा में सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन करेगी या नहीं।

अतीत में, कांग्रेस का दिल्ली और पंजाब में महत्वपूर्ण राजनीतिक दबदबा था। हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) कांग्रेस के प्रभुत्व के खिलाफ एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है, क्योंकि अब वह दोनों राज्यों में सत्ता पर काबिज है। जहां कांग्रेस का लक्ष्य दिल्ली में चार और पंजाब में सात सीटें हैं, वहीं सत्तारूढ़ आप पार्टी सीटों में बड़ी हिस्सेदारी चाहती है। इसके अतिरिक्त आप की गोवा, हरियाणा और गुजरात जैसे अन्य राज्यों में भी चुनाव लड़ने की योजना है।

इसी तरह उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राजद और जद (यू), जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी; और तमिलनाडु में डी.एम.के. का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने राज्य की कमान संभालेंगी।

2019 के चुनावों के दौरान, कांग्रेस 421सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन केवल 52 पर जीत हासिल कर सकी। उसने कुछ राज्यों में गठबंधन बनाया और कम सीटों पर चुनाव लड़ा, जैसे बिहार में नौ, झारखंड में सात, कर्नाटक में 21, महाराष्ट्र में 25 और तमिलनाडु में नौ। हालांकि, उसने उत्तर प्रदेश की 80 में से 70 सीटों पर चुनाव लड़ा।

कांग्रेस के अपने दम पर भाजपा को हराने की संभावना कम है। वह सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272सीटों पर स्वतंत्र रूप से चुनाव नहीं लड़ेगी, बल्कि 255सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जो अब तक की सबसे कम संख्या है। इसकी सबसे अच्छी स्थिति 125 सीटें जीतना है।

एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में कांग्रेस को भाजपा को सीधे चुनौती देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। 190 से अधिक सीटों पर मजबूत नेताओं को निर्वाचन क्षेत्रों से मैदान में उतारा जाना है। पार्टी को जमीनी स्तर पर बूथ कमेटियों को मजबूत करने की भी जरूरत है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी विवाद खड़ा हो गया है। जद (यू) के नेता के सी त्यागी ने सवाल किया कि कांग्रेस ने इसे विपक्षी गुट के सहयोगियों के साथ संयुक्त यात्रा क्यों नहीं बनाया। हालांकि कांग्रेस ने अपने सहयोगियों को आमंत्रित किया, लेकिन वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे यह अभी भी अनिश्चित है। सफल यात्रा का श्रेय राहुल गांधी को जायेगा।

राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर विपक्ष मुश्किल में है। विपक्षी गठबंधन ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इसमें भाग लेना केवल उनके कथन का समर्थन करेगा क्योंकि यह भाजपा के लिए एक राजनीतिक तमाशा है। जबकि कांग्रेस इस मुद्दे पर आंतरिक रूप से विभाजित थी, उसने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। सीपीआई (एम) और सीपीआई नेताओं ने विनम्रतापूर्वक निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

हालांकि चुनावी सर्वेक्षणों में भविष्यवाणी की गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी चुनाव जीतेंगे, लेकिन अगर विपक्ष एकजुट रहता है तो उनके जीतने की अभी भी कम संभावना है। यदि विपक्षी दल अधिकतम संभव सीट बंटवारे के समझौते के आधार पर लड़ते हैं तो वे 2004 के लोकसभा परिणाम दोहरा सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# आत्मदृष्टि से जीवन एक उत्सव

एक बार एक शिष्य ने अपने गुरु से बड़ी विनम्रतापूर्वक पूछा- 'गुरुजी, कुछ लोग कहते हैं कि जीवन एक संघर्ष है, कुच अन्य कहते हैं कि जीवन एक खेल है और कुछ कहते हैं कि जीवन एक उत्सव है। इन तीनों में सही कौन है गुरुदेव? गुरु ने बड़ी प्रसन्नतापूर्वक कहा- 'वत्स' जीवन एक संघर्ष भी है, जीवन एक खेल भी है और जीवन एक उथ्सव भी है- येतीनों ही बातें सही हैं। शिष्य ने फिर से पूछा- गुरुदेव ये तीनों ही बातें कैसे सत्य हो सकती हैं? यदि जीवन एक संघर्ष है तो खेल कैसे हो सकता है? जीवन एक संघर्ष है तो जीवन उत्सव कैसे हो सकता है? मुझे लगता है कि जीवनया तो संघर्ष हहो सकता है या खेल या फिर उत्सव, पर जीवन एक साथ संघर्ष, खेल औा उथ्सव कैसे हो सकता है? कृपया इसे स्पष्ट करने की कृपा करें गुरुदेव।'

गुरु ने कहा- वत्स, जिन्हें जीवन में गुरु नहीं मिला, उनके लिए जीवन एत संघर्ष है जिन्हे गुरु मिल गया, उनके लिए जीवन एक खेल है और जो लोग गुरु के द्वारा बताए गए मार्ग पर चल पड़ें, उनके लिए जीवन एक उत्सव है। जीवन में संघर्ष भरा हुआ है। व्यक्ति को जीवन में पग-पग पर संघर्ष का सामना करना पड़ता है। वह संघर्ष कभी बाह्य कारणों से, बाह्य परिस्थितियों से उत्पन्न होका बै तो कभी मनुष्य की अपनी ही मन:स्थिति के कारण मनुष्य को जीवन में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

गुरु ने आगे कहा संघर्ष माने वह चारों ओर से स्वयं को समस्याओं ले घिरा हुआ पाता है। वह इन समस्याओं से बाहर निकल आने को संघर्ष करता हुआ दिखाई पड़ता है। उसे जीवन में कई बार हार का सामना करना पड़ता है। उसे असफलता का सामना करना पड़ता है। सामान्य व्यक्ति हार का सामना करते-करते असफलता का सामना करते-करते अंदर से टूटने लगता है, बिखरने लगता है। वह हार और असफलता को ही अपनी नियति मानने लगता है।

गुरु ने समझाया वहस्वयं को चारों ओर से हताशा और निराशा के चक्रव्यूह मं फंसा हुआ देखकर जीवन को चुनौतियों और संघर्षों के सामने घुटने टेक देता है और आत्महत्या जैसे कदम भी उठाने की सोचने लगता है। ऐसा इसलिए हो पाता है क्योंकि व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों और संघर्षों का सामना करना नहीं आता। उसे किसी ऐसे गुरु का सान्निध्य और मार्गदर्शन प्राप्त नहीं पाता, जो उसे जीवन की चुनौतीएवं संघर्षों का सामना करना सिखा सके। अत: जिसे जीवन में गुरु न हीं मिला, गुरु का संरक्षण -मार्गदर्शन नहीं मिला, उसके लिए तो जीन संघर्ष ही है, जिससेवह बाहर निकल पाने में स्वयं को असक्षम और असमर्थ पाता है, पर जब व्यक्ति को किसी गुरु का मार्गदर्शन प्राप्त हो जाता है, तब उसके लिए जीवन एत खेल की तरह होता है।

अपनी बात आघे बढ़ाते हुए गुरुदेव ने कहा- वह जीवन में आई कठिन से कठिन चुनौतियों को खेल ,समझता है। कठिन चुनातियों और संघर्षों के समक्ष घुटने टेकने के बजाय वह एक योद्धा, खिलाड़ी की तरह उनका बहादुरी और कुशलतापूर्वक सामना करता है। जैसे खेल के मैदान मैं दौड़ता हुआ, खेलता हुआ खिलाड़ी अपने कोच, प्रशिक्षक गुरु से सीखे गए खेल की बारीकियों को ध्यान में रखकर खेल खेलता जाता है और खेल के परिणाम को अपने पक्ष में करता जाता है, पर जिन्हें जीवन में कुशल प्रशिक्षक, गुरु नहीं मिलपाए उनके लिए खेल की बारीकियों को समझना और तदनुरूप खेलकर जीत हासिल करना संभव नहीं हो पाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### इंटरनेट पर बाल शोषण में बढ़ोतरी, बचपन को बचाने की जद्दोजहद

ऑनलाइन बच्चों का शोषण हो रहा है। इन बच्चों से वसूली से लेकर उन्हें यौन उतेजक सामग्री दिखाना, इनमें बच्चों से वसूली करना आदि शामिल है। ग्लोबल थ्रेट एसेसमेंट की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि 7-10 साल के बच्चों में 360 प्रतिशत अपराध बढ़े हैं जिसमें सेक्सुअल एमीजीनेशन और चाइल्ड अब्यूज के केस में वृद्धि हुई है। देश में चाइल्ड अब्यूज के केस बढ़ रहे हैं। यौन दुराचार से अभिभावकों को चिंता खाए जा रही है। यह एक ऐसा अपराध है जो बच्चे उन्हीं का शिकार बनते हैं। बच्चों को स्मार्टफोन दे कर पीछे मुड़कर नहीं देखते हैं। अभी हाल ही में ग्लोबल थ्रेट एसेसमेंट 2023 की ताजा रिपोर्ट के आंकड़े सार्वजनिक किए है। उसमें बच्चों की ऑनलाइन शोषण में बढ़ोतरी हुई है। इंटरनेट पर बाल शोषण की सामग्री में 87 फीसद बढोतरी हुई है। वैश्विक स्तर में 3.2 करोड़ से ज्यादा बच्चे बाल शोषण के मामले सामने आए हैं। बच्चों के यौन शोषण से बचाने बहुआयामी जवाबदारी की जरूरत है। यह एक ऐसा अपराध है जिसके तहत बच्चे इन्हीं का शिकार बनते हैं जिनसे यह उम्मीद होती है वे उन्हें महफूज रखेंगे। इसलिए जब ऐसी घटनाओं के राज खुलते हैं तो मानवीय संबंधों को तार-तार करने वाले नए-नए किस्से उजागर होते हैं क्योंकि ये दोनों मामले कोई नए नहीं हैं। इस प्रकार की घटनाएं हमारे आसपास होती हैं। दरअसल, बच्चों के साथ दुष्कर्म और उनका उत्पीड़न पूरे देश में गंभीर समस्या बना हुआ है जिसके लिए ऊपरी तौर पर चर्चा तो बहुत होती है लेकिन कभी भी उसके तह में जाने की जहमत नहीं उठाई जाती। बच्चों के शोषण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमकर उपयोग हो रहा है। 2023 की शुरुआत में अपराधी द्वारा बाल शोषण सामग्री बनाने और बच्चों का शोषण करने के जेनरेटिव एआई के मामले भी बढ़े है। इंटरनेट वॉच फाउंडेशन स्वनिर्मित सेक्सचुअल इमेजिनेशन में 360 फीसदी की वृद्धि हुई है। ऑनलाइन दुर्व्यवहार में परिचित होने की तस्वीर साफ हुई है। सरकार ,ऑनलाइन सेवा और चैरिटी को मिलकर बच्चों की सुरक्षा के लिए काम करना चाहिये। इस पर महिला और बाल विकास मंत्रालय को सक्रियता दिखानी चाहिए।

### नहीं बख्शे जाएंगे भू माफिया

योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है तब से कानून व्यवस्था की परिधि में कार्यों को अंजाम देने का कार्य कर रहे हैं। भू माफियाओं की बात हो. दुष्कर्मियों की बात हो, छेड़खानी, भ्रष्टाचार की बात- हर जगह सख्त कार्रवाई की गई है। गोरखपुर में जनता दरबार की सुनवाई के दौरान योगी ने कहा कि कमज़ोरों को उजाड़ने वाले दबंग अपने बोरिया-बिस्तर समेट ले, क्योंकि उनकी जगह जेल में है। लोगों की समस्या सुनते समय योगी ने कानून व्यवस्था की मजबूती के साथ गरीबों को हर समय उपद्रवियों से बचाने का भरोसा दिलाकर कहा सरकार हर कार्य के लिए संकल्पित है। योगी ने आर्थिक सहायता की गुहार लगाते हुए कहा कि इलाज के लिए सरकार भरपूर मदद करेगी। जिस तरह उत्तरप्रदेश में सबको न्याय मिल रहा है। वैसे ही राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार ने भू माफियों को खदेड़ दिया। योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से संबोधीत किया जा रहा है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 300 बीघा जमीन अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई गई। राजस्थान में पहली बार बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 मकान ध्वस्त किए गए। भू माफिया की दबंगाई धरी की धरी रह गई। 1000 भूखंड कब्जे में लिए हैं। अतिक्रमणकारी एक-एक लाख में भूखंड बेच रहे थे। इन पर बस्तियां बन चुकी थीं। सात घण्टे चले बुलडोजर ने अतिक्रमण दूर कराया गया। गरीबों की सरकार लोगों को अपना न्याय दिलाने का काम कर रही है। कानून को धत्ता देकर कांग्रेस के शासनकाल में भू माफिया फलफूल रहे थे। अब सबका साथ सबका विकास और सबको न्याय की भाजपा सरकार ने दबंगियों को अपना ठिकाना बता दिया है। अब सबको न्याय मिलेगा। कानून को हाथ में लेने वालों की खैर नहीं है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## गाजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 24,285 हुआ

**गाजा।** गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 24,285 हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 158 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 320 अन्य को घायल कर दिया। इसमें कहा गया है कि 7 अक्टूबर 2023 से जारी इज़रायल-हमास संघर्ष के कारण के शुरू होने के बाद से 61,154 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं।

# ईरानी हवाई हमले के बाद पाकिस्तान ने तेहरान से बुलाया अपना राजदूत

■ पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी



**इस्लामाबाद,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने अपने सीमा क्षेत्र में ईरान के हाल के हमलों के मद्देनजर राजधानी तेहरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का निर्णय लिया है और ईरानी सरकार को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मंगलवार को अपने क्षेत्र पर आतंकवादी हमलों की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान क्षेत्र में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमले किये। यह पाकिस्तानी क्षेत्र पर ईरानी सशस्त्र बलों द्वारा किया गया पहला मिसाइल हमला था।

बमबारी के तुरंत बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस्लामाबाद स्थित ईरानी दूत को तलब कर 'पाकिस्तान की संप्रभुता के इस घोर उल्लंघन की कड़ी निंदा' की। मंत्रालय ने उन्हें यह चेतावनी भी दी कि ईरान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ईरान के हमले में दो बच्चों की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये। उसने ईरान के कृत्यों की निंदा की और तेहरान द्वारा मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से हमलों के बारे में इस्लामाबाद को कोई जानकारी नहीं देने पर चिंता जतायी। उसने कहा, हमने यह संदेश ईरानी सरकार को दे दिया है। हमने उन्हें यह सूचना भी दे दी है कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो वर्तमान में स्वदेश में हैं, फिलहाल वापस नहीं लौट सकेंगे। हमने यह भी फैसला किया है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान और ईरान के बीच जारी या प्रस्तावित सभी उच्च-स्तरीय यात्राओं को निलंबित कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, इस्लामाबाद इन हमलों को 'ईरान द्वारा पाकिस्तान की संप्रभुता का अकारण और खुला उल्लंघन' मानता है, और यह 'अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों का उल्लंघन है। बयान में कहा गया, यह गैरकानूनी कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसका कोई औचित्य नहीं है।

## पाकिस्तान में बम धमाके में नौ लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान के क्वेटा शहर में बुधवार को बम विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित नौ लोग घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मीडिया को बताया कि विस्फोट बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा में जरघून रोड के किनारे कूड़े के ढेर के पास तब हुआ, जब तीन बच्चे उसमें से सामान निकाल रहे थे। विस्फोट में नौ लोग घायल हो गये। घायलों को क्वेटा के ट्रॉमा केंद्र एवं आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही, पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गये। केंद्र के प्रबंध निदेशक अरबाब कामरान ने शिन्हुआ को बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उनका गहन चिकित्सा इकाई में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बम कूड़े के ढेर के पास लगाया गया था।

## इराक ने ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत दर्ज कराई

**बगदाद।** इराकी विदेश मंत्रालय ने कुर्दिस्तान के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी इरबिल पर मिसाइल हमले के बाद बुधवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान के खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में इराक के स्थायी मिशन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष दोनों को दो समान पत्रों में शिकायत दर्ज की है। बयान के अनुसार, मंत्रालय के पत्रों में इस बात पर जोर दिया गया आक्रामकता को इराक की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इराकी लोगों की सुरक्षा का घोर उल्लंघन माना जाता है। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इरबिल पर ईरानी मिसाइल हमले की आक्रामक कार्रवाई के रूप में मंगलवार को निंदा की, जो मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर देगा। इससे पहले मंगलवार को, ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा था कि उसने हाल ही में ईरान विरोधी ' आतंकवादी' हमले की प्रतिक्रिया के रूप में क्रमशः सीरिया के साथ-साथ इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में 'आतंकवादियों' और इज़राइल की खुफिया सेवा मोसाद के ठिकानों के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। कुर्दिस्तान क्षेत्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को बयान में कहा कि इरबिल में ' कई आबादी वाले नागरिक क्षेत्रों' पर ईरानी मिसाइल हमले में चार लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए।

## सुडोकू 6440

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 3 | | 9 | 8 | 1 | | |
| | | 2 | | 5 | 3 | 8 | | 7 |
| 5 | | 8 | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | | | | 9 | | 5 | |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| | 1 | | 4 | | | | | 2 |
| | 7 | | | | 2 | 5 | | 4 |
| 2 | | 9 | 5 | 4 | | 7 | | |
| | | 6 | 9 | 3 | | 2 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 18 जनवरी, 2024 पौष शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष -आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आपके घर में मित्र और सगे सम्बंधियों के आने से माहौल खुशनुमा होगा। किसी उपहार के मिलने से आपको खुशी होगी। आप आज आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

वृषभ -आज कोई भी निर्णय लेने से पहले सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी के साथ भी गलतफहमी हो सकती है। शारीरिक अस्वस्थता आपके मन को उदास कर देगी। परिवार में मतभेद और मनमुटाव हो सकता है।

मिथुन -आज आर्थिक, सामाजिक और कुंटुंबजनों से लाभ का दिन है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी होगा। रमणीय स्थल पर प्रवास होने से आपका दिन आनंददायक बन जाएगा।

कर्क -आज ऑफिस में उच्च अधिकारी आपसे खुश होकर आपका उत्साह बढ़ाएंगे। आपकी पदोन्नति या वेतनवृद्धि होने की संभावना है। पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ होंगे। मान- सम्मान में वृद्धि होने से प्रसन्नता मिलेगी।

सिंह -सुस्ती के कारण आपके काम करने की गति मंद पड़ जाएगी। पेट की तकलीफ आपको परेशान करेगी। काम में विरोधी बाधा डाल सकते हैं। आज ऑफिस में अधिकारियों से थोड़ी दूरी रखना बेहतर होगा।

कन्या -आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आपमें आवेश और क्रोध की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी पर भी संयम बरतने की जरुरत है। अनैतिक कामों से दूर रहें।

तुला -आज सांसारिक जीवन का विशेष रूप से आनंद उठा सकते हैं। परिजनों के साथ सामाजिक काम के सिलसिले में बाहर जा सकते हैं। छोटी यात्रा का आयोजन होगा। व्यापार में वृद्धि कर सकते हैं।

वृश्चिक -आज कुछ आकस्मिक घटनाएं घटेंगी। पूर्वनिर्धारित मुलाकात रद्द होने से हताशा और क्रोध की भावनाएं पैदा होंगी। आपके हाथ में आए हुए अवसर हाथ से सरकते हुए प्रतीत होंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होंगे।

धनु -हाथ में लिए हुए काम में असफलता मिलने से हताशा आएगी। संतान की शिक्षा या स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। यात्रा न करना आपके लिए लाभदायक होगा। पेट संबंधी बीमारियों से परेशानी होगी। मन में काल्पनिक तरंगें उठेंगी।

मकर -आज आपको शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशमय रहने से मन उदास रहेगा। स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा।

कुंभ -आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आप मानसिक राहत अनुभव करेंगे। काम करने में आपको उत्साह रहेगा। भाई- बंधुओं के साथ घरेलू मामलों पर चर्चा या आयोजन करेंगे और आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे।

मीन -आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा किसी से मनमुटाव होने की संभावना है। पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूसी वायु रक्षा बलों ने यूक्रेन के ड्रोन को नष्ट किया

**मॉस्को,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र में रात भर में यूक्रेन के सात विल्खा रॉकेट और चार मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। बेलगोरोड क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने दिन की शुरुआत में कहा कि क्षेत्र और बेलगोरोड शहर में सात यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया, प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि कोई हताहत नहीं हुआ। बेलगोरोड शहर के मेयर के कार्यालय ने कहा कि बुधवार को बेलगोरोड में रॉकेट खतरे की घोषणा की गई थी और निवासियों से घर पर रहने और खिड़कियों से दूर रहने का आग्रह किया गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा 17 जनवरी को, तड़के लगभग 2.40 बजे मास्को समय , कीव शासन द्वारा विल्खा मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम और यूएवी का उपयोग करके रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्य पर आतंकवादी हमला करने का प्रयास किया गया था , नाकाम कर दिया गया। ड्यूटी पर मौजूद रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर सात रॉकेट और चार यूक्रेनी यूएवी को नष्ट कर दिया। श्री ग्लैडकोव ने कहा कि क्षेत्र में वायु रक्षा प्रणालियां दिन में फिर से सक्रिय हो गईं।

## तीन जापानी कंपनियों ने लाल सागर के रास्ते रोका जहाजों का परिवहन



**टोक्यो,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। जापानी शिपिंग कंपनियां निप्पॉन युसेन, मित्सुई ओएसके लाइन (एमओएल) और कावासाकी किसेन ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने के बीच सभी मालवाहक जहाजों के लिए लाल सागर के माध्यम से अपने परिवहन मार्गों को निलंबित कर दिया है। जापानी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने बताया कि पहले केवल इजरायल से जुड़े जहाजों पर लागू होने वाली रोक अब सभी मालवाहक जहाजों पर विस्तारित कर दी गई है। कथित तौर पर कंपनियां दक्षिण अफ्रीका में केप ऑफ गुड होप के आसपास अपने जहाजों का मार्ग बदल रही हैं जिसका मतलब है अधिक कीमत पर लंबे मार्ग से शिपिंग। नवंबर 2023 में यमन के विद्रोही अंसार अल्लाह आंदोलन यानी हाउती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में अपनी सैन्य कार्रवाई बंद करने तक इजरायल से जुड़े किसी भी जहाज पर हमला करने की चेतावनी दी है। तब से कई शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर और स्वेज नहर के माध्यम से अपने पारगमन को निलंबित करने की घोषणा की है। दिसंबर में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने लाल सागर में नौवहन को सुरक्षित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय ऑपरेशन शुरू करने की घोषणा की।

### बेल्जियम ने संभावित व्यवधानों की दी चेतावनी

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के तटीय शहर एंटवर्प स्थित यूरोप के दूसरे सबसे बड़े बंदरगाह ने कहा है कि भविष्य में लाल सागर में संकट के कारण जहाज में देरी और बंदरगाह संचालन में व्यवधान संभव है, हालांकि ऐसा अब तक ऐसा कुछ नहीं हुआ है। बंदरगाह ने आरआईए नोवोस्ती को बताया, आज तक कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। जहाजरानी कंपनियां सात से 10 दिनों की देरी की रिपोर्ट कर रही हैं। कॉल की संख्या वही बनी हुई है। कंटेनर जहाज यातायात सबसे अधिक प्रभावित है जबकि अन्य श्रेणियों के जहाज कम प्रभावित हुए हैं।

## रामास्वामी लंबे समय तक टीम के साथ काम करते रहेंगे : ट्रम्प



■ रामास्वामी को आयोवा रिपब्लिकन कॉकस में केवल आठ प्रतिशत के करीब वोट मिले

**वाशिंगटन,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उनके पूर्व रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी लंबे समय तक उनकी टीम के साथ काम करते रहेंगे। श्री रामास्वामी ने आयोवा रिपब्लिकन कॉकस में केवल आठ प्रतिशत के करीब वोट हासिल करने के बाद अपना अभियान निलंबित कर दिया, जबकि श्री ट्रम्प ने 51 प्रतिशत वोटों के साथ रिपब्लिकन नामांकन के लिए राज्य का समर्थन हासिल किया। श्री ट्रम्प ने न्यू हैम्पशायर राज्य में एक अभियान भाषण के दौरान कहा, वह लंबे समय तक हमारे साथ काम करेंगे। श्री रामास्वामी आगामी चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए न्यू हैम्पशायर में श्री ट्रम्प की अभियान रैली में उपस्थित हुए। विवेक 2024 के पूर्व उप संचार निदेशक स्टीफन मायचाजली ने बताया कि वह इस बात पर अटकलें नहीं लगाएंगे कि श्री ट्रम्प अपनी टीम के साथ श्री रामास्वामी को किस भूमिका में लेने की योजना बना रहे हैं।


श्री मायचाजली ने कहा, मैं कभी भी ऐसे निर्णय पर अटकलें नहीं लगाऊंगा जिसके बारे में केवल श्री ट्रम्प ही जानते हों। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि विवेक रामास्वामी एक रूढ़िवादी देशभक्त हैं जो अमेरिकी उत्कृष्टता को बहाल करने के बारे में गहराई से परवाह करते हैं। विवेक 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, एक ऐसा उद्देश्य जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अमेरिकी सपने की सुंदरता को बहाल करेगा।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रेसिडेंट भारत दौरे पर आएंगे

**संयुक्त राष्ट्र,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रेसिडेंट डेनिस फ्रांसिस युगांडा में गुटनिरपेक्ष और जी77 के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद इसी महीने के अंत में भारत का दौरा करेंगे। उनकी प्रवक्ता मोनिका ग्रेली ने ये बात कही है। उन्होंने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि शिखर सम्मेलन के लिए 17 से 21 जनवरी तक कंपाला दौरे के बाद उनका भारत और चीन जाने का कार्यक्रम है। भारत में अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत में सुरक्षा परिषद सुधार, साउथ-साउथ सहयोग और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा होने की संभावना है। ग्रेली ने कहा, त्रिनिदाद के एक करियर राजनयिक फ्रांसिस, जो पिछले साल महासभा प्रेसिडेंट चुने गए, कंपाला में शिखर सम्मेलन में इस बात पर रोशनी डालेंगे कि अभूतपूर्व संकट के समय, ग्लोबल साउथ की संयुक्त आवाज की बहुत अधिक जरूरत है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो शिखर सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। फ्रांसिस ने सुरक्षा परिषद सुधार को आगे बढ़ाने की आवश्यकता जताई है, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

## वर्ग पहेली 6440



**बायें से दायें:-**

१. तमिलनाडु में बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का प्रदर्शन जिसे बाद में बंद कर दिया गया
३. पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल, वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
११. अपने श्रम का प्रतिफल लेने वाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारम
१४. श्रीराम, सियाराम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
२०. बाइज्जत
२१. मुसलमानों का एक पवित्र महिना
२२. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब, पॉकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला विभक्त करने वाला
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर या नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५. चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6439

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | र्व | २ मं | ग | ३ ला | ■ | ४ म | नो | ५ ब | ल |
| ह | ■ | ग | ■ | ६ क्षा | री | य | ■ | दि | ■ |
| ७ पा | ग | ल | ■ | भ | ■ | ८ खा | मि | या | ९ जा |
| ठी | ■ | का | ■ | १० व | र | ना | ■ | ■ | फ |
| ■ | १०१ चि | ल | १२ म | न | ■ | ■ | १३ अं | त | रा |
| ■ | रां | ■ | दि | ■ | १४ बे | हू | दा | ■ | न |
| १५ अ | ध | १६ म | रा | ■ | व | ■ | १७ ज | १८ रा | ■ |
| नि | ■ | क | ■ | १९ र | क्त | २० प | ■ | जि | ■ |
| २१ वा | जि | ब | ■ | ह | ■ | २२ ह | र | का | २३ रा |
| र्य | ■ | २४ रा | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


## आज का इतिहास

1930-रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की।
1942-मुक्केबाज़ मुहम्मद अली का जन्म।
1947-प्रसिद्ध भारतीय गायक और अभिनेता कुंदन लाल सहगल का जालंधर में निधन।
1959-महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा।
1962-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1972-क्रिकेट खिलाड़ी विनोद काम्बली का जन्म।
1976-फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।
1986-दक्षिण यमन की राजधानी अदन में जबरदस्त संघर्ष शुरू होने पर विदेशी नागरिक भागने लगे।
1989-चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आज़ादी सच्चाई और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।
1997-नफीसा जोसेफ़ मिस इंडिया बनीं।
2001-लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता संभाली।
2002-संयुक्त राज्य अमेरिका भारत को अत्याधुनिक हथियार देने को राजी, कॉलिन पावेल ने कहा कि पाक आतंकवादियों की सूची पर कार्रवाई करे तभी भारत वार्ता करेगा।
2003-हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का निधन।
2004-भारत ने क्रिकेट की एकदिवसीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को 19 रनों से हराया।

**जनसंख्या** चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से मिली जानकारी

# चीन की जनसंख्या घटकर 1.409 अरब रह गई

**बीजिंग,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। चीन की जनसंख्या 2023 के अंत तक साल-दर-साल 20.80 लाख से कम होकर 1.409 अरब रह गयी है। चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से बुधवार को यह जानकारी दी गई। ब्यूरो की विज्ञप्ति के अनुसार आधुनिक चीन गंभीर जनसांख्यिकीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें लिंग असंतुलन और बढ़ती आबादी शामिल है, जो 1970 के दशक के अंत में शुरू की गई चीन की एक-परिवार-एक-बच्चा नीति द्वारा लाई गई थी, जिसके तहत शहरों में परिवारों को केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी और गांवों में यदि पहला बच्चा लड़की हो तो दो। ब्यूरो ने बताया कि 2013 में, बीजिंग ने इस मुद्दे को हल करने के लिए प्रतिबंधों में ढील दी, उन जोड़ों को अनुमति दी, जहां परिवार में एकमात्र बच्चा है, उन्हें दूसरा बच्चा पैदा करने की अनुमति दी गई और 2016 में सभी जोड़ों को एक से अधिक बच्चे पैदा करने की अनुमति दी गई। 2021 में, चीनी नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने जनसंख्या और परिवार नियोजन पर कानून में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे जोड़ों को तीन बच्चे तक पैदा करने की अनुमति मिल गई और पहले से निर्धारित सभी जुर्माने और शुल्क को समाप्त कर दिया गया। इन उपायों से जन्म दर में उछाल नहीं आया। इसके विपरीत, चीन में जन्म दर पिछले कई वर्षों में धीरे-धीरे कम हो रही है, 2016 में 1.77 करोड़, 2017 में 1.72 करोड़, 2018 में 1.52 करोड़, 2019 में 1.46 करोड़, 2020 में 1.2 करोड़, 2021 में 1.06 करोड़ और 2022 में 95.60 लाख दर्ज की गयी।



■ जनसंख्या में 20.80 लाख की कमी आई

### चीनी बाजार चुनना एक मौका है : ली छ्यांग

**बीजिंग।** चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेकर विशेष भाषण दिया। उन्होंने बल दिया कि चीन अपने वादे पर अटल रहने वाला देश है। चीनी बाजार चुनना खतरे के बजाय मौका है। उन्होंने विश्व आर्थिक बहाली बढ़ाने के लिए पांच सूत्रीय सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें समग्र आर्थिक नीतियों के समन्वय को मजबूत बनाना, व्यापार व निवेश के मुक्तिकरण व सुविधा को बढ़ाकर अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक चेन व सप्लाई चेन की स्थिरता व सुगमता की सुरक्षा करना, अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक व तकनीकी सहयोग मजबूत करना, हरित विकास और दक्षिण-उत्तर, दक्षिण-दक्षिण सहयोग बढ़ाना शामिल हैं।

## दुनिया को जानें

# न्यूजीलैंड में जंगल की आग से बचाने के लिए अध्ययन

**वेलिंगटन,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के शोधकर्ता बड़े पैमाने पर जंगल की आग फैलने वाले स्थानों के बारे में अधिक सटीक जानकारी देने के लिए मॉडल बना रहे हैं। शोधकर्ता विस्तृत, स्थानीयकृत मॉडलिंग सिस्टम बना रहे हैं जो मौसम में होने वाले बदलावों के कारण आग के व्यवहार में परिवर्तन को शामिल करके आग फैलने की सटीक जानकारी प्रदान कर सकें। कैंटरबरी विश्वविद्यालय (यूसी) में वायुमंडलीय गतिशीलता विषय के एसोसिएट प्रोफेसर मारवान कैटुरजी ने कहा, न्यूजीलैंड में भविष्य में जंगल की आग के खतरे का आकलन करने वाले पिछले अध्ययनों से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन से कई क्षेत्रों में आग का खतरा बढ़ जाएगा, इसलिए आग से निपटने में सक्षम होना समुदायों और पर्यावरण की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण होगा। शोध के आंकड़ों से पता चलता है कि 2017 के बाद से न्यूजीलैंड में जंगल की आग से होने वाले नुकसान की लागत 8.20 करोड़ न्यूजीलैंड डॉलर तक पहुंच गई है।

# प्रादेशिकी

## जोशीमठ में 19 को योजनाओं का रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे लोकार्पण

देहरादून। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 जनवरी को जोशीमठ ढाक में सीमा सड़क संगठन के जवानों से मिलेंगे। साथ ही कई विकास योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। रक्षा मंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीएम हिमांशु खुराना ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। डीएम ने जोशीमठ हेलीपैड व गौचर हवाई पट्टी पर लैंडिंग की व्यवस्था रखने के लिए कहा। कार्यक्रम स्थल ढाक में चिकित्सा सुविधा, बिजली पेयजल आपूर्ति, यातायात व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ अभिनव शाह, एडीएम डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एसडीएम आरके पांडेय, एसीएमओ डॉ. एमएस खाती, बीआरओ के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# धामी ने मांगा 125 मिलियन टन क्षमता को कोल ब्लॉक

### सीएम ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जोशी से की भेंट



**देहरादून,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने न्यूनतम 1000 मेगावाट के पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित किये जाने के लिए उत्तराखंड राज्य को लगभग 125 मिलियन टन भण्डारण क्षमता की एक कोल ब्लॉक का आवंटन प्राथमिकता पर करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकूल औद्योगिक नीति के कारण राज्य में द्रुत गति से औद्योगिक विकास हुआ है, जिसके फलस्वरूप विद्युत की मांग में निरन्तर वृद्धि हुई है। सर्दियों के मौसम में बिजली की कमी गंभीर हो जाती है क्योंकि ठंडे तापमान के कारण नदियों में पानी का बहाव कम हो जाता है। राज्य में बिजली की मांग प्रतिवर्ष लगभग 4 से 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और लीन सीजन की अवधि में प्रतिदिन लगभग 4 से 5 मिलियन यूनिट की औसत कमी होती है। औद्यौगिकीरण बढ़ने के कारण आने वाले वर्षों में विद्युत की मांग और बढ़ने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा की गई संस्तुति के दृष्टिगत राज्य में विद्युत परियोजनाओं के तेज गति से विकास किये जाने के लिए यूजेवीएन लि0 (राज्य सरकार का उपक्रम) और टीएचडीसी इंडिया लि0 के बीच एक संयुक्त उपक्रम (टीएचडीसीआईएल-यूजेवीएनएल एनर्जी कम्पनी लिमिटेड) का गठन किया गया है। टीएचडीसी इण्डिया लि0 की तापीय विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में भी अनुभव को ध्यान में रखते हुए राज्य की विद्युत मांग की आपूर्ति हेतु इस नए संयुक्त उपक्रम के माध्यम से एक पिट-हेड थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। उत्तराखण्ड राज्य उन कुछ राज्य में से एक है जहां कोई भी थर्मल पावर स्टेशन संचालित नहीं है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से उत्तराखण्ड राज्य को एक कोल ब्लॉक का आवंटन प्राथमिकता पर करने का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने यथासंभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

## स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर हिमाचल भाजपा ने सरकार को घेरा

**शिमला,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर हिमाचल भाजपा ने सरकार को घेरा है। भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक बलवीर वर्मा ने आरोप लगाया है कि व्यवस्था परिवर्तन के मौजूदा नए दौर में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। जयराम सरकार के वक्त शुरू की गई हिम केयर योजना का करीब 200 करोड़ का भुगतान लंबित होने से अस्पताल रोगियों का निशुल्क उपचार करने से कतरा रहे हैं। क्रसना लैब पर सरकार दबाव बना कर काम करवा रही है। 108 एंबुलेंस के टायर फटने लगे हैं। मगर सरकार इन तमाम स्वास्थ्य सुविधाओं को नजरअँदाज कर व्यवस्था परिवर्तन का राग अलाप रही है। शिमला में पत्रकारों से बात करते हुए बलवीर वर्मा ने कहा कि अस्पतालों में सेवाएं दे रही क्रसना लैब का तकरीबन 54 करोड़ रूपए सरकार ने देना है। कंपनी द्वारा बार बार नोटिस दिए जाने के बावजूद इस राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा। क्रसना लैब में करीब 18 हजार हिमाचली युवा काम करते हैं। भुगतान न होने से इन युवाओं के रोजगार पर संकट है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की सत्ता पर काबिज होने से पहले कांग्रेस ने युवाओं को रोजगार की गारंटी दी, मगर सत्ता पर काबिज होने के बाद रोजगार की गारंटी को पूरा करने के बजाय कोविड वारियर्स और आउय सोर्स को सरकार ने नौकरी से निकाल दिया। क्रसना लैब का भुगतान न होने से इसमें कार्य कर रहे हिमाचली युवाओं के रोजगार खोने का अँदेशा है।

## 'भगवान राम का विरोध भी करते है और उनकी कसमें भी खाते हैं कांग्रेसी: जयराम ठाकुर'

- 'कांग्रेसी नेताओं में अगर भगवान राम के प्रति आस्था होती तो वह कांग्रेस के निर्णय का विरोध करते'
- 'प्राण प्रतिष्ठा समारोह का विरोध कांग्रेस पार्टी को बहुत महंगा पड़ेगा'

**शिमला,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता कुछ भी बोलते हैं। एक तरफ़ वह अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध भी कर रहे हैं दूसरी तरफ़ भगवान श्रीराम की कसम भी खा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने भगवान राम जन्म क्षेत्र मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नहीं जाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस का यह निर्णय करोड़ों राम भक्तों की आस्था और श्रद्धा के विरुद्ध है। कांग्रेस बीजेपी का विरोध करते-करते अब रामचंद्र जी का विरोध करने लगी है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। राम का विरोध कांग्रेस को बहुत महंगा पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा या संघ का विरोध कर सकते हैं लेकिन रामचंद्र जी का विरोध सर्वथा अनुचित है। विक्रमादित्य जी को प्राण प्रतिष्ठा में जाना चाहिए। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जाने का निमंत्रण बहुत सौभाग्यशाली और बहुत कम लोगों को मिला है। यह उनके सौभाग्य की बात है कि उन्हें इस पुण्य अवसर पर साक्षी होने का मौका मिल रहा है। कांग्रेस इस पुण्य कार्य में भी राजनीतिक दृष्टि से निर्णय कर रही है। यह किसी के व्यक्तिगत आस्था और श्रद्धा के प्रति कुठाराघात है। किसी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के महोत्सव में जाने से रोकना अनुचित है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल के कांग्रेसी नेताओं में भगवान राम के प्रति अगर तनिक भी आस्था होती तो वह कांग्रेस द्वारा भगवान श्री राम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार श्रद्धा और आस्था के विरुद्ध है, के फ़ैसले पर अपना ऐतराज़ जताते। लेकिन हिमाचल के किसी भी कांग्रेसी नेता कांग्रेस के इस कृत्य का विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश में इस प्रकार का भक्तिमय माहौल पहले कभी देखने को नहीं मिला। 500 वर्षों के संघर्ष के बाद यह लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पूरे देश के करोड़ों राम भक्त आस्था और श्रद्धा के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए एक सौभाग्य है कि हमें यह क्षण देखने को मिल रहा है। इसमें बड़ा योगदान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का रहा है।

**सार संक्षेप**

### हाथीबड़कला चौकी के नवनिर्मित भवन का एसएसपी ने किया लोकार्पण

**देहरादून।** हाथीबड़कला चौकी के नवनिर्मित भवन को लोकार्पण करते हुए कहा कि नये भवन के निर्माण से स्थानीय लोगो के साथ-साथ पुलिस कर्मियों को भी बेहतर सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से पुलिसकर्मियों को रहने तथा कार्य करने की बेहतर सुविधाएं दी जा रही है, जिससे उनके कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। हाथीबड़कला चौकी के नवनिर्मित भवन का बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने लोकार्पण किया। इस दौरान एसएसपी ने बताया कि चौकी के नवनिर्मित भवन से जहां एक तरफ स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी वहीं दूसरी ओर पुलिस कर्मियों को भी कार्य करने तथा रहने की बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी, जिससे उनके कार्य की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

### 65 वर्षीय ज्ञान सिंह का हत्यारा गिरफ्तार

**ऋषिकेश।** टिहरी जिले के मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में 63 साल के बुजुर्ग की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया। यह पूरा मामला जमोला गांव का है। मुनिकीरेती थाना पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले शिवपुरी चौकी से करीब 45 किलोमीटर दूर जमोला गांव में 63 साल के ज्ञान सिंह का शव लहूलुहान हालत में घर के बाहर मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। इस मामले में ज्ञान सिंह के बेटे दिनेश सिंह ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में दिनेश सिंह ने अपने पिता ज्ञान सिंह की हत्या का आरोप चाचा गोविंद सिंह पर लगाया था। उसी के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसी के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मुनिकीरेती थाने के इंस्पेक्टर रितेश शाह और वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेश पांडे की टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी, लेकिन आरोपी पुलिस से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था।

### धार्मिक यात्रा, जुलूस व शोभायात्रा के लिए अब एसएसपी ऑफिस से भी लेनी होगी अनुमति

**देहरादून।** आमतौर पर धार्मिक यात्रा, शोभायात्रा और जुलूस की वजह से कई बार जाम की स्थिति देखने को मिलती है। जिसके कारण शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब धार्मिक यात्राओं, शोभा यात्रा और जुलूस की अनुमति लेने के लिए अब लंबी प्रक्रिया से गुजरनी होगी।

### सुडोकू 6440 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 7 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 |

## सीएम साहब, जहां आप वहां गलत कैसे हो सकता है?



'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान बोले चरण दास

**शिमला,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। हमीरपुर जिले के नादौन विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव गलोड़ में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासी चरण दास ने राज्य सरकार के राजस्व लोक अदालत कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि उनके तकसीम के एक पुराने मामले का निपटारा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उन लोगों की आवाज बने हैं, जिनकी आज तक कोई आवाज नहीं थी। इस पर ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूछा कि उनका काम ठीक से गया, तो चरण दास ने कहा, सीएम साहब, जहां आप वहां गलत कैसे हो सकता है? वहीं आपदा प्रभावित बुजुर्ग महिला ज्ञानी देवी ने आपदा राहत राशि के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और कहा कि राज्य सरकार की मदद से अब टूटा हुआ मकान दोबारा बन जाएगा। बुजुर्ग महिला ने कहा कि भगवान मुख्यमंत्री को लंबी आयु और अच्छा स्वास्थ्य दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने सीमित संसाधनों से आपदा प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज प्रदान किया है, ताकि उनकी पीड़ा को कम किया जा सके। नियमों को बदल कर राज्य सरकार ने यह राहत पैकेज प्रभावित परिवारों को मुआवजा बढ़ाकर प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लाभार्थी दीपक शर्मा ने मुख्यमंत्री का इस योजना के लिए धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें हिमाचल प्रशासन सेवाओं (एचएएस) की परीक्षा की कोचिंग के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक मदद मिल रही है। साथ ही 4000 रुपए प्रति माह पॉकेट मनी के रूप में अब तक 16 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। इसी योजना के एक अन्य लाभार्थी शुभम ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का लाभ उन्हें भी प्राप्त हो रहा है। इस योजना के अतंर्गत उन्होंने विवाह के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया है। इस पर मुख्यमंत्री ने पूछा कि विवाह के लिए कितनी आर्थिक सहायता मिलती है। शुभम ने बताया कि राज्य सरकार दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुख आश्रय योजना के तहत 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों को 2500 रुपए तथा 27 वर्ष तक के बच्चों को 4 हजार रुपए प्रतिमाह पॉकेट मनी के रूप में दे रही है। उनकी शादी तथा स्टार्ट-अप के लिए 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी और 3 लाख रुपए आर्थिक सहायता सहित अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोला

**हरिद्वार,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। धर्मनगरी हरिद्वार में बुधवार को कांग्रेस ने अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए ऋषिकुल चौराहे से न्याय यात्रा निकाली। न्याय यात्रा आर्यनगर पर समाप्त हुई। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा आज इतना समय बीत जाने के बावजूद भी उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिला है। अब तक वीआईपी का नाम भी सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतरी है। उन्होंने कहा आने वाले समय में इस आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

कांग्रेसी नेता विमला पांडे ने कहा जहां भी बेटी और महिलाओं के साथ इस तरह का व्यवहार होता है वहां कोई ना कोई बीजेपी से जुड़ा शख्स इस तरह के कृत्यों में जरूर सम्मिलित होता है। अंकिता भंडारी केस में भी यही हुआ। उन्होंने कहा भाजपा के एक वीआईपी का नाम छुपाने के लिए अब तक अंकिता को न्याय नहीं मिल पाया है। जिसके कारण कांग्रेस को अब सड़कों पर उतरना पड़ा है। विमला पांडे ने कहा जब तक अंकिता भंडारी को न्याय नहीं मिलेगा तब तक कांग्रेस लगातार प्रदर्शन करती रहेगी। विमला पांडे ने कहा भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है। बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार के समय में ही बेटियों के साथ इस तरह के कृत्य होते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस पूरी ताकत से इस मामले में जुटी है।



### अंकिता के माता-पिता ने लिया वीआईपी का नाम: हरीश रावत

देहरादून। हरीश रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी ने अपनी व्हाट्सएप चैट में इस बात का उल्लेख किया था कि किसी वीआईपी को सर्विस दिए जाने के लिए उसपर दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन उसके बाद अंकिता की हत्या कर दी जाती है। अंकिता के माता-पिता ने उस वीआईपी का नाम लिया है। हरीश रावत ने कहाव कि चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों ना हो, उसके खिलाफ जांच की जानी चाहिए। ऐसे में धामी सरकार को प्राथमिकता के आधार पर उस वीआईपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए जांच करनी चाहिए। ताकि जांच के बाद तथ्य सामने आ सके।

## जनवरी के आखिर में उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र

**यूसीसी समेत दो महत्वपूर्ण विधेयक होंगे पारित**

**देहरादून,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड विधानसभा का विशेष सत्र जनवरी महीने में अंत में होने की संभावना है। संभावना जताई जा रही है कि पूर्ण बजट से पहले यानी इसी महीने के अंत में विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। संभावित इस विशेष सत्र में दो महत्वपूर्ण विधेयक सदन में पारित किये जा सकते हैं। विशेष सत्र आहूत किए जाने के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा जल्द ही विशेष सत्र बुलाया जाएगा। जिसमें यूसीसी और राज्य आंदोलनकारियों के 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण संबंधी विधेयक पारित किए जाएंगे।

दरअसल, यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर लंबे समय से जद्दोजहद चल रही है। साथ ही इसे लेकर राज्य सरकार भी गंभीर नजर आ रही है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की कमान संभालने के बाद ही यूनिफॉर्म सिविल कोड का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। गठित कमेटी ने यूसीसी का मौसौदा भी तैयार कर लिया है। जिसे कमेटी जल्द ही सरकार को सौंप सकती है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अगले महीने बजट सत्र होना है उससे पहले इसी महीने अंत में विशेष सत्र आयोजित होने की संभावना है। इसके साथ ही उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण दिए जाने संबंधित प्रस्ताव को भी विशेष सत्र के दौरान पारित किया जाएगा। इसके लिए गठित प्रवर समिति ने फाइनल रिपोर्ट तैयार कर विधानसभा अध्यक्ष को पिछले साल ही सौंप चुकी है।

पिछले साल हुए मानसून सत्र के बाद इसका सत्रावशन नहीं हुआ। ऐसे में कभी भी सत्र को बुलाया जा सकता है। इसके लिए कैबिनेट की अनुमति लेने की जरूरत नहीं होगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा जल्द ही विशेष सत्र बुलाया जाएगा। जिसमे दोनों महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगेगी।

## उद्यान घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से प्रदेश सरकार को झटका



- कोर्ट ने खारिज की राज्य सरकार की सीबीआई जांच रोकने की अपील
- हाईकोर्ट ने दिए थे सीबीआई जांच के आदेश

**देहरादून,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट ने चर्चित उद्यान घोटाले मामले में सरकार की याचिका खारिज कर सरकार को बड़ा झटका दिया है। घोटाले की जांच सीबीआई से कराने संबंधी उत्तराखंड हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। दरअसल, उद्यान विभाग के करोड़ों रुपए के इस घोटाले में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पिछले साल 26 नवंबर को इसकी जांच सीबीआई से करवाने के आदेश दिए थे। उत्तराखंड सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज करने का आदेश दिया।

इस घोटाले की जांच में उद्यान विभाग के तत्कालीन निदेशक हरविंदर सिंह बावेजा और रानीखेत से भाजपा विधायक प्रमोद नैनवाल के नाम सामने आने की जानकारी मिलने के बाद राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सीबीआई जांच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। इस घोटाले के पूरे मामले को 'पर्वतजन' ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामले में सामाजिक कार्यकर्ता और किसान दीपक करगेती प्रतिवादी थे। करगेती ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी देकर कहा कि सरकार की अपील खारिज कर दी गई है।

### हिमाचल से प्रतिनियुक्ति पर लाए थे निदेशक

वर्ष 2021 में उत्तराखंड सरकार ने पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश से 1 वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर डॉक्टर हरविंदर सिंह बवेजा को उत्तराखंड में बतौर उद्यान निदेशक तैनात किया था। इसके बाद डॉक्टर हरविंदर सिंह बवेजा ने प्रदेश के उद्यानों में जमकर लूट- खसोट करी थी।

### रानीखेत विधायक पर भी है आरोप

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में करोड़ों रुपए के इस घोटाले की सीबीआई जांच में फंसे रानीखेत से भाजपा विधायक डॉक्टर प्रमोद नैनवाल ने गरीब कास्तकारों, राजस्व विभाग सहित वन विभाग की सैकड़ो नाली भूमि हड़प कर ली थी। इस जमीन पर विधायक द्वारा मनमाने तरीके से बगीचे स्थापित किए गए थे। अब इस मामले में तत्कालीन निदेशक बवेजा, भाजपा विधायक सहित अन्य आरोपी सीबीआई की रडार पर हैं और सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार की याचिका खारिज हो जाने से आरोपियों पर तलवार लटकना तय है।

## चंपावत में 58 नर्सिंग अधिकारियों को बांटे गए नियुक्ति पत्र

### स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह ने बांटे नियुक्ति पत्र



**देहरादून,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। गोरलचौड़ मैदान के निकट राजकीय ऑडिटोरियम में बुधवार को नर्सिंग अधिकारियों को रोजगार नियुक्ति पत्र वितरण किए गए। समारोह में पहुंचे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री उत्तराखंड सरकार डॉ. धन सिंह रावत ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री द्वारा जनपद चंपावत के 58 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उपस्थित नर्सिंग अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब आपकी नई पारी शुरू हो गई है, पूरे मनोभाव से अपनी सेवाएं लोगों को उपलब्ध करायें।उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लोगों को रोजगार देने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे है। अभी प्रदेश में लगभग 3 हजार लोगों को नर्सिंग अधिकारियों के पद पर नियुक्ति दी जा रही है और इसमें विशेष बात यह है की सभी नियुक्त अधिकारी उत्तराखंड के मूल निवासी है। मुख्यमंत्री की कल्पना जनपद को आदर्श चंपावत बनाने के लिए सभी सुविधाएं हेतु सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसके अनुरूप चंपावत में 111 डॉक्टरो के सापेक्ष 113 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जिसका लाभ सभी जनपदवासियों को मिल रहा हैं। उन्होंने कहा की सरकार ने अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए प्रदेश में लगभग 10 हजार अध्यापकों की नियुक्ति करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा, स्वास्थ्य जैसी मूल सुविधाओं के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनपद चंपावत में 56 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके है और सभी नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियो से आशा है कि 31 मार्च तक सभी मनोभाव के साथ कार्य कर जनपद में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कार्य करें। साथ ही उन्होंने चम्पावत जिले को 2025 तक ड्रग्स फ्री, पूर्ण साक्षर एवं टीबी मुक्त करना का लक्ष्य के साथ नर्सिंग अधिकारियों, आशा एवं एएनएम को कार्य करने को कहा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज चंपावत जनपद में 58 लोगों को नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं।

## भूस्खलन मैनेजमेंट के लिए बनेगी पांच वर्षीय कार्य योजना: डा. एस संधु

**देहरादून,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में भूस्खलन एक बड़ी समस्या रही है और शायद इसलिए राज्य सरकार ने प्रदेश में लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर की स्थापना की है। मुख्य सचिव डा. एसएस संधू ने सचिवालय में इसको लेकर आगामी 5 सालों की कार्य योजना पर अधिकारियों के साथ चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

उत्तराखंड में हर साल भूस्खलन से सैकड़ों करोड़ का नुकसान होता है, यही नहीं इसके कारण मानव क्षति भी राज्य के लिए एक बड़ी परेशानी बनती है। हिमालय राज्य उत्तराखंड भूस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील भी हैं। ऐसे में ऐसी प्राकृतिक घटनाओं पर शोध और अध्ययन के साथ ही इसके लिए बेहतर कार्य करने को लेकर एक डेडिकेटेड केंद्र भी स्थापित किया गया है। इस केंद्र को विश्वस्तरीय बनाने के लिए लगातार दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। राज्य का मकसद है कि इस डेडिकेटेड सेंटर के जरिए न केवल उत्तराखंड में भूस्खलन को लेकर बेहतर उपचार और उपाय किए जाएं, बल्कि देश के दूसरे राज्यों और विदेशों में भी ऐसी समस्याओं के लिए यह सेंटर काम करें। इसी को लेकर मुख्य सचिव डा. एसएस संधू ने अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए विभिन्न विश्व के संस्थानों के साथ सहभागिता निभाते हुए बेहतर तकनीक और शोध का डाटा साझा करने के सुझाव दिए। इसके अलावा भूस्खलन को लेकर शिक्षा और शोध के कार्यों में जुटे हुए छात्रों को इन संस्थान में इंटर्नशिप करवाई जाए। यही नहीं वन विभाग, वानिकी अनुसंधान संस्थान और यूएलएमएमसी के बीच आपसी सहयोग से एमओयू साइन किया जाए ताकि ऐसे पौधों पर भी शोध हो सके, जो भूस्खलन को रोकने में अहम योगदान निभा सकते हैं।

दुनिया भर के सबसे बेहतर संस्थान ऑन से भी समन्वय बनाया जाए और उनके साथ काम करने के लिए एमओयू किया जाए।



मुख्यसचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

# प्रादेशिकी

## ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। कादरी गेट थाना पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह की जानकारी मिलने पर कादरी गेट थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला की टीम ने चार ठगों को पकड़ लिया। जिनमें प्रिंस गुप्ता पुत्र प्रदीप कुमार निवासी बढ़पुर। आर्यन पुत्र सुनील सिंह निवासी 6/36 आवास विकास कालोनी हाल निवासी सृजना एनक्लेव निकट रेडियेन्टो हास्पिटल लकूला रोड। रोहित कुमार पुत्र रामऔतार शुक्ला निवासी शान्ति नगर पजाबा एवं अनमोल सिंह उर्फ अन्नू पुत्र संजीव सिंह निवासी ग्राम गांधी थाना राजेपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड, दो आधार कार्ड, 11 एटीएम कार्ड, पांच फर्जी कूट रचित बिल बाउचर, दो अदद आईडी कार्ड, तीन बैंक कार्ड, दो पेन कार्ड एवं 100 वर्क स्क्रीन शॉट बरामद किए।

# गुरु गोविंद सिंह दिव्य महापुरुष थे : योगी



■ दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

खालसा पंथ बना मुगल साम्राज्य के पतन का कारण : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को लख लख बधाइयां दीं। डीएवी डिग्री कॉलेज में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एक दिव्य महापुरुष थे, जिनका इस धराधाम पर निश्चित प्रायोजन से आगमन हुआ था।

खालसा पंथ की स्थापना ही मुगल साम्राज्य के पतन का कारण बना। पूरा देश आज दशमेश गुरु महाराज के प्रकाशोत्सव के साथ जुड़कर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए एक नई प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। गुरु गोविंद सिंह महाराज एक शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने सत्य और न्याय की स्थापना के लिए शहादत की जो श्रृंखला उस कालखंड में शुरू की थी, उस परंपरा को गुरु गोविंद सिंह महाराज ने भी आगे बढ़ाया। उनके चारों पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह धर्म और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। उस वक्त गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने हमारे सामने जो उदाहरण प्रस्तुत किया वो आज भी हम सबके लिए प्रेरक हैं। मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि इतिहास में बहुत कम देखने को मिलता है कि कई पीढ़ियां देश और धर्म की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दें।

ये हमारा सौभाग्य है कि लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध समिति द्वारा साहिबजादों के बलिदान और उनकी स्मृति में वीर बाल दिवस की मांग 2018-19 में उठाई गई और पहली बार मुख्यमंत्री आवास में महान कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके बाद 2022 से वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन शुरू हो गया है। आज भारत के कोटि कोटि नौजवानों के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे प्रेरणा बन चुके हैं। मात्र सात साल और नौ साल की उम्र में भी देश और धर्म के प्रति संकल्प से साहिबजादे टस से मस नहीं हुए। कल्पना कीजिए कितनी मजबूत नींव है सिख पंथ की।

कार्यक्रम के दौरान लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध समिति की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सीएम योगी ने इस अवसर पर नेशनल गेम्स में स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त करने वाले खालसा इंटर कॉलेज के 6 बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में

### सिख जहां भी रहता है, अपने परिश्रम, पुरुषार्थ व सेवाकार्य के लिए जाना जाता है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख जहां भी रहता है वहां अपने परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवाकार्य के लिए जाना जाता है। देश और धर्म के लिए मर मिटने के लिए हमेशा तैयार रहता है। सिख गुरुओं ने अलग-अलग कालखंड में समाज का मार्गदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश में कई ऐतिहासिक महत्व के गुरुद्वारे मौजूद हैं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सिख गुरुओं का आगमन हुआ है। इन्हें संभालकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। ये आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। भीषण शीतलहर में भी गुरु परंपरा के प्रति सम्मान व्यक्त करने आप सब आए हैं। यही विरासत का सम्मान है। गुरु गोविंद सिंह हमें इतनी शक्ति दें कि हम उनके मार्ग का अनुसरण करते हुए देश और समाज के लिए कुछ कर सकें।

सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा, सतपाल सिंह, सरदार परविंदर सिंह टीटू, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा

**मवाना,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने चेकिंग के दौरान मंगलवार को सपोर्ट टीम से हुई मुठभेड़ में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार भी बरामद की है। मवाना थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान जिला मुजफ्फरनगर के कस्बा खतौली निवासी ओसामा पुत्र मुईऊद्दीन और शोएब अंसारी पुत्र नहीम अंसारी को किला रोड स्थित शुगर मिल गेट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल कर भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी मंगलवार को मवाना थाना क्षेत्र में स्वाट टीम से हुई मुठभेड़ के मामले में वांछित चल रहे थे। वहीं अभी इस घटना में शामिल एक आरोपी की राशिद फरार है।

## नए मंदिर से पहले रामलला पर डेढ़ से दो करोड़ का प्रतिमाह का चढ़ावा

मंदिर बन जाने के बाद दान के आंकड़े में चार गुना की होगी बढ़ोतरी

**लखनऊ,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। डबल इंजन की मोदी-योगी सरकार में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व आधुनिक अयोध्या का निर्माण हो रहा है। अयोध्या आकर श्रीरामलला का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि हो रही है। श्रद्धालु यहां भगवान श्रीरामलाल का दर्शन-पूजन भी कर रहे हैं और भगवान श्रीरामलला के लिए दिल खोल कर दान भी कर रहे हैं। फिलहाल यहां रोजाना तीन से चार लाख का दान भगवान रामलला की दान पेटी में आ रहा है। पूरे महीने की बात करें तो यह राशि डेढ़ से 2 करोड़ रुपये दानपेटी के माध्यम से आ रहा है। ऑनलाइन दान की अभी तक कोई काउंटिंग नहीं की जा सकी। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में लाखों भक्त पहुंचेंगे। वे यहां भगवान श्रीराम का दर्शन पूजन करेंगे और अपने इच्छा भाव से श्रीराम मंदिर के लिए दान भी करेंगे। फिलहाल यहां अस्थायी मंदिर में भी अपने रामलला के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी है। अपनी श्रद्धा से दान करने वालों का यह आलम तब है, जब भगवान श्री रामलला अपने अस्थायी मंदिर में हैं। जब वे अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो इसका कोई अंदाजा नहीं है कि प्रतिदिन कितना दान आएगा। हालांकि यह जरूर है कि मंदिर बन जाने के बाद श्रद्धालुओं की ओर से दान-चढ़ावे का आंकड़ा चार गुना बढ़ जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता के मुताबिक हमारे यहां दान पात्रों में रोजाना धन पड़ता है। जब भर जाता है तब उसकी गिनती होती है।

कैसे कह दिया जाए कितना आ रहा है, लेकिन काउंटर पर जो आ रहा है, वह प्रतिदिन तीन से चार लाख के बीच है। महीने में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए आ रहा है। दानदाताओं की कमी नहीं है। अपने सामर्थ्य से लोग बढ़चढ़ कर दान दे रहे हैं। लोग अनोखी अनोखी चीजें भी बनवाकर ला रहे हैं। लोग सोच रहे हैं कि भगवान के लिए क्या कर दें।

## सार संक्षेप

### प्रभारी मंत्री ने किया पांचली गौशाला का निरीक्षण



**मेरठ।** सर्दी के मौसम में गोवंश की देखभाल और गोशाला की व्यवस्था जांचने के लिए प्रभारी मंत्री ने पांचली स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गोवंश के लिए ठंड से बचाव, भूसे और पानी की व्यवस्था की जांच की तथा आवश्यक निर्देश देते हुए पशुओं की उचित देखभाल के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जाति प्रमाण पत्र को लेकर तहसील में अनिश्चितकाल धरना



**मवाना।** तहसील में बुधवार को दूसरे दिन सपेरा जाति के लोगों का जाति प्रमाण पत्र को लेकर अनिश्चितकाल धरना। देर शाम तक बैठे रहे तहसील में, नहीं मिला आश्वासन। मवाना परीक्षितगढ़ ब्लाक के अमरगढ़, नंगला गोसाई आदि गांवों के सपेरा जाति के लोगों ने बुधवार को दूसरे दिन जाति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग को लेकर तहसील में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। देर शाम तक धरना जारी था। मंगलवार को परीक्षितगढ़ ब्लाक के गांव अमरगढ़, नंगला गोसाई, चितमानाशेरपुर, गेसूपुर के सपेरा जाति के लोग जाति प्रमाण बनवाने की मांग को लेकर तहसील में पहुंचे और अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया। धरनारत सुनील नाथ, सागर नारथ, अनिल नाथ, राजू नाथ, अमित नाथ, मुकेश नाथ आदि का कहना था कि सपेरा जाति के लोगों के प्रमाण जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिसके कारण बच्चों के नौकरी के लिए आवेदन व अन्य डाक्यूमेंट में जाति प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। तहसील प्रशासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने से सपेरा जाति के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वर्षों से तहसील के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा। देर शाम तक आश्वासन नहीं मिलने का पर धरना देने वाले लोग तहसील में बैठे रहे।

### कामधेनु समान है स्मार्टफोन जो मांगोगे वही मिलेगा : सिंह

**मेरठ।** शिक्षा से मनुष्यता का निर्माण, और मनुष्य का विकास होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए मेक इन इंडिया का नारा दिया। आईआईएमटी विवि में आयोजित स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने छात्रों से स्मार्टफोन का सदुपयोग कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने को प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अर्न्तगत आईआईएमटी विवि में छात्रों को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में पधारे कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का स्वागत आईआईएमटी समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने किया।

## लियाफी मवाना के अध्यक्ष बने सोम चौधरी



**मवाना,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। एलआईसी की मवाना शाखा में लाइफ इंश्योरेंस एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया अभिकर्ताओं की मीटिंग आयोजित की गई। अध्यक्षता जब्बार अहमद ने की। मीटिंग के मुख्य अतिथि बादल सिंह रहे। मीटिंग में सभी वक्ताओं ने अभिकर्ताओं के कार्य बढ़ाने हेतु आनंदा, क्लब सदस्यता व नए ग्राहकों को तलाश करने के टिप्स दिए। जोनल कोषाध्यक्ष सुल्तान सिंह व जोनल उपाध्यक्ष मनोज कुमार पहाड़पुर ने लियाफी संगठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ अभिकर्ता धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार, सरवन कुमार, आशीष कुमार, राजेंद्र प्रमुख ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंचासीन अतिथियों द्वारा लियाफी संगठन की नई कार्यकारिणी का चुनावी प्रस्ताव रखा गया। अभिकर्ताओं ने चुनाव के प्रस्ताव पर सहमति जताई। चुनाव के बाद लियाफी संगठन एलआईसी ब्रांच मवाना का अध्यक्ष सोम चौधरी को बनाया गया। दोबारा अध्यक्ष बनने पर अभिकर्ताओं ने बधाई दी। संचालन प्रदीप कुमार ने किया। इस मौके पर राकेश शर्मा, सुल्तान सिंह, मनोज कुमार पहाड़पुर, राजकुमार कौशिक, मनोज जग्गी, विजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, मधुकर रस्तोगी व आशा शर्मा रहे ।

## राम के नाम लुटा गए प्राण, ये उनकी प्राण प्रतिष्ठा है...

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन राम आराधना का किया गया आयोजन

■ ओम प्रकाश सिंह



**अयोध्या,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर प्रदेश व केंद्र सरकार के सांस्कृतिक विभाग रामोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या धाम बस अड्डा स्थित श्री राम सांस्कृतिक संकुल मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन राम आराधना का आयोजन किया गया। सर्वेश अस्थाना के संचालन में डा. सोनरूपा विशाल की सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डा. शिव ओम अंबर ने की। बस्ती से आए गीतकार रामायण धर द्विवेदी ने सद्गुणों राम बनकर विराजो यहां, अब हृदय हर किसी का अवधपुर बने, सुनाकर वातावरण को सकारात्मक बनाने का प्रयास किया। कवि सम्मेलन में बदायूं से आई कवयित्री डा. सोनरूपा विशाल ने सुनाया-मानस की ध्वनि कण-कण में गुंजित हैं, क्षिति जल धरा सभी आनंदित है। स्वागत है श्री राम, स्वागत है श्री राम। बुलंदशहर से आए ओजस्वी कवि डा. अर्जुन सिसौदिया ने हुंकार भरते हुए सुनाया- सौगंध राम की खाई थी लो पूरा वचन निभाया है, जन्मभूमि जो राघव की है मंदिर वहीं बनाया है। जबलपुर से आए लोकप्रिय कवि सुदीप भोला ने समय की कड़ी कसौटी पर खरी उतरी जो निष्ठा है, राम के नाम लुटा गए प्राण ये उनकी प्राण प्रतिष्ठा है, सुनाकर घनघोर तालियां बटोरी। बाराबंकी निवासी कवि गजेंद्र प्रियांशु ने अपनी पंक्तियों- सो गई है मुगली दुनिया अब जाग उठी जग में हिन्दुवानी, चांद को चूम रहा भगवा जिसकी मरती हो मरे अब नानी, सिंहल और कोठारी हुए विजयी विजयी हुए हैं अडवाणी, जा कह दो यदुवंश कुमार करें मथुरा में मेरी अगवानी, सुनाकर श्रोताओं में उत्साह का संचार किया। अयोध्या के वरिष्ठ रचनाकार जमुना प्रसाद उपाध्याय ने भरा तीर्थों से है यह देश अपना, अलग उसमें सबसे हमारी अयोध्या सुनाकर अयोध्या की गरिमा का गुणगान किया।

### कवियों को माल्यार्पण कर किया अंग वस्त्र भेंट

कवि सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे डॉ. शिवओम अंबर ने अपने तेवर की पंक्तियां सुनाकर राष्ट्र राम है,राम राष्ट्र हैं का मूल मंत्र दिया। माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट करते हुए कवियों का स्वागत धारावाहिक रामायण में हनुमान की भूमिका निभाने वाले दारा सिंह के पुत्र बिंदु दारा सिंह, कथावाचक चंद्रांशु महाराज एवं संत कबीर एकेडमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने किया।

## रोजगार देने में सक्षम फ्रेंच भाषा : मेहरा



■ सुभारती विश्वविद्यालय के कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय फ्रेंच भाषा के सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

**मेरठ,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। फ्रेंच भाषा काफी समय से वैश्विक स्तर पर रोजगार देने में सक्षम भाषा के रूप में देखी जा रही है। जिसको देखते हुए इसके सर्टिफिकेट कोर्स को शुरू करने पर जोर दिया जाना जरूरी है। यह विचार सुभारती विश्वविद्यालय के पंडित मदन मोहन सभागार में फ्रेंच भाषा के प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के शुरू करने के अवसर पर मुख्य वक्ता डा. हरविन्द्र सिंह मेहरा ने कही।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता फ्रेंच स्कालर एजूकेशन प्राइवेट लिमिटेड के फ्रांसीसी विद्वान, शिक्षाविद और ब्लागर लेखक डा. हरविन्दर का विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने अभिनन्दन किया। इस अवसर पर कहा कि फ्रेंच भाषा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम है। इससे वैश्विक स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर पैदा हो सकेंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन के साथ उनके रोजगार के लिए भी मददगार साबित होंगी। संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर त्यागी ने कहा कि तेजी से बढ़ते वैश्वीकरण के क्षेत्र में केवल एक भाषा पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। उसके लिए अन्य विदेशी भाषाओं की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फ्रेंच भाषा का प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम इस रूप में सबसे सफल और उपयोगी सिद्ध होगा।

## सदर तहसील में अनूप प्रधान ने की समीक्षा बैठक

**मेरठ,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। राज्यमंत्री राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश अनूप प्रधान द्वारा सदर तहसील में राजस्व एवं चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में कुल पंजीकृत वाद, कुल



निस्तारित वाद, 1 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित वाद, 3 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित वाद, 5 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित वाद, कुल कितने वादों से जुर्माना हुआ एवं उसका विवरण, कितने वादों की पत्रावलियां दाखिल दफ्तर हुई एवं कितने वादों में अनुपालन नहीं हुआ आदि बिंदुओं पर तथा आईजीआरएस के समस्त निस्तारितध्लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त राजस्व वसूली तथा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के आवेदन पत्रों की समीक्षा की।

## विदुषी भारद्वाज को मिला मिस इंडिया का ताज

### मिस उत्तर प्रदेश बनी गुनगुन गोस्वामी



**फर्रुखाबाद,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। 20 वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव की तरफ से आयोजित ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता में मिस इंडिया का ताज विदुषी भारद्वाज के सिर पर सजा। हालांकि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की कमी इस बार नजर आई न ही दर्शक दिखे और ही प्रतिभागियों की संख्या। शहर के स्टेट बैंक के निकट आयोजित युवा महोत्सव में मिस फर्रुखाबाद रिया चौहान, मिस उत्तर प्रदेश गुनगुन गोस्वामी, मिस इंडिया विदुषी भारद्वाज को चुना गया7 इसके साथ ही मिस्टर मॉडल अंकित मिश्रा, मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिंस सजल गुप्ता, मिस्टर फर्रुखाबाद मिस्टर फर्रुखाबाद प्रिंस सजल गुप्ता, मिस्टर फर्रुखाबाद। अमन तिवारी को चुना गया। इसके साथ ही साथ मिस्टर कानपुर सीजन विनर अम्बुज सक्सेना, मिस्टर उत्तर प्रदेश निशांत जयसवाल, मिस्टर उत्तर प्रदेश प्रिंस रचित मिश्रा, मिस्टर मॉडल उत्तर प्रदेश पियूष दुबे, मिस कानपुर रीजन मुस्कान, मिस कानपुर रीजन प्रिंसेज रेनू राजपूत, मिस मॉडल कानपुर रीजन डॉ. सुप्रीति सिंह, मिस यूपी प्रिंसेज कशिश पटेल, मिस यूपी अर्थ शुभांगी मिश्रा, मिस प्रीटी यूपी शिवानी, मिस प्रिटी इंडिया निधि तिवारी को चुना गया। मुख्य अतिथि कायमगंज विधायक डॉ. सुरभि व राजेपुर वल, ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमबंशी नें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए।

**आयोजन** — श्री वेंकटेश्वर ग्रुप ऑफ कालेज में स्पिक मैके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

## समृद्ध प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक शास्त्रीय संगीत : डा.सुधीर गिरी

**मेरठ, 17 जनवरी (देशबन्धु)। श्री वेंकटेश्वर ग्रुप ऑफ कालेजस के रविन्द्रनाथ टैगोर ओपन सांस्कृतिक ऑडिटोरियम में बुधवार को स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम ताल तरंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन डा.सुधीर गिरी ने शास्त्रीय संगीत को देश की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। डा.सुधीर गिरी ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को समर्पित कार्यक्रम में पहुंचे कला प्रेमियों का अभिवादन किया।**

शास्त्रीय संगीत से सजे कार्यक्रम में आमंत्रित जाने माने बांसुरी वादक पं रोनू मजूदार ने बांसुरी वादन के द्वारा राम आयेंगे, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, हे राम, हे राम व पायो जी मैने राम रतन धन पायो जैसे दर्जनों राम भक्ति की धुन से माहौल को पूरी तरह श्रीराममयी बनाया। इससे पूर्व समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी स्पिक मैके की वाईस प्रेसीडेन्ट सुमन डूंगा, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, कुलपति प्रो. राकेश यादव, सुप्रसिद्ध तबलावादक इन्द्रनील मलिक आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में यह सांस्कृतिक आयोजन



भगवान श्रीराम के प्रति हमारी अगाध आस्था का प्रतीक हैं। 22 जनवरी को संस्थान में दीये जलाकर एवं अतिशबाजी करके शानदार दीपावली मनायेंगे। पदाधिकारियों ने प. रोनू मजूमदार, स्पिक मैके की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमन डूंगा, मशहूर तबला वादक इन्द्रनील मलिक एवं कल्पेश मुखर्जी को पगड़ी, पटका एवं स्मृति चह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, सलाहकार आर. एस. शर्मा, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, आशी नायर, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, आर. एस. बघेल, मेरठ परिसर निर्देशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ. चारू सिंह ने किया।

## बस्ती मे पिकप पलटने से दो की मौत

**बस्ती,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक पिकप के पलटने से उसमें सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गयी है तथा पांच अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक पिकप जिस पर बांस लदा हुआ था, गोरखपुर से अयोध्या जा रही थी। वाहन पर सात लोग सवार थे। अभी ये लोग कोतवाली थाना क्षेत्र के बड़ेवन धर्म कांटा के समीप पहुंचे थे कि वाहन अनियंत्रित हो कर पलट गया।

हादसे में घायल राजू गुप्ता तथा शिवकरन निवासी कोठा थाना खजनी जिला गोरखपुर की इलाज के दौरान मौत हो गयी है वहीं चन्द्रकेश, सचिन, रामराज, बेचू तथा राजेश मिश्रा को गम्भीर हालत में जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है।




देशबन्धु | नई दिल्ली, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## शाहरूख खान को लेकर 'इंशाअल्लाह' बनाएंगे संजय लीला भंसाली

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार संजय लीला भंसाली किंग खान शाहरूख खान को लेकर फिल्म 'इंशाअल्लाह' बना सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी पीरियड ड्रामा वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर चर्चा में है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, नजर आने वाली हैं। इस बीच संजय लीला भंसाली अपनी नई फिल्म 'इंशाअल्लाह' को लेकर चर्चा में आ गये हैं। कुछ वर्ष पूर्व फिल्म 'इंशाअल्लाह' सुर्खियों में रही थी, जिसमें सलमान खान और आलिया भट्ट का नाम सामने आया था, लेकिन किसी कारण से यह फिल्म उस वक्त ठंडे बस्ते में चली गई थी। चर्चा है कि भंसाली एक फिर इंशाअल्लाह को बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

# सरयू की पवित्र मिट्टी के दीपों से जलेगी 'राम ज्योति'

- योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव में दिया बड़ा बाजार, अब तो साल में दो बार दीपावली मनाएंगे रामनगरी के कुम्हार
- पर्यटन विभाग भी तैयारी में जुटा, प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 10 लाख दीपों से रामनगरी को सजाएगा

**लखनऊ/अयोध्या,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। जिस पावन धरा की मिट्टी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र ने जन्म लिया, उस अयोध्या की मिट्टी के दर्शन करने निरंतर श्रद्धालु आ रहे हैं और 22 जनवरी के बाद असंख्य श्रद्धालु यहां आएंगे भी। जिस माटी (रामनगरी) पर 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। 22 जनवरी को अब उसी धरा की पावन मिट्टी से एक बार फिर 'राम ज्योति' न केवल अयोध्या, बल्कि देश-दुनिया में प्रज्ज्वलित होगी। फिलवक्त श्रीरामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन करने आए श्रद्धालु यहां के कुम्हारों से दीप खरीदकर ले जा रहे हैं, जिसे 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम को अपने घरों पर 'राम ज्योति' जलाकर दीपावली मनाएंगे। योगी आदित्यनाथ की सोची गई कल्पना साकार हुई तो चीन की झालरों से दूर यहां के कुम्हारों को दीपोत्सव पर बड़ा बाजार मिला। अब कुम्हारों को आर्थिक रूप से और स्वावलंबी बनाते हुए योगी सरकार इन्हें साल में दो बार दीपावली मनाने का अवसर मुहैया करा रही है। योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग भी स्थानीय कुम्हारों के बनाए गए मिट्टी के 10 लाख दीपों से 22 जनवरी



को रामनगरी को सजाने की तैयारी में जुट गया है।

22 जनवरी में महज पांच दिन शेष हैं। जैसिनपुर के कुम्हारों के पसीने अब दीपक के रूप में आकार ले रहे हैं। उन्हें बेकरारी है कि घर-घर में उनके बनाए दीपों से राम ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। इसके लिए विपरीत मौसम में भी वे रात-दिन काम कर अधिक से अधिक दीप बना रहे हैं। कुम्हार अशोक प्रजापति बताते हैं कि देहात के दर्शननगर, किशुनदासपुर, बैसिंग, कुसमाहा से मिट्टी मंगाई जा रही है, क्योंकि मौसम प्रतिकूल और समय कम है, लिहाजा फिलहाल छोटा दीपक बना रहे हैं। अपने घरों के लिए दीप जलाने के लिए अयोध्या के लोग सीधे यहां भी आकर खरीदारी कर रहे हैं। फिलहाल चार से पांच ट्राली मिट्टी मंगाई है और उसी से अपने यहां दीपक बना रहे हैं। ऐसे और लोग भी काम में जुटे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने जब 2017 में सत्ता संभाली, तभी से वे निरंतर दीपोत्सव का आयोजन करा रहे हैं। साल दर साल यह आयोजन दिव्य से दिव्यतम होता जा रहा है। सीएम योगी भी कहते हैं कि अब अयोध्या की गलियों में गोली नहीं चलती, बल्कि दीपोत्सव होता है। 2017 में 1.71 लाख दीपों से शुरू हुआ दीपोत्सव महज सात वर्षों में 22.23 लाख दीपों तक पहुंच गया। यह रिकॉर्ड बनाने के साथ ही प्रदेश व देश की समृद्धि को भी बढ़ाता जा रहा है। कुम्हार राजेश प्रजापति कहते हैं कि योगी बाबा के कारण एक काम तो हुआ कि हम लोगों को भी बड़ा काम मिलने लगा और दाल-रोटी की ठीक व्यवस्था होने लगी। पहले दीपोत्सव में लंबा काम मिलता था, लेकिन अब राम मंदिर उत्सव से हर साल ऐसा होगा, यह विश्वास है।

22 जनवरी सनातन धर्मावलंबियों के लिए काफी प्रेरणादायी है, क्योंकि इसी दिन श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे, लिहाजा इस दिन हर भारतवासी अपने घरों में राम ज्योति प्रज्ज्वलित करेगा। रामनगरी का दर्शन करने आए श्रद्धालु यहां की मिट्टी के दीपक खरीद रहे हैं। यह टूटे न, इसके लिए बेहद ढंग से पैक भी करवा रहे हैं।

बिजनौर से आए वेदप्रकाश और नंदगांव के धीरज चौधरी ने कहा कि दीपावली को श्रीराम के अयोध्या आगमन पर ही मनाई जाती है। अब तो श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में आ रहे हैं, इसलिए यह दीपावली सबसे बड़ी होगी। इसके लिए अयोध्या से 21 दीपक लेकर घर जा रहे हैं। वहां और दीपक खरीदकर पूरा घर सजाएंगे।

योगी सरकार कुम्हारों के हाथ को काम दे रही और बिक्री से काम को पूरा दाम भी मिल रहा। खजुआ कुंड, आशिकबाग से रमेश प्रजापति व राकेश प्रजापति ने बताया कि तेजी से मिट्टी के दीप बना रहे हैं। यहां भी लोग खरीदने पहुंच रहे हैं। 100 रुपए में 100 दीपक दिए जा रहे हैं। मौसम प्रतिकूल होने का असर तो है, लेकिन घर के अधिक से अधिक सदस्य लगकर इसे तैयार कर रहे हैं। विद्याकुंड के रामकिशोर का रोम-रोम पुलकित है- वे कहते हैं कि बाबू, मंदिर निर्माण के साथ ही हम लोगों का ध्यान भी योगी आदित्यनाथ ही रख सकते हैं। मां लक्ष्मी की कृपा से सात साल से हमारी दीपावली एकदम से बदल गई है। इसमें खुशियां ही खुशियां हैं तो यह योगी बाबा की देन है। कार्तिक के बाद इस महीने भी अब हर साल दीवाली होगी।

दीप बनाने वाले कुम्हारों के पास बाहर से आए पर्यटक-श्रद्धालु व स्थानीय संत दीप खरीदने पहुंच रहे हैं। राम की पैड़ी के निकट के मंदिर से पंडित कैशाल जी विद्या कुंड के पास दीप खरीदने पहुंचे। उन्होंने फिलहाल 500 दीपक खरीदा। आह्लादित पंडित जी कहते हैं कि बाबू राम जी आ रहे हैं। दीप तो जलाकर प्रभु का स्वागत करना ही है और इसीलिए दीप खरीदने आया हूं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार को इसके लिए साधुवाद व आशीर्वाद दिया।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने कहा कि 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत रामनगरी को लगभग 10 लाख दीपों से सजाया जाएगा। राम की पैड़ी, अयोध्या के मठ-मंदिर, प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के आदेश पर दीपोत्सव में भी स्थानीय कुम्हारों से दीप खरीदकर प्रज्ज्वलित कराते हैं और इस बार भी स्थानीय कुम्हारों से ही दीपक खरीदे जा रहे हैं।

## इन्डियन पुलिस फोर्स के प्रमोशन के लिए पहुंचे फिल्मी कलाकार

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। गलगोटियाज विश्वविद्यालय में शिल्पा शेट्टी, रोहित शेट्टी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, और विवेक ओबेरॉय अपनी 'इन्डियन पुलिस फोर्स' नामक वैव सीरीज की प्रमोशन के लिए पहुंचे। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की अपार भीड़ ने सभी कलाकारों के स्टेज पर पहुंचते ही बहुत ही गर्मजोशी के साथ उनका अभिवादन किया। शिल्पा शेट्टी और अन्य सभी कलाकारों ने सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने हमें यहां पर इतना प्यार दिया इसके लिए हम आपका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। और आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि आने वाली 19 जनवरी 2024 से आप हमारी इस 'इन्डियन पुलिस फोर्स' वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर अवश्य देखें। मंच पर मूवी का ट्रेलर स्क्रीन पर दर्शकों को दिखाया गया। उन्होंने बड़े उत्साह से अपनी अपनी इस वेब सीरीज का प्रमोशन किया। यह मूवी हमारे देश के भारतीय पुलिस अधिकारियों की कर्तव्य निष्ठा को नमन करती है। यह



वेब सीरीज भारतीय पुलिस बल अमेजॅन प्राइम वीडियो पर एक आगामी भारतीय हिंदी भाषा की पुलिस प्रक्रियात्मक एक्शन थ्रिलर स्ट्रीमिंग श्रृंखला है। यह श्रृंखला रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्मित और निर्देशित है। रोहित शेट्टी पिक्चर्ज और रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले रोहित शेट्टी द्वारा निर्मित है। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय हैं। यह श्रृंखला शेट्टी के काल्पनिक कॉप यूनिवर्स पर आधारित है।

## टनल के अंदर नेविगेट करने का फीचर देगा गूगल मैप्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। गूगल ने मैप्स में एक नया फीचर जोड़ा है, जो यूजर्स को टनल या अन्य सेटेलाइट डेड जोन में नेविगेट करने की सुविधा देगा। 9 टू 5 गूगल की



रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 'ब्लूटूथ बीकन' के लिए सपोर्ट जोड़ा है और इसे एंड्रॉइड के लिए गूगल मैप्स पर व्यापक रूप से पेश किया है, हालांकि, ऐप के आईओएस वर्जन में यह अभी भी गायब है।

रिपोर्ट के अनुसार, ब्लूटूथ बीकन नए नहीं हैं। गूगल के स्वामित्व वाली वेज ने लंबे समय से ग्लोबल लेवल पर टनल में टेक्नोलॉजी का समर्थन किया है, जिसमें न्यूयॉर्क शहर, शिकागो, पेरिस, ब्रसेल्स और कई अन्य प्रमुख शहर शामिल हैं। हालांकि, वे बीकन केवल वेज ऐप के भीतर ही काम करते हैं।

गूगल ने अपने सपोर्ट पेज पर लिखा कि वेज बीकन्स प्रोग्राम अंडरग्राउंड ड्राइवर्स को जहां जीपीएस सिग्नल नहीं पहुंचते हैं, वहां निर्बाध नेविगेशन प्रदान करता है, जिससे लोकेशन सर्विस सुनिश्चित होती हैं, ड्राइवर की सेफ्टी बढ़ती है और टनल के अंदर वास्तविक समय की घटनाओं में बेहतर विजिबिलिटी होती है। इस बीच, गूगल ने घोषणा की कि वह यूजर्स को बेस्ट एक्सपीरियंस प्रदान करने पर फोकस करने के लिए 'गूगल असिस्टेंट' में कुछ कम उपयोग किए गए फीचर्स को हटा रहा है।

कंपनी द्वारा शेयर की गई लिस्ट के अनुसार, गूगल 17 फीचर्स को हटा देगा। कंपनी ने कहा कि 26 जनवरी से जब यूजर्स हटाए गए फीचर्स में से किसी एक के बारे में पूछेंगे, तो उन्हें एक सूचना मिल सकती है कि यह एक निश्चित तारीख के बाद उपलब्ध नहीं होगी।

## 'दो और दो प्यार' के लिए साथ आ रहे हैं विद्या बालन व प्रतीक गांधी



**मुंबई,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। विद्या बालन और प्रतीक गांधी आगामी फिल्म 'दो और दो प्यार' के लिए साथ आ रहे हैं। फिल्म में इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। यह 29 मार्च 2024 रिलीज होगी। यह फिल्म एक समसामयिक रोमांस है और इसमें प्यार, हंसी और आधुनिक रिश्तों की चमकदार यात्रा को दिखाया जाएगा। यह फिल्म निर्माता शीर्षा गुहा ठाकुरता की पहली फीचर फिल्म है। इससे पहले, विद्या और प्रतीक ने एक आगामी प्रोजेक्ट के बारे में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिससे प्रशंसकों में उत्साह और अटकलें तेज हो गई थीं। विद्या और प्रतीक ने अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की थी। पोस्ट में एक सरल लेकिन दिलचस्प कैप्शन था, 'दो और दो मिलेंगे, प्यार के राज़ खुलेंगे, कल सुबह 11 बजे, इसके लिए इंतजार करें।' यह फिल्म अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत की गई है और यह एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन है।

## नियमित जांच से शीघ्र पता चल सकेगा कैंसर

**ग्रेटर नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे आम कैंसर है। वैश्विक अनुमान के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र की लगभग 453 मिलियन भारतीय महिलाओं को कैंसर की बीमारी होने का खतरा है। बुधवार को फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में ऑन्कोलॉजी विभाग के शुभारंभ के दौरान सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जलज बख्शी ने यह तथ्य सामने रखे। सर्वाइकल कैंसर जननांग स्वच्छता में लापरवाही, कम उम्र में शादी, कई सेक्स पार्टनर्स और बार-बार गर्भधारण जैसे यौन व्यवहार से जुड़ा है।

देश में सर्वाइकल कैंसर का बोझ काफी हद तक बढ़ रहा है, लेकिन अगर शुरुआती दौर में ही इसकी जांच कर ली जाए तो इससे होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में मेडिकल ऑन्कोलॉजी की कंसल्टेंट डॉ. सारिका बंसल ने कहा कि कैंसर के सफल उपचार के लिए, युवा महिलाओं का किसी भी दिखाई देने वाले लक्षण के प्रति सतर्क रहना महत्वपूर्ण है। यह आवश्यक प्रारंभिक जांच कराना और किसी भी उपचार के लिए बेहद



- **एचपीवी टीकाकरण की कैंसर के रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका होती है**
- **हर तीन साल में पीएपी स्क्रीनिंग, नए साल के संकल्प का हिस्सा होना चाहिए**
- **फोर्टिस अस्पताल, ग्रेनो में ऑन्कोलॉजी सेवाओं की हुई शुरुआत, कैंसर रोगियों को मिलेगा एडवांस्ड ट्रीटमेंट**

जरूरी है।

यदि नौ वर्ष से कम उम्र की लड़की को योनि से बदबूदार, पीले-हरे रंग का या खून से सना हुआ कोई स्राव हो रहा है, तो उसे तुरंत स्त्री रोग विशेषज्ञ से दिखाया जाना चाहिए। यदि किसी को नियमित मासिक धर्म के बीच स्पॉटिंग हो या संबंध बनाने के बाद रक्तस्राव हो, तो उन्हें डॉक्टर को अवश्य दिखाना चाहिए। ये सभी योनि संक्रमण के संकेत हैं, जिनका इलाज न करने पर कैंसर हो सकता है। डॉक्टरों ने बताया कि लाइफस्टाइल के मुद्दे जैसे धूम्रपान, शराब का सेवन और ओरल गर्भ निरोधकों का लंबे समय तक उपयोग महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लिए योगदान देने वाले कारकों में से हैं। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि एचपीवी वैक्सीन ने सर्वाइकल कैंसर को रोकने में सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं।

## 'कर्मा कॉलिंग' में इंद्राणी कोठारी का किरदार रवीना टंडन के लिए रहा चुनौतीपूर्ण



**मुंबई,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री रवीना टंडन अपनी आगामी स्ट्रीमिंग 'कर्मा कॉलिंग' की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि शो में इंद्राणी कोठारी के उनके किरदार ने एक अभिनेत्री के रूप में उनके सभी कौशल की परीक्षा ली। अभिनेत्री ने कहा कि वह वास्तविक जीवन में जो हैं, यह किरदार उससे बहुत अलग है और इस किरदार को निभाने के लिए उन्हें अतिरिक्त मेहनत करने की जरूरत है। रवीना ने बताया कि इंद्राणी कोठारी ने मेरे सभी कौशलों की परीक्षा ली। एक व्यक्ति के रूप में मैं जैसी हूं, वह उससे बिल्कुल अलग हैं। यह एक ऐसी महिला की यात्रा है जो अपने जीवन में एक निश्चित स्थान पर पहुंच गई है और ऐसी परिस्थितियां हैं जिन्होंने उसे वैसा बनाया है जैसा वह है। किसी ऐसे किरदार को निभाना बहुत चुनौतीपूर्ण होता है जब आपके पास उस किरदार के साथ एक भी गुण समान न हो और वह वास्तविक जीवन में आपसे बहुत दूर हो। अभिनेत्री ने आगे कहा कि किरदार में ढलने में थोड़ा समय लगता है। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हमें अपने जीवन के अनुभवों को एक चरित्र में ढालना पड़ता है। कई बार ऐसा हुआ जब मेरी शादी भी नहीं हुई थी लेकिन मुझे स्क्रीन पर एक मां का किरदार निभाना था और उन भावनाओं को व्यक्त करना था और मातृ प्रवृत्ति को चित्रित करना था।

## जीएसके का नया कैंपेन '7 वैक्सीनेशन के साथ 7 स्टार प्रोटेक्शन'

**नोएडा,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (जीएसके) ने 1 से 2 साल की उम्र के शिशुओं को कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मल्टी-चैनल कैंपेन लॉन्च किया। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) इस उम्र के बच्चों को 7 टीके लगवाने का सुझाव देता है। इनमें चिकनपॉक्स और हेपेटाइटिस ए की पहली डोज, मेनिंजाइटिसस व एमएमआर की दूसरी डोज, पीसीवी एवं डीटीपी एचआईबी आईपीवी की बूस्टर डोज और फ्लू की वार्षिक डोज शामिल हैं। वैसे तो भारत में पहले साल लगने वाले टीके की कवरेज बहुत अच्छी है, लेकिन दूसरे साल में ड्रॉप आउट बढ़ जाता है। देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक रूप से ही टीकाकरण हुआ है। जीएसके का कैंपेन माता-पिता को दूसरे वर्ष में भी टीकाकरण के शेड्यूल का पूरी तरह पालन करने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे इस तरह की बीमारियों से उनके बच्चों की लगातार सुरक्षा सुनिश्चित हो। आंशिक टीकाकरण बच्चों को संक्रामक बीमारियों के कारण गंभीर परेशानियों के खतरे में डाल सकता है। ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्युटिकल्स, इंडिया की एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, मेडिकल अफेयर्स डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में देश में चिकनपॉक्स, मीजल्स और फ्लू जैसी कुछ ऐसी बीमारियों के संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनसे टीकाकरण की मदद से बचाव संभव है। वैक्सीन से बचाव वाली बीमारियां मात्र शॉर्ट टर्म में ही बच्चों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव नहीं डालती हैं, बल्कि इनसे बच्चों के संपूर्ण विकास पर लंबी अवधि में भी व्यापक दुष्प्रभाव पड़ता है। टीकाकरण के पूरे शेड्यूल का पालन करने से स्वस्थ एवं प्रसन्न बचपन सुनिश्चित होता है।

**बच्चों के दूसरे वर्ष में भी तय किए गए टीके अवश्य लगवाएं**

## 79 वर्ष के हुए जावेद अख्तर



**मुंबई,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने शायर और गीतकार जावेद अख्तर आज 79 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया 'जादू'। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति 'लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा' से लिया गया है। बाद में जां निसार के यही पुत्र जादू 'जावेद अख्तर' के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिये उनकी शायरी में जिंदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है।

जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं। उनके जन्म के कुछ समय के बाद उनका परिवार लखनऊ आ गया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ से पूरी की। कुछ समय तक वहां रहने के बाद वह अलीगढ़ आ गए जहां वह अपनी खाला के साथ रहने लगे। जावेद अख्तर ने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा भोपाल के साफिया कॉलेज से पूरी की लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका मन वहां नहीं लगा और वह अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वर्ष 1964 में मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपए के वेतन पर फिल्मों में डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिए डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। मुंबई में जावेद अख्तर की मुलाकात सलीम खान से हुयी जो फिल्म इंडस्ट्री में बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। इसके बाद वह और सलीम खान संयुक्त रूप से काम करने लगे। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'अंदाज' की कामयाबी के बाद जावेद अख्तर कुछ हद तक बतौर डॉयलाग रायटर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए।

फिल्म 'अंदाज' की सफलता के बाद जावेद अख्तर और सलीम खान को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गये।इन फिल्मों में 'हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, जंजीर, यादों की बारात' जैसी फिल्में शामिल है। सीता और गीता के निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात 'हनी ईरानी' से हुई और जल्द हीं जावेद अख्तर ने हनी ईरानी से निकाह कर लिया। अस्सी के दशक में जावेद अख्तर ने हनी इरानी से तलाक लेने के बाद शबाना आजमी से शादी कर ली। वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा अपनी नई फिल्म सिलसिला के लिये गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन दिनों फिल्म जगत में जावेद अख्तर बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बना चुके थे। यश चोपड़ा ने जावेद अख्तर से फिल्म सिलसिला के गीत लिखने की पेशकश की। फिल्म 'सिलसिला' में जावेद अख्तर के गीत 'देखा एक ख्वाब तो सिलसिले हुए और ये कहां आ गए हम' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुये। फिल्म सिलसिला में अपने गीत की सफलता से उत्साहित जावेद अख्तर ने गीतकार के रूप में भी काम करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत लिखकर जन जन के हृदय के तार झनझनाये। वर्ष 1987 में प्रदर्शित फिल्म मिस्टर इंडिया के बाद सलीम-जावेद की सुपरहिट जोड़ी अलग हो गयी।

## कार्य संबंधी तनाव : कारण, निवारण व उपचार

■ डॉ. मनोज कुमार तिवारी

**वाराणसी,** 17 जनवरी (देशबन्धु)। जब काम का दबाव व्यक्ति के क्षमता से अधिक हो जाता है तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार महसूस करता है। काम से संबंधी तनाव के संकेतों को पहचानने व इससे जल्दी निपटने से इसके नकारात्मक प्रभाव को कम किया जा सकता है। कार्यस्थल पर हल्का तनाव व्यक्ति को कार्य करने के लिए प्रेरित करता है परंतु दबाव व मांग बहुत अधिक हो जाए व लंबे समय तक जारी रहे तो इससे कार्य संबंधी तनाव होता है। कार्य संबंधी तनाव शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर न केवल नकारात्मक प्रभाव डालता है बल्कि काम को प्रभावी ढंग से करना कठिन बना देता है। एक रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 में लगभग हर 40 श्रमिकों में से एक श्रमिक को कार्य संबंधी तनाव से प्रभावित पाया गया था।

**कार्य संबंधी तनाव के कारण :** कार्य का अत्यधिक बोझ, अवास्तविक लक्ष्य, कार्य का अतार्किक समय सीमा, काम करने के तरीके पर नियंत्रण की कमी, अधिकारियों एवं सहकर्मियों से समुचित समर्थन व जानकारी न मिलना, सहकर्मियों के साथ खराब संबंध, कार्यस्थल पर तनावपूर्ण वातावरण, काम के उत्तरदायित्व का अस्पष्ट होना, तनावपूर्ण स्थितियों से निपटने की क्षमता की कमी, कार्य संपादन हेतु आवश्यक संसाधनों की कमी।

### कार्य संबंधी तनाव के लक्षण

काम से संबंधी तनाव शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करता है। काम से संबंधित तनाव के लक्षण व्यक्ति के समायोजन क्षमता और दबाव के प्रति उसकी प्रतिक्रिया के आधार पर भिन्न-2 हो सकता है।

**शारीरिक लक्षण :** जल्दी थकान महसूस करना, ऊर्जा की कमी महसूस करना, बार-बार दस्त कि शिकायत रहना, खट्टी डकार, मांसपेशियों में दर्द, बीमार महसूस करना, सिर दर्द, वजन बढ़ना / कम होना, सीने में दर्द, यौन समस्याएं होना।



**व्यवहारिक लक्षण :** सामान्य से अधिक या कम खाना, नींद की समस्या, खुद को दूसरों से अलग कर लेना, नशे का सेवन (शराब पीना, धूम्रपान, ड्रग्स लेना), अधिक गलतियां करना

### भावनात्मक लक्षण

ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, आत्मविश्वास में कमी, नौकरी के प्रति अभिप्रेरणा में कमी, निर्णय लेने में कठिनाई, उदास महसूस करना, बेचैनी, छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाना, चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग होना।

**कार्य संबंधी तनाव का प्रबंधन**

उचित व कर सकने योग्य कार्यभार ही ग्रहण करें। सुनिश्चित करें कि कार्य करने की समय सीमा और लक्ष्य यथार्थवादी हो। अपनी योग्यता एवं कौशल बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण लेते रहें। सहकर्मियों से कार्य में उचित सहयोग एवं समर्थन लें। अपने काम को बेहतर ढंग से करने के लिए अनुभवी लोगों से सलाह लें। अपना समय बेहतर ढंग से व्यवस्थित करें। कार्यस्थल पर अपने कार्यों को प्राथमिकता दें। यदि कुछ काम दूसरों को सौंप सकते हैं, तो ऐसा करें। अतिरिक्त काम या जिम्मेदारी नहीं ले सकते हैं तो ना कहना सीखें। कार्य के दौरान आवश्यकतानुसार बीच बीच में नियमित ब्रेक ले। कुछ समय बाहर निकलने और टहलें। नियमित समय सीमा तक ही काम करें। छुट्टी लें, अवकाश व्यक्ति को तरोताजा करता है। सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध बनाए। काम व परिवार या रिश्तों के बीच संतुलन रखें। शराब व अन्य नशे का सेवन न करें, इससे तनाव बढ़ता है। संतुलित आहार लें, इससे कार्य करने के लिए शरीर एवं मस्तिष्क को समुचित ऊर्जा मिलती है। पर्याप्त नींद लें, अच्छी नींद तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने में सहायक होता है। व्यायाम करें। व्यायाम तनाव को दूर करने और मनोदशा को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। सांस लेने के व्यायाम, योग, ध्यान व सचेतनता का अभ्यास तनावमुक्त करने और तनावपूर्ण स्थितियों को प्रबंधित करने में मदद करती हैं।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 2.58 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.38 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.29 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.17 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.09 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंफ़ोसिस | 1.62 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.28 प्रतिशत |
| एलटी | 1.18 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 0.85 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 17 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# डीपफेक पर केंद्र जल्द ही सख्त आईटी नियम बनायेगा: चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर डीपफेक पर मशविरा पत्र के अनुपालन में गड़बड़ी के बीच केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि समस्या से निपटने के लिए आने वाले समय में सख्त आईटी नियमों को अधिसूचित किए जाने की संभावना है। चंद्रशेखर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'अनुपालन का मिश्रित प्रदर्शन रहा है और मैंने मशविरा पत्र के समय कहा था कि अगर हमें लगता है कि इसका पूरी तरह से पालन नहीं किया जा रहा है, तो हम बहुत स्पष्ट रूप से संशोधित आईटी नियमों के साथ इसका पालन करेंगे जिन्हें अधिसूचित किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह में आईटी नियमों में संशोधन की उम्मीद की जा सकती है।



**अगले एक सप्ताह में आईटी नियमों में संशोधन की उम्मीद की जा सकती है, डीपफेक समस्या से निपटने के लिए आने वाले समय में सख्त आईटी नियमों को अधिसूचित किए जाने की संभावना है:-राजीव चंद्रशेखर, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री**

सरकार ने पिछले महीने मौजूदा आईटी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने और एआई - डीपफेक द्वारा संचालित गलत सूचना के आसपास बढ़ती चिंताओं को विशेष रूप से लक्षित करने के लिए सभी सोशल मीडिया मध्यस्थों को एक मशविरा जारी किया था। मशविरा पत्र में कहा गया है कि मध्यस्थ प्रतिबंधित कंटेंट, विशेष रूप से आईटी नियमों के नियम 3(1)(बी) के तहत निर्दिष्ट कंटेंट को स्पष्ट और सटीक रूप से यूजरों तक पहुंचाएं। मंत्री ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर नोएडा में एक बोट विनिर्माण इकाई का दौरा किया, जहां उन्होंने कंपनी के सह-संस्थापक अमन गुप्ता के साथ चर्चा की।

मंत्री ने कहा, 'इस राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर, बोट हमारे देश भर में पनप रहे जीवंत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने में भारत सरकार की अभिन्न भूमिका को सलाम करते हुए कृतज्ञता के स्वर में शामिल होता है।'

उन्होंने कहा, 'हम उस बिंदु पर पहुंच गए हैं, जहां 2014 में कम स्टार्टअप से, हमारे पास एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 112 यूनिकॉर्न हैं। आज, किसी भी युवा भारतीय को एक प्रसिद्ध उपनाम की आवश्यकता नहीं है - और हमारे युवा भारतीयों की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत के साथ हमने ऐसा जीवंत और विस्तृत स्टार्टअप इकोसिस्टम सुनिश्चित किया है।'

# 2024 में नई नौकरी पर विचार कर रहे हैं 88 प्रतिशत भारतीय



**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। एक ताजा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि भारत में लगभग 10 में से नौ (88 प्रतिशत) पेशेवर आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद 2024 में नई नौकरी पर विचार कर रहे हैं। पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अनुसार, 2023 की तुलना में संख्या में चार प्रतिशत की (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया, 'यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है, जहां पेशेवर अपने करियर के मालिक खुद हैं और अपने करियर विकास पर ध्यान केंद्रित करके खोए हुए समय की भरपाई करना चाहते हैं।' 24 नवंबर, 2023 से 12 दिसंबर, 2023 के बीच पूरे भारत में फुल टाइम और पार्ट टाइम जॉब वाले 1,097 पेशेवरों का सर्वेक्षण किया गया। लिंक्डइन की करियर एक्सपर्ट और सीनियर मैनेजिंग एडिटर निरजिता बनर्जी ने कहा, 'अपनी नौकरी की तलाश में सफल होने के लिए, पेशेवरों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी प्रोफाइल को बेहतर बनाने, अपने कौशल को उजागर करने और उद्योग के विकास के बारे में सूचित रहने के लिए टाइम दें।' उन्होंने कहा, 'इससे उन्हें मनचाही नौकरी पाने की संभावना बढ़ने में मदद मिलेगी और मजबूती के साथ करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।' इस चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल में पेशेवरों के लिए नौकरी बदलने के सबसे बड़े कारणों में बेहतर कार्य जीवन संतुलन (42 प्रतिशत) और उच्च वेतन की आवश्यकता (37 प्रतिशत) शामिल है। वे करियर की नई राह तलाशने के भी इच्छुक हैं, 79 प्रतिशत का कहना है कि वे अपने उद्योग या भूमिका से बाहर अवसरों की तलाश कर रहे हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग आधे (45 प्रतिशत) पेशेवर नहीं जानते कि अपने कौशल को अपनी इच्छित नौकरी के साथ कैसे मिलाया जाए, जिससे नौकरी खोजने की प्रक्रिया और अधिक कठिन हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 2015 के बाद से नौकरियों के लिए कौशल में 30 प्रतिशत का बदलाव आया है। पेशेवरों को भी नौकरी ढूंढना कठिन लग रहा है, 55 प्रतिशत का कहना है कि नौकरी की तलाश करना निराशाजनक है और 59 प्रतिशत का कहना है कि उन्हें भर्ती करने वालों से शायद ही कभी जवाब मिलता है।

## विनिर्माण प्रोत्साहन की विशेष योजनाओं से आया 1.03 लाख करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। सरकार ने बुधवार को बताया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत नवंबर 2023 तक 1.03 लाख करोड़ रुपए का नया निवेश हुआ और इसके परिणामस्वरूप कुल 8.61 लाख करोड़ रुपए के माल का उत्पादन और बिक्री हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार पीएलआई योजना से आर्थिक गति को प्रोत्साहन मिला है और प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से कुल मिला कर 6.78 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

मंत्रालय का कहना है कि पीएलआई योजना से निर्यात को भी प्रोत्साहन मिला है और यह 3.20 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गया है। विज्ञप्ति के अनुसार इस योजना के चलते इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और दूरसंचार एवं दूसरसंचार नेटवर्किंग क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात को विशेष प्रोत्साहन मिला है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने भारत को 'आत्मनिर्भर' बनने के दृष्टिकोण 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाएं प्रस्तुत की हैं। इन क्षेत्रों में थोक औषधि, चिकित्सा उपकरण, फार्मा, दूरसंचार, सफेद सामान, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और ड्रोन जैसे क्षेत्र शामिल हैं। देश की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए लागू की जा रही इस योजना के तहत 14 चुनींदा क्षेत्रों में पीएलआई योजना के तहत 1.97 लाख करोड़ (26 अरब डॉलर से अधिक) का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# यात्रा वृद्धि से भारत में आतिथ्य नौकरियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

**बेंगलुरु,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में यात्रा में वृद्धि की वजह से दिसंबर 2022 और 2023 के बीच पर्यटन और आतिथ्य नौकरियों के लिए नियुक्तियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह खुलासा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में हुआ है। ग्लोबल हायरिंग और मैचिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में ब्लू-कॉलर हायरिंग में कुल मिलाकर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि न केवल महामारी के बाद उल्लेखनीय सुधार का संकेत देती है, बल्कि उभरते वैश्विक रुझानों के सामने नौकरी बाजार की अनुकूलनशीलता और लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उद्योग के लिए एक आशाजनक भविष्य को भी दर्शाती है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) के आर्थिक प्रभाव अनुसंधान ने भविष्यवाणी की है कि भारत विश्व स्तर पर यात्रा और



पर्यटन उद्योग में तीसरा सबसे प्रभावशाली बाजार बन जाएगा। इनडीड के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2022 की तुलना में अक्टूबर 2023 में पर्यटन उद्योग में नियुक्तियां 61 प्रतिशत की वृद्धि के साथ चरम पर रहीं। इसे कई कारणों से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है जैसे कि मौसम में बदलाव, हिल स्टेशन की यात्रा, त्योहारी सीजन और अन्य कारणों से अक्टूबर पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय समय है। नियुक्ति में वृद्धि का नेतृत्व करने वाले शीर्ष शहरों में दिल्ली-एनसीआर (23 प्रतिशत), मुंबई (5.19 प्रतिशत) और बेंगलुरु (6.78 प्रतिशत) शामिल हैं। कुल मिलाकर, ये शहर अपने विशिष्ट कमर्शियल, तकनीकी और सांस्कृतिक लाभों का लाभ उठाकर विभिन्न प्रकार के पर्यटन-संबंधित उद्योगों में आगे हैं। पुणे (2.33 प्रतिशत) और कोच्चि (2.41 प्रतिशत) सहित अन्य शहरों ने भी वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनडीड में सेल्स प्रमुख शशि कुमार ने कहा, 'जैसा कि हम राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के करीब पहुंच रहे हैं, हमें अनुकूल रोजगार दृष्टिकोण को पहचानना चाहिए और बढ़ती भर्ती संभावनाओं के कारण अन्वेषण, अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आर्थिक उन्नति की जीवंत भावना का सम्मान करना चाहिए।'

**सार संक्षेप**

### रांची में बेमियादी हड़ताल पर एचईसी के अफसर-कर्मी, तीनों प्लांट ठप

**रांची।** मदर ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के रूप में मशहूर रहे रांची स्थित एचईसी (हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन) के करीब तीन हजार कर्मी और अफसर 20 से 22 महीने के बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर बुधवार से बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मियों ने कंपनी के तीनों प्लांटों का सारा कामकाज ठप करा दिया है। मुख्यालय में भी तालाबंदी कर दी गई है। कंपनी की सभी सात श्रमिक यूनियन एकजुट हैं। यूनियनों ने मिलकर 'एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति' का गठन किया है। बुधवार को आयोजित सभा की अध्यक्षता करते हुए मनोज पाठक ने कहा कि जब तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं होता, तब तक तालाबंदी जारी रहेगी। मुख्यालय के समक्ष रोजाना मजदूरों के लिए खिचड़ी बनेगी। मजदूर वहीं खायेंगे, वहीं रहेंगे। किसी को मुख्यालय और प्लांट के अंदर जाने नहीं दिया जायेगा।

### खादी ने लॉन्च किये 'सनातन वस्त्र'


**नई दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोहों को लेकर देश भर में हर्षोल्लास के वातावरण के बीच 'सनातन खादी' वस्त्रों की बुधवार को एक रेंज पेश की। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने यहां सनातनी वस्त्रों की रेंज को पेश करते हुये कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में जारी उत्साह से अपने को जोड़ते हुये खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 'सनातन वस्त्र ' पेश किये हैं। इनमें शॉल, अंगवस्त्रम, कुर्ता, फैब्रिक्स और पुन्डरू साड़ी शामिल हैं। इन सभी वस्त्रों में सनातन धर्म के प्रतीक रंगों का समावेश किया गया है। श्री कुमार ने बताया कि इन वस्त्रों को जल्द ही देश के सभी खादी भंडारों पर उपलब्ध कराया जायेगा।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी तेलंगाना में 1,500 मेगावाट के पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट करेगी स्थापित

हैदराबाद। जेएसडब्ल्यू एनर्जी की सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी ने 9,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ तेलंगाना में एक पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट स्थापित करने की घोषणा की है। प्रस्तावित पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की ऊर्जा उत्पादन क्षमता 1,500 मेगावाट होगी। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन के मौके पर राज्य सरकार और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के बीच इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष सज्जन जिंदल ने प्रोजेक्ट स्थापित करने की योजना की घोषणा की। मुंबई में मुख्यालय, जेएसडब्ल्यू एनर्जी एक एकीकृत बिजली कंपनी है जो थर्मल, हाइड्रो और सौर स्रोतों से बिजली का उत्पादन, संचार और व्यापार करती है।

# बैंकिंग शेयरों के लुढ़कने से बाजार में कोहराम

**मुंबई,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। ब्याज दर में कटौती और चीन की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की उम्मीद से जूझ रहे निवेशकों के कमजोर रुझान से विश्व बाजार में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर जारी तिमाही नतीजे में एचडीएफसी बैंक के ऋण-जमा अनुपात के खतरनाक स्तर पर पहुंचने से इस हैवीवेट बैंक के शेयरों के करीब साढ़े आठ प्रतिशत लुढ़कने से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1628.01 अंक अर्थात 2.23 प्रतिशत का गोता लगाकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 71,500.76 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 460.35 अंक यानी 2.09 प्रतिशत लुढ़ककर 22 हजार अंक से नीचे 21,571.95 अंक पर आ गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.09 प्रतिशत की गिरावट लेकर 37,597.29 अंक और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत टूटकर 43,963.89 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3900 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2510 में बिकवाली जबकि 1301 में लिवाली हुई वहीं 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लुढ़क गई जबकि 10 में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।



बीएसई में टेक, कंज्यूमर डयूरेबल्स और आईटी समूह की 0.54 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान बैंकिंग समूह ने सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही कमोडिटीज 2.31, सीडी 1.17, ऊर्जा 0.88, एफएमसीजी 0.84, वित्तीय सेवाएं 3.76, हेल्थकेयर 0.66, इंडस्ट्रियल्स 0.38, दूरसंचार 1.94, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 1.28, कैपिटल गुड्स 0.19, धातु 2.86, तेल एवं गैस 0.93, पावर 0.88, रियल्टी 1.47 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.41 प्रतिशत गिर गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 1.62, जर्मनी का डैक्स 0.97, जापान का निक्केई 0.40, हांगकांग का हैंगसेंग 3.71 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.09 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 1130 अंक की भारी गिरावट के साथ 71,998.93 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,484.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 71,429.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,128.77 अंक के मुकाबले 2.23 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,500.76 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 385 अंक की गिरावट लेकर 21,647.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,851.50 अंक के उच्चतम जबकि 21,550.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,032.30 अंक की तुलना में 2.09 प्रतिशत उतरकर 21,571.95 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 24 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक ने सबसे अधिक 8.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही टाटा स्टील 4.08, कोटक बैंक 3.66, एक्सिस बैंक 3.18, आईसीआईआई बैंक 2.85, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.39, बजाज फ़िनसर्व 2.38, एसबीआई 1.67, एशियन पेंट 1.67, टाटा मोटर्स 1.63, इंडसइंड बैंक 1.59, बजाज फाइनेंस 1.55, मारुति 1.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.31, आईटीसी 1.12, सन फार्मा 1.09, अल्ट्रासिमको 0.97, भारती एयरटेल 0.93, रिलायंस 0.90, एनटीपीसी 0.71, विप्रो 0.56, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.17, टाइटन 0.14 और एलटी के शेयर भी 0.06 प्रतिशत टूट गए।

वहीं, एचसीएल टेक 1.34, टीसीएस 0.60, इंफोसिस 0.55, टेक महिंद्रा 0.54 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.08 प्रतिशत लाभ में रहे।

# लुफ्थांसा ने हैदराबाद से फ्रैंकफर्ट के लिए डायरेक्ट फ्लाइट की शुरू


**हैदराबाद,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएमआरएचआईएएल) ने लुफ्थांसा एयरलाइंस के साथ साझेदारी में बुधवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की। जीएमआरएचआईएएल ने कहा, यह हैदराबाद को दुनिया से जोड़ने और व्यापार, यात्रा और वाणिज्य के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को पांच साप्ताहिक उड़ानें होंगी। फ्लाइट एलएच753 हैदराबाद से 01:55 बजे प्रस्थान करेगी और 07:05 बजे फ्रैंकफर्ट पहुंचेगी। वापसी फ्लाइट एलएच752 फ्रैंकफर्ट से 10:55 बजे प्रस्थान करेगी और 23:55 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। हवाई अड्डा संचालक के अनुसार, हाल के वर्षों में, भारत से उत्तरी अमेरिका जाने वाले 40 प्रतिशत यात्रियों ने पारगमन केंद्र के रूप में यूरोपीय हवाई अड्डों को चुना। लुफ्थांसा की उड़ानों का सुविधाजनक समय इस प्रवृत्ति के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जो कुशल आगे के कनेक्शन की पेशकश करता है। जीएमआरएचआईएएल के सीईओ प्रदीप पणिक्कर ने कहा, 'इस कनेक्टिविटी से फ्रैंकफर्ट को ट्रांजिट प्वाइंट के रूप में या अवकाश यात्राओं के लिए आने वाले यात्रियों को लाभ होगा और फ्रैंकफर्ट के माध्यम से यूरोप, अमेरिका, कनाडा और दक्षिण अमेरिका में कई डेस्टिनेशन्स खुलेंगे। अपने यात्रियों को हैदराबाद शहर से ग्लोबल डेस्टिनेशन्स से जोड़ना हमारी प्राथमिकता रही है। यह उस दिशा में एक कदम है और हैदराबाद हवाई अड्डे के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।' लुफ्थांसा समूह के दक्षिण एशिया के वरिष्ठ निदेशक जॉर्ज एटियिल ने कहा, 'अपनी नई हैदराबाद-फ्रैंकफर्ट सर्विस के साथ अब हम भारतीय यात्रियों को यूरोप में हमारे केंद्रों के लिए 64 वीकली फ्लाइट्स और कॉन्टिनेंट के सबसे बड़े नेटवर्क के लिए कनेक्शन प्रदान करते हैं।' ξ

## मेडिकल डिवाइसों को किफायती बनाने के लिए सीमा शुल्क कम करने की अपील

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में विनिर्माण और प्रशिक्षण करने वाली अनुसंधान-आधारित मेडिकल टेक्नोलॉजी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमताई) ने सरकार से अगले वित्त वर्ष के आम बजट में मेडिकल डिवाइसों को किफायती बनाने के लिए इस पर सीमा शुल्क कम करने की अपील की है। एमताई ने आज यहां कहा कि सरकार आम बजट में मांगों की लंबित सूची का ध्यान देगी। भारत की मेडटेक इंडस्ट्री को नवोन्मेषी और विश्व के लिए पथ-प्रदर्शक बनाने के लिए सरकार वर्ष 2023 में नेशनल मेडिकल डिवाइस पॉलिसी (एनएमडीपी) और प्रमोशन ऑफ रिसर्च एंड इनोवेशन इन फार्मा मेडटेक सेक्टर (पीआरआईपी) जैसे कई नए सुधार लाई। नियमन भार को कम करने और वैश्विक रूप से समरूप नियमन बनाने के प्रयासों की इंडस्ट्री ने स्वागत भी किया, जो कि वर्ष 2023 की पहली तीन तिमाही के दौरान आयी एफडीआई से साफ पता चलता है। इसके बावजूद अभी भी कई अवरोध हैं जो सेक्टर को पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने से रोक रहे हैं। उदाहरण के लिए हेल्थकेयर अत्यंत महत्वपूर्ण सेक्टर होने के बावजूद इस पर लागू प्रशुल्क (टैरिफ) एवं सीमा शुल्क के दरें काफी ऊंची हैं और यह इस सेक्टर पर लगे मूल्यानुसार हेल्थ अधिभार के भार से पीड़ित है। एमताई के अध्यक्ष एवं वायगोन इंडिया के प्रबंध निदेशक पवन चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह देखकर प्रसन्नता होती है कि चीजों को किफायती बनाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। लेकिन, भारत में मेडिकल डिवाइसों पर लागू सीमा शुल्क और टैक्स बहुत अधिक है जो मरीजों की सामर्थ्य पर असर डालती है। इसलिए यह स्थिति ठीक उसके विपरीत है जो सरकार प्राप्त करना चाहती है।

# छह जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा, सरकार ने तय किया किराया

**अयोध्या,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेज सेवायें प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी



और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है। इस सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करानी होगी।

प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने राम भक्तों को हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। यह सुविधा भक्तों और पर्यटकों को ऑपरेटर मॉडल पर उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा राम भक्तों को राम मंदिर एरियल दर्शन भी कराए जाएंगे। इसके लिए रामभक्त सरयू तट स्थित टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हेलीपेड से उड़ान भर सकेंगे। इसके तहत श्रद्धालुओं को राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट समेत प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों की हवाई सैर भी करायी जाएगी।

इस हवाई सफर का अधिकतम समय 15 मिनट होगा। जबकि, प्रति श्रद्धालु किराया 3,539 रुपये तय किया गया है। इस सुविधा के जरिये एक हवाई सफर का लुत्फ 5 श्रद्धालु उठा सकेंगे। इसकी भार सीमा 400 किग्रा. है। वहीं, एक श्रद्धालु अधिकतम 5 किग्रा. सामान के साथ सफर कर सकेगा। इसके अलावा श्रद्धालु गोरखपुर से अयोध्या धाम के लिए हेलीकॉप्टर से उड़ान भर सकेंगे। यह दूरी 126 किमी. की होगी, जिसे 40 मिनट में पूरा किया जाएगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 11,327 रुपये तय किया गया है।

पर्यटन विभाग के निदेशक प्रखर मिश्रा ने बताया कि पहले चरण में राजधानी लखनऊ समेत 6 धार्मिक स्थलों से हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत की जा रही है। वहीं, आने वाले समय में मांग के अनुरुप सेवा का विस्तार किया जाएगा। श्रद्धालु वाराणसी के नमो घाट से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे। यह दूरी 160 किमी की होगी, जिसे 55 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रति श्रद्धालु किराया 14,159 रुपये तय किया गया है। इसी तरह श्रद्धालु लखनऊ के रमाबाई से हेलीकॉप्टर की सेवा का लाभ ले सकेंगे।

# खेल जगत

## अवनी टॉप-10 में बरकरार, वरुण ने फाइनल कट में जगह बनाई

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय गोल्फ सनसनी अवनी प्रशांत मेलबर्न में चल रहे प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे राउंड के बाद शीर्ष-10 में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रही। मेलबोर्न के यारा यारा गोल्फ क्लब में दूसरे दिन के खेल में अवनी का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा और दो-ओवर 75 के स्कोर के साथ वह संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पिछड़ गईं जबकि एक अन्य भारतीय महिला खिलाड़ी हीना कांग सात-ओवर 80 के निराशाजनक स्कोर के बाद कट से चूक गईं। भारतीय लड़कों में, वरुण मुथप्पा कीज़बोरो कोर्स में कुल मिलाकर पांच-ओवर 147 के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। उन्होंने दूसरे दिन एक-ओवर 73 का स्कोर किया । क्वीन सिरिकिट कप चैंपियन अवनी का दूसरे दिन का खेल उतार चढ़ाव भरा रहा। कुछ पार के बाद, उन्होंने तीसरे होल पर बर्डी लगाई।



# भारत के सामने जर्मनी को सेमीफाइनल में हरा ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की बेहद मुश्किल चुनौती

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 17 जनवरी (देशबन्धु)। संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, ललरेमसियामी और दीपिका ने खुद गोल करने, गोल के मौके बनाने के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी दिलाए और उदिता दुहान ने इन पर तीन को गोल में बदल कर भारत को न्यूजीलैंड और इटली पर जीत दिला कर पूल बी में दूसरा स्थान दिलाकर रांची में एफआईएच महिला ओलंपिक क्वॉलिफायर,रांची 2024 के सेमीफाइनल में स्थान दिलाया। अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया के अभ्यास के दौरान गाल में चोट के चलते बाहर होने के चलते पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार से आगाज के बाद भारत महिला टीम ने सही वक्त पर रंगत पाकर न्यूजीलैंड को 3-1 से और अंतिम पूल मैच में इटली पर 5-1 से जीत के साथ दर्शाया कि वह सही वक्त पर रंग में आ गई। एफआईएच रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की महिला के सामने अपने से एक पायदान उपर जर्मनी को बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में हरा कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की बेहद मुश्किल चुनौती है। भारत अपने पूल में बी में तीन मैचों में मात्र अमेरिका से मैच हारा और दो मैच जीते। भारत ने तीन मैचों में कुल आठ गोल किए तीन गोल खाए। वहीं जर्मनी ने तीन में से दो मैच जीते और जापान से अपना मैच एक एक गोल से ड्रॉ खेला। जर्मनी ने तीन मैचों में कुल 14 गोल किए और एकमात्र गोल जापान के खिलाफ खाया। भारत को जर्मनी पर जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। रांची ओलंपिक क्वालीफायर्स में शीर्ष टीमें ही ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

जर्मनी के खिलाफ अहम सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने कहा, %हम जर्मनी के खिलाफ कई बार खेल चुके हैं हमने उसके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। बतौर टीम हमें अपनी क्षमता पर विश्वास है। हमारे पास जर्मनी के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करने वाला खेल भी है। हमारा आक्रामक खेल खासा बढिया़ है। जर्मनी भी बढिया़ टीम है और उसके खिलाफ हमारी रक्षापंक्ति को तो एकदम चौकस रहना ही होगा उसके खिलाफ मिले किसी भी मौके को भुनाना होगा।

भारत की महिला हॉकी टीम की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने कहा, जर्मनी की टीम में कई बढिया़ खिलाड़ी है लेकिन हमारी टीम भी खासी बढिया़ और उसने दिखाया है कि वह दबाव में बढिया़ प्रदर्शन कर सकती है। हम ओलंपिक में स्थान पाने से बस एक मैच दूर हैं। हम जर्मनी के खिलाफ इस सेमीफाइनल को फाइनल की तरह लेंगे और अपना सब कुछ झोंक देंगे।'

भारत की महिला हॉकी टीम के लिए उत्साह की बात यह है कि उसने भुवनेश्वर में 2021-22 में जर्मनी से एफआईएच प्रो लीग में पिछले दोनों मैच एक एक से ड्रॉ खेले और जबकि उससे ओलंपिक में अपना मैच 0-2से हारने से पहले उसे टेस्ट सीरीज के मैच में 2-1 से हराया था। जापान ने जर्मनी को पूल ए में एक एक की बराबरी पर रोक कर दर्शाया कि उससे पार पाया जा सकता है। भारत सेमीफाइनल नहीं जीत पाता तो फिर उसके पास तीसरे स्थान का मैच जीत पेरिस ओलंपिक में स्थान पाने का एक और मौका जरुर होगा। अपने ही दर्शकों के समर्थन से भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी के खिलाफ एक इकाई के रूप बेहतरीन प्रदर्शन कर बृहस्पतिवार को जीत के साथ फाइनल में पहुंचने की पुरजोर कोशिश करेगी।



■ भारत को जर्मनी पर जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा

■ कप्तान सविता बोली, बतौर टीम हमें अपनी क्षमता पर विश्वास है

जर्मनी की ताकत मजबूत रक्षापंक्ति के साथ जवाबी हमले हैं। भारत को जीतना है तो उसे जर्मनी के जर्मनी के जवाबी हमलों को रोकने के साथ उसकी रक्षापंक्ति को अपनी कलाकारी से छकाना होगा। भारत की मध्य पंक्ति में आक्रामक सेंटर हाफ झारखंड की सलीमा टेटे के साथ हरियाणा नवनीत कौर, नेहा गोयल और निशा वारसी की चौकड़ी की भूमिका सबसे अहम होगी। नवनीत, नेहा और निशा को जर्मनी की सोंजा जिमरमैन, चार्लोट स्टीफनहर्स्ट व जेटी फुश्चज जैसी मौकों को भुना गोल करने में माहिर खिलाडि़यों को अपनी 25 गज की रेखा से बाहर ही रोकने के साथ चतुराई से गेंद साथी स्ट्राइकर संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, ललरेमसियामी और दीपिका के लिए आगे बढ़ाने होगी। भारत की रक्षा पंक्ति में मोनिका, उदिता दुहान, निकी प्रधान और इशिका चौधरी को पिछले दो मैचों की सी मजबूती जर्मनी के खिलाफ मैच में भी दिखानी होगी।

## जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को चार विकेट से हराया



**कोलंबो** 16 जनवरी (एजेंसियां)। क्रेग एर्विन के 70 रनों की अर्धशतकीय पारी और आखिरी ओवरों में ल्यूक जॉन्गवे के नाबाद 25 रनों की पारी की मदद से जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को दूसरे टी-20 मुकाबले में चार विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही जिम्बाब्वे ने श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे ने सधी हुई शुरुआत की। हालांकि उसने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज तिनाशे कामुनहुकांवे 12 रन का विकेट गवां दिया। क्रेग एर्विन ने जिम्बाब्वे के लिए छह चौकों और दो छक्को की मदद से 54 गेंदों में 70 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। ब्रायन बेनेट ने 25 रन बनाकर आउट हुये। रायन बर्ल 13 रन और कप्तान सिकंदर रजा आठ रन बनाकर आउट हुये। ल्यूक जॉन्गवे नाबाद 25 रन और क्लाइव मडांडे नाबाद 15 रन ने आखिरी ओवरों में विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 178 बनाकर अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिला दी। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्ष्णा और दुश्मांता चमीरा को दो-दो विकेट मिले। वानिंदु हसरंगा और दिलशान मदुशंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले चरिथ असलंका की 69रन और एंजलो मैथ्यूज के नाबाद 66 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टी-20 मुकाबले में आज जिम्बाब्वे को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र एक रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिये। पथुम निसंका पहले ओवर में एक रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कुसल परेरा दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर शून्य पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। कुसल मेंडिस भी चार बनाकर आउट हो गये। सदीरा समराविक्रमा 16 रन पर वेलिंग्टन की गेंद पर मडांडे ने लपका।

श्रीलंका ने पांच ओवर में 27 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद चरिथ असलंका और एंजलो मैथ्यूज की जोड़ी ने श्रीलंका की पारी को संभालते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। चरिथ असलंका ने पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 39 गेंदों में 69 रनों की पारी खेली। उन्हें जॉन्वे ने विलियम्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दसून शानका नौ रन बनाकर आउट हो गये। एंजलो मैथ्यूज ने छह चौके और दो छक्कों की मदद से 51 गेंदों में नाबाद 66 रन की पारी की बदौलत श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी और ल्यूक जॉन्गवे और दो-दो विकेट मिले। रिचर्ड एनगरावा और वेलिंग्टन मसाकाट्ज़ा ने एक-एक बल्लेबाजों को आउट किया।

# श्रीकांत शुरुआती दौर में ली चेउक यियू से हारे

**नई दिल्ली,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में हांगकांग के ली चेउक यियू से सीधे गेम में बुधवार को यहां केडी जाधव हॉल में 22-24, 13-21 से हारकर बाहर हो गए। यह श्रीकांत की चार मुकाबलों में ली से तीसरी हार हुई, जिससे उनके आमने-सामने की लड़ाई में हांगकांग के खिलाड़ी का दबदबा मजबूत हो गया।

पहले गेम में, श्रीकांत ने शुरू में कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया और हांगकांग के मजबूत ली के खिलाफ कड़ी लड़ाई में उलझते हुए शुरुआती 2 अंकों की बढ़त हासिल कर ली। उनकी तेज और रणनीतिक चालों ने उन्हें आगे बढ़ने में मदद की और मध्य-गेम ब्रेक के समय तक 11-7 की प्रभावशाली बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद, भारतीय ने अपनी पिछली गति की लहर पर सवार होकर अपनी बढ़त पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। हालाँकि, हांगकांग के खिलाड़ी ने कुशलतापूर्वक स्कोरबोर्ड घाटे को 15-14 तक सीमित कर दिया। इसके तुरंत बाद, उन्होंने 20-18 के महत्वपूर्ण गेम-पॉइंट अवसर तक पहुंचने से पहले एक अंक की मामूली बढ़त हासिल कर ली। जैसे-जैसे तीव्रता बढ़ती गई, गेम ने करवट ली और श्रीकांत ने कुशलता से दो गेम पॉइंट बचाए, जिससे स्कोर 20-ऑल हो गया। मैच की गति पेंडुलम की तरह घूम गई, जिसमें दोनों शटलरों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।



एक महत्वपूर्ण मोड़ पर जब स्कोर 22-ऑल पर गतिरोध में था, श्रीकांत का शॉट वाइड चला गया, जिससे ली को एक मूल्यवान गेम-पॉइंट मौका मिल गया। ली ने इस मौके को दोनों हाथों से भुनाया और 24-22 के स्कोर के साथ पहला गेम अपने नाम कर लिया। पक्ष बदलने के बाद, ली ने शुरुआती आदान-प्रदान में तेजी से 5-1 की बढ़त बना ली, जिसे उन्होंने ब्रेक के समय 11-2 की प्रभावशाली बढ़त तक बढ़ा दिया। मध्य-खेल के अंतराल के बाद, ली ने मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और 7 अंकों की पर्याप्त बढ़त हासिल की। श्रीकांत ने एक दुर्भाग्यपूर्ण वाइड शॉट से पहले लगातार चार अंक हासिल करते हुए एक संक्षिप्त बदलाव किया। स्कोर में अंतर को कम करने और रणनीतिक नेट प्ले के साथ चतुराई से अंक अर्जित करने के उनके अथक प्रयासों के बावजूद, श्रीकांत के लिए ली की गति को रोकना अपर्याप्त साबित हुआ। हांगकांग के खिलाड़ी ने अंततः गेम को 21-13 से अपने नाम कर लिया, और जीत हासिल कर दूसरे दौर में आगे बढ़ गए।

## वेस्टइंडीज पहले दिन में 188 रन पर ढ़ेर, ऑस्ट्रेलिया दो विकेट पर 59 रन

**एडिलेड** 17 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पहले दिन 188 रन पर ढ़ेर करने के बाद दो विकेट पर 59 रन बना लिये है। आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने संभलकर शुरुआत की है। लेकिन किर्क मैकेंजी 50 रन, आखिरी ओवरो में शमर जोसेफ के 36 रन के अलावा कोई भी बल्लबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे टिक कर नहीं खेल सका। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने 13 रन, ऐलेक ऐथनेज 13रन, केव होडोगे 12 रन, अल्ज़ारी जोसेफ 14 रन बनाकर आउट हुये। शमर जोसेफ ने इस मुश्किल घड़ी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद पर 36 रन की बेहतरीन पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। शेफर्ड ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने केमार रोच के साथ आखिरी विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। केमार रोच 17 रन बनाकर नाबाद रहे। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को 62.1 ओवर में 188 रन पर ढेर कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस और हेजलवुड ने 4-4 विकेट लिये। नेथन लायन और मिचेल स्टार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रलिया ने सधी हुई शुरुआत की। लेकिन नौवें ओवर की पहली गेंद पर टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण करने वाले जोसेफ ने स्मिथ 12रन को आउट कर दिया। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इसके बाद मार्नस लाबुशेन को 10 रन पवेलियन भेज दिया। आज दिन को खेल खत्म होने तक उस्मान ख्वाजा 30 रन और कैमरन ग्रीन छह रन बनाकर क्रीज पर थे और ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 59 रन बना लिये है।

## सार संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियन ओपन : मीरा एंड्रीवा ने ओन्स जाबेउर को हराया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के चौथे दिन रूस की 16 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दूसरे राउंड में बड़ा उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में हरा दिया। मेलबर्न पार्क में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही एंड्रीवा ने तीन बार की ग्रैंड स्लैम रनर-अप को महज 54 मिनट में 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा ले रहीं है। उन्होंने ग्रैंड स्लैम पिछले वर्ष पर्दापण किया था। उन्होंने पहली बार विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में मौजूद खिलाड़ी को हराया है। एंड्रीवा ने कहा, मैच से पहले मैं वास्तव में घबराई हुई थी। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में ओन्स से प्रेरित हूं, जिस तरह से वह खेलती है। डब्ल्यूटीए टूर पर खेलना शुरू करने से पहले मैं हमेशा उसके मैच देखती थी और अब मुझे उसके खिलाफ खेलने का मौका मिला। एंड्रीवा ने मैच जीतने के बाद कहा, मैच के बाद वह मेरे पास आईं, उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मैं बस इतना जानता हूं कि वह जैसी है वैसी ही है और वह कभी नहीं बदलती। मुझे उसके बारे में यही पसंद है।

### आईसीसी ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए रेडफर्न को किया तटस्थ महिला अंपायर नियुक्त

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गयी है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय श्रृंखला में आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गयी है। रेडफर्न ने अपनी नियुक्ति पर कहा, यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए निर्णायक क्षण है। मैं आईसीसी और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी और ऐसी ही और नियुक्तियों की उम्मीद करती हूं। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम महिला मैच अधिकारियों के मार्ग कार्यक्रम को लागू करने और अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों के लिए स्थानापन्न अवसरों में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तटस्थ नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों के बारे में अधिक जानकारी मिलेगी और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों को सीखने और विकास में मदद मिलेगी।

## अभ्यास सत्र में भारतीय खिलाड़ियों से मिले ऋषभ पंत



**बेंगलुरु,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच बुधवार को होने वाले तीसरे टी20 और अंतिम मैच की पूर्व संध्या पर ऋषभ पंत अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ियों से मिलने आए। काली रंग की टीशर्ट और शॉर्ट्स पहने पंत को मैदान पर पहले कोहली के साथ देखा गया। दोनों खिलाड़ी आपस में खूब हंसी-मज़ाक कर रहे थे। इसके बाद पंत, रिंकू सिंह और शिवम दुबे से भी मिले और फिर उन्होंने रोहित शर्मा के साथ लंबी बातचीत की।

पंत मैदान में एक बल्ला लेकर शेडो प्रैक्टिस भी कर रहे थे लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि वह अभी भी 100 फ़ीसदी फ़िट नहीं दिख रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वह थोड़ा लड़खड़ा कर चल रहे हैं। 26 वर्षीय पंत फ़िलहाल बेंगलुरु में बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में हैं और एक साल पहले हुई कार दुर्घटना के बाद रिहैब कर रहे हैं। उस दुर्घटना में उनके दाहिने घुटने की लिगामेंट में गंभीर चोट आई थी। इसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी। समय-समय पर पंत अपने प्रशिक्षण के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं। फ़िलहाल यह उम्मीद जताई गई है कि पंत आईपीएल 2024 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि पंत आईपीएल में एक बल्लेबाज़ के तौर पर वापसी करेंगे या फिर विकेटकीपर के तौर पर। आईपीएल ऑक्शन से पहले उन्हें दिल्ली कैपिटल्स के अभ्यास सत्र में देखा गया था। दुबई में आयोजित ऑक्शन में भी पंत ने हिस्सा लिया था।

# इंग्लैंड भारत में दो स्पिनरों के साथ भी शुरुआत कर सकता है : जेम्स एंडरसन

**अबू धाबी,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि मेहमान टीम 25 जनवरी को हैदराबाद में भारत के अपने पांच मैचों के टेस्ट दौरे में दो स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की शुरुआत भी कर सकती है।

इंग्लैंड ने आखिरी बार 2012/13 सीज़न में भारत में टेस्ट सीरीज़ जीती थी और आखिरी बार जब वे 2021 में यहां थे, तो चेन्नई में शुरुआती गेम जीतने के बाद मेहमान टीम 3-1 से सीरीज़ हार गई थी। इस दौरे के लिए इंग्लैंड के पास जैक लीच, रेहान अहमद, टॉम हार्टले और शोएब बशीर के रूप में चार सदस्यीय स्पिन-गेंदबाजी आक्रमण है। एंडरसन, ओली रॉबिन्सन और मार्क वुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के अलावा केवल लीच ने पहले भारत में टेस्ट खेला है।

हाल के दिनों में यह मेरी भूमिका रही है, वैसे भी एक वरिष्ठ व्यक्ति के रूप में उस सलाहकार की भूमिका में कदम रखना है। लोगों तक जानकारी पहुंचाना मेरा कर्तव्य है। हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने पहले भारत में गेंदबाजी नहीं की है, इसलिए यह उनके लिए एक अलग चुनौती होगी। हमें जहां भी संभव हो मदद करनी होगी। केवल चार सीमर जा रहे हैं इसलिए हम बड़ी मात्रा में सीम गेंदबाजी की उम्मीद नहीं करेंगे। यह बस थोड़ा अलग रोल है, हो सकता है कि आप उतने ओवर न फेंकें जो आप इंग्लैंड में करते हैं लेकिन वे फिर भी महत्वपूर्ण हैं। यह संभवत: आपके द्वारा फेंके जाने वाले स्पैल को अधिक महत्व देता है। ये वो चीजें हैं जो हम लोगों तक पहुंचाएंगे। एंडरसन ने द टेलीग्राफ से कहा, रिवर्स स्विंग एक बड़ी भूमिका निभाएगी। ऐसे मौके भी आ सकते हैं जब हम किसी सीमर से शुरुआत नहीं कराते। हम दो स्पिनरों के साथ शुरुआत कर सकते हैं। तब आपकी भूमिका काफी हद तक बदल जाती है, आप सेट बल्लेबाजों के साथ तीसरे या चौथे बदलाव पर आते हैं। यही भारत में खेलने की चुनौती है।



अनुभवी तेज गेंदबाज का भारत में टेस्ट में अच्छा रिकॉर्ड है, उन्होंने 29 की औसत से 39 विकेट लिए हैं, हालांकि पिछले साल जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज में गेंदबाजी करते हुए उनका समय यादगार नहीं रहा।

# फिन ऐलन के तूफानी शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 45 रनों से हराया

**डुनेडिन,** 17 जनवरी (एजेंसियां)। फिन ऐलन की रिकार्ड 137 रनों की तूफानी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 45 रनों से हरा दिया है। इसी जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान पर 3-0 से अजेय बढ़त ले ली है।

आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत ठीक नहीं रही और चौथे ओवर में उसने डेवन कॉन्वे सात रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिन एलन और टिम साइफर्ट के साथ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए दूसरी विकेट लिये 125 रन जोड़े। साइफर्ट 31 रन बनाकर आउट हुये। फिन एलन ने अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाते हुए 62 गेंदों 137 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स 18 और डैरिल मिचेल आठ रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 224 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने दो विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी, जमान खान,मोहम्मद नवाज और मोहम्मद वसीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

225 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी ठीक नहीं रह और चौथे ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 10 रन का विकेट खो दिया। हालांकि तीसरे नबंर पर खेले आये बाबर आजम ने आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 37 गेंदों 58 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 20 गेंदों में 24 रन, फखर जमान ने 19 रन, नवाज 28 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 रन पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 179 रन ही बना सकी।





न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में यह लगातार तीसरी हार है।

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच चौथा टी-20 मुकाबला 19 जनवरी और पांचवां और आखिरी मैच 21 जनवरी को होगा।

### फिन एलन ने 16 छक्कों के साथ विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने आज तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलेन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 16 छक्के लगाए थे। अब फिन एलेन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाए।